✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 190 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 7 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbiharime.com




सीएम नीतीश को संजय झा ने दिलाई जदयू की सदस्यता, एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य

# औरंगाबाद में लगेगा एक और थर्मल पावर प्लांट, बढ़ेगी बिजली उत्पादन क्षमता

**दो एनटीपीसी परियोजनाओं से 6,180 मेगावाट की क्षमता की ओर कदम | 800 मेगावाट की नई यूनिट पर 10 हजार करोड़ खर्च का अनुमान**

कमल किशोर

**औरंगाबाद।** ऊर्ज़ा क्षेत्र में तेजी से पहचान बना रहा औरंगाबाद अब एक और बड़े औद्योगिक निवेश का केंद्र बनने जा रहा है। भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) में 800 मेगावाट क्षमता की एक अतिरिक्त थर्मल यूनिट स्थापित किए जाने की संभावना मजबूत हो गई है। इस परियोजना पर बीआरबीसीएल (भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड) और एनटीपीसी प्रबंधन जल्द अंतिम निर्णय लेने की दिशा में गंभीरता से विचार कर रहे हैं। पहले इस परियोजना परिसर में सोलर पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव था लेकिन निर्धारित भूमि की सीमित उपलब्धता और तकनीकी परिस्थितियों को देखते हुए सोलर प्लांट की योजना पर सहमति नहीं बनी। इसके बाद थर्मल यूनिट विस्तार पर सहमति बनी है। नई यूनिट के स्थापित होने के बाद परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता एक हजार मेगावाट से बढ़कर 1800 मेगावाट हो जाएगी।



## लम्बे इंतजार के बाद पूरा हुआ सपना

नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की नींव 18 फरवरी 2004 को तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार के प्रयास से तत्कालीन केंद्रीय विद्युत मंत्री अनंत गंगाराम गीते और विद्युत राज्य मंत्री जयवंतीबेन मेहता द्वारा रखी गई थी। राजनीतिक कारणों से यह परियोजना 2009 तक विलंबित रही। बाद में मनमोहन सिंह सरकार के पहले कार्यकाल की समाप्ति से ठीक पहले इस परियोजना को कैबिनेट से मंजूरी मिली और निर्माण कार्य ने गति पकड़ी। परियोजना 2018.19 में पूरी तरह संचालित हो सकी। वर्तमान में चार इकाइयों से 250-250 मेगावाट, कुल 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन हो रहा है।

## नई यूनिट के लाभ और आवश्यकताएं

नई 800 मेगावाट यूनिट के निर्माण पर लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। परियोजना परिसर में पहले से उपलब्ध 1628 एकड़ भूमि के कारण जमीन अधिग्रहण जैसी बड़ी बाधा नहीं होगी जिससे निर्माण प्रक्रिया सुचारू रहने की उम्मीद है। नई यूनिट के लगने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध होगा, आसपास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में तेजी आएगी, राज्य एवं राष्ट्रीय ग्रिड में बिजली आपूर्ति और स्थिरता बढ़ेगी, औरंगाबाद की पहचान ऊर्ज़ा उत्पादन हब के रूप में और मजबूत होगी।

## 'बिजली राजधानी' बनने की ओर औरंगाबाद

एनटीपीसी और बीआरबीसीएल की यह संयुक्त परियोजना पहले से ही क्षेत्र की औद्योगिक पहचान को नई दिशा दे रही है। अब प्रस्तावित विस्तार के साथ औरंगाबाद को 'देश की ऊर्ज़ा राजधानी' के रूप में विकसित करने की दिशा और स्पष्ट होती दिख रही है। औरंगाबाद जिला अब तेजी से ऊर्ज़ा उत्पादन का राष्ट्रीय केंद्र बनता जा रहा है। जिले में संचालित दो प्रमुख एनटीपीसी बिजली परियोजनाओं के माध्यम से वर्तमान में 2,980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है जबकि 2,400 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है। इसके साथ ही 800 मेगावाट की प्रस्तावित नई परियोजना को शामिल कर भविष्य में कुल उत्पादन क्षमता 6,180 मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। पहली प्रमुख परियोजना नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना है, जिसे चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना की तीन इकाइयां, प्रत्येक 660 मेगावाट की क्षमता वाली से पहले ही वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर चुकी हैं। पहली इकाई 6 सितंबर 2019, दूसरी 23 जुलाई 2021 और तीसरी 6 मार्च 2022 को संचालन में आई। लगभग 3,200 एकड़ में फैली यह परियोजना सुपरक्रिटिकल तकनीक आधारित है जो पर्यावरणीय संरक्षण और ऊर्ज़ा दक्षता पर केंद्रित है। वर्तमान में यह संयंत्र बिहार को लगभग 1,680 मेगावाट बिजली उपलब्ध करा रहा है जबकि शेष बिजली अन्य राज्यों को जाती है। नबीनगर परियोजना के दूसरे चरण में 2,400 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता (3X800 मेगावाट) जोड़ने का कार्य तेजी से जारी है। यह चरण 1,400 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा है और इसके 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है। दूसरी सक्रिय परियोजना बीआरबीसीएल की है, जो भारतीय रेलवे और एनटीपीसी की संयुक्त इकाई के रूप में संचालित होती है। इस परियोजना में 250 मेगावाट की क्षमता वाली चार इकाइयां शामिल हैं। अंतिम चौथी इकाई 2021 में परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर वाणिज्यिक उत्पादन में आ चुकी है। इस परियोजना से बिहार को लगभग 25 मेगावाट बिजली मिलती है, जबकि अधिकांश आपूर्ति भारतीय रेलवे को की जाती है। इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद औरंगाबाद न केवल बिहार बल्कि देश के महत्वपूर्ण ऊर्ज़ा हब के रूप में स्थापित हो जाएगा। ऊर्ज़ा विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी वर्षों में यह जिला औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और राज्य की ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस प्रकार, औरंगाबाद की धरती पर ऊर्ज़ा क्षेत्र में चल रही संरचनात्मक प्रगति आने वाले समय में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में नई दिशा और नई पहचान देने जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में निकली 1907 पदों पर भर्ती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने वर्क इंस्पेक्टर, डेंटल हाइजीनिस्ट और हॉस्टल मैनेजर के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 5 जनवरी 2026 तक बीटीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीटीएससी इस भर्ती के तहत 1,907 रिक्तियों पर भर्ती करेगा। बिहार तकनीकी सेवा आयोग वर्क इंस्पेक्टर, डेंटल हाइजीनिस्ट और हॉस्टल मैनेजर पदों के लिए अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की है।

### जदयू के प्रखंड अध्यक्ष पर सरेआम फायरिंग

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज टोला में शनिवार की दोपहर में बाइक सवार अपराधियों ने जदयू के बिहिया प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा पर अंधाधुंध फायरिंग की और भाग गये। एक गोली पैंट को छेदती निकल गई जिससे पैर जल गया है। पुलिस ने इलाज कराया। इस घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गयी है। लोगों ने पीछा किया तो सभी अपराधी एक ही बाइक पर बैठ कर जगदीशपुर की ओर फरार हो गये।

### एक करोड़ सदस्य बनाएगा जदयू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू एक करोड़ सदस्य बनाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के प्रदेश कार्यालय में सदस्ता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह सहित कई वरीय नेताओं को सदस्यता दिलाई। इसके पहले श्री झा ने नीतीश कुमार को पार्टी की सदस्यता दिलाई। शनिवार को इस संबंध में जदयू प्रदेश कार्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत नीतीश कुमार ने सदस्यता का नवीनीकरण कर जदयू सदस्यता अभियान 2025-28 का औपचारिक शुभारंभ किया। पार्टी ने एक करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### 220 नवनिर्वाचित विधायकों को आवास आवंटित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को 220 नवनिर्वाचित विधायकों को आवास आवंटित कर दिया है। ये आवास विभिन्न ब्लॉक में विधायकों के क्षेत्र संख्या के अनुसार वीरचंद पटेल पथ में अवस्थित हैं। इससे संबंधित अधिसूचना आज जारी कर दी गयी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ये आवास पूरी तरह से सुसज्जित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि इस आवासीय परिसर में जो भी कार्य शेष रह गए हों उन्हें अतिशीघ्र पूरा कराएं।

**मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिये निर्देश**

# आर्थिक तरक्की और रोजगार के लिए बिहार का औद्योगीकरण जरूरी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प में उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने अगले पांच वर्ष में राज्य के औद्योगिक विकास हेतु तैयार की गयी कार्य योजना प्रस्तुत की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि किसी भी राज्य की तेज आर्थिक तरक्की और रोजगार पैदा करने के लिए वृहद पैमाने पर औद्योगीकरण का होना जरूरी है। बिहार सरकार ने इस दिशा में काफी काम किया है। औद्योगिक क्षेत्रों की संख्या जो वर्ष 2005 में 46 थी, वह बढ़कर अब वर्ष 2025 में 94 हो गयी है। औद्योगिक इकाईयों की संख्या वर्ष 2005 में 1674 थी, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 3500 हो गयी है। इसी प्रकार वर्ष 2005 में बिहार से औद्योगिक उत्पादों का निर्यात जो मात्र 25 करोड़ रूपये था, वह बढ़कर वर्ष 2025 में 17 हजार करोड़ रूपये हो गया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की संख्या 2005 के मुकाबले 72 हजार से बढ़कर 2025 में 35 लाख हो गयी है और बिहार के जीएसडीपी में उद्योगों का योगदान वर्ष 2005 के 5.4 प्रतिषत से बढ़कर वर्ष 2025 में 21 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। यह सरकार द्वारा बिहार के औद्योगिक विकास हेतु किये गये प्रयासों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिहार को भारत के शीर्ष पांच निवेश अनुकूल राज्यों में सम्मिलित करने हेतु उद्योग विभाग देश-दुनिया के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में निवेशक सम्मेलनों का आयोजन करेगा ताकि बड़े से बड़े उद्योगों को आकर्षित किया जा सके। हमलोगों ने अगले 5 वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत एस आफ डूइंग बिजनेश को बढ़ावा देना, आधुनिक फूड प्रोसेसिंग और लजिस्टिक्स सुविधाओं के साथ 5 नए मेगा फूड पार्क स्थापित करना, राज्य में 10 औद्योगिक पार्क एवं 100 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पार्कों को विकसित करना, उद्योग-प्रासंगिक कौशल एवं उद्यमिता में 7 लाख लोगों को प्रशिक्षित करना तथा सूक्ष्म, लघु एवं मयम उद्यम निदेशालय की स्थापना एवं सभी जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं (शेष पृष्ठ 11 पर)



# गृह मंत्री ने लॉन्च किया सिटीजन सर्विस पोर्टल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पुलिस ने आम लोगों को बेहतर और त्वरित सेवाएं देने के उद्देश्य से 'सिटीजन सर्विस पोर्टल' लॉन्च किया है। शनिवार को पुलिस मुख्यालय में गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने इसका उद्घाटन किया। गृह मंत्री ने कहा कि 'सरकार का लक्ष्य है कि पुलिस सेवाएं अब डिजिटल माध्यम से सीधे लोगों के घर तक पहुंचें जिससे नागरिकों को छोटी प्रक्रियाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि यह पोर्टल बिहार पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे नागरिकों के समय, ऊर्ज़ा और धन तीनों की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह डिजिटल व्यवस्था पुलिस को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाएगी। इस नए पोर्टल के जरिए नागरिक पुलिस सत्यापन, ई-शिकायत पंजीकरण, खोया-पाया की सूचना और अन्य कई सेवाओं का लाभ ऑनलाइन ले सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार शिकायत ऑनलाइन दर्ज होते ही संबंधित थाने को सूचित किया जाएगा। थाना स्तर पर प्रारंभिक जांच के बाद यदि मामला सही पाया जाता है,तो एफआईआर भी दर्ज की जा सकेगी। पोर्टल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि शिकायतकर्ता अपने आवेदन का स्टेटस वास्तविक समय में ट्रैक कर पाएगा। यह पोर्टल बिहार में पुलिसिंग को नई दिशा देगा और नागरिकों की भागीदारी व विश्वास को मजबूत करेगा। यह कदम न केवल तकनीकी बदलाव लाएगा बल्कि शासन में पारदर्शिता और सुगमता का भी नया अध्याय साबित होगा। समारोह में बिहार के डीजीपी विनय कुमार, एडीजी कुंदन कृष्णन और बिहार पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जानकारी दी कि भविष्य में इस पोर्टल में और भी सेवाएं जोड़ी जाएंगी ताकि अधिकतम सरकारी प्रक्रियाएं एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकें।



# पंचायत भवन में ही मिलेंगे राजस्व कर्मचारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लंबे समय बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अंचलाधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों को फिर यह निर्देश जारी किया है कि वे निर्धारित कार्यस्थल पर ही लोगों से मिलें। विभाग के सचिव जय सिंह ने शनिवार को सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिख कर कहा है कि वे इस व्यवस्था को लागू करें क्योंकि विभाग को मिली शिकायतों में यह पाया गया है कि कुछ राजस्व कर्मचारी निर्धारित स्थानों से इतर निजी स्थानों पर छद्म कार्यालय चलाकर काम कर रहे हैं। अंचल अधिकारियों के लैपटॉप और डोंगल का दुरुपयोग निजी दलालों के लिए करने तथा आवेदकों से अवैध वसूली की भी कुछ सूचनाएं मिली हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अपने स्तर पर सख्त मॉनिटरिंग करने तथा डीसीएलआर, एसडीओ और एडीएम को नियमित औचक निरीक्षण का निर्देश देने के लिए कहा है। पत्र में कहा गया है कि राजस्व कर्मचारियों की निर्धारित कार्यालय की सूची अंचल कार्यालयों एवं संबंधित पंचायत सरकार भवन में नाम नंबर के साथ प्रदर्शित किया जाएं। यह भी देखें कि सभी कर्मचारी वहीं से कार्य कर रहे हैं। एक से अधिक हलका प्रभार वाले कर्मचारियों के लिए रोस्टर तैयार किया जाए, ताकि वे प्रत्येक निर्धारित स्थल पर कार्यरत रहें। सचिव ने सभी अंचलाधिकारी से लिखित रिपोर्ट मांगी है कि किसी भी हलके (पंचायत) में समानांतर कार्यालय संचालित नहीं हो रहा है।

# अप्रैल 2026 से बिजली दर में बदलाव संभव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** अगले साल एक अप्रैल 2026 से बिहार के लोगों को महंगी बिजली मिल सकती है। बिजली कंपनी ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग को महंगी बिजली का अनुदानरहित प्रस्ताव सौंपा है। गरीब, ग्रामीण इलाके, घरेलू, गैर घरेलू से लेकर खेती और औद्योगिक सहित सभी श्रेणी में कंपनी ने मौजूदा बिजली दर में वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। अगर आयोग की मुहर लग गई तो लोगों को कम से कम 35 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली मिल सकती है। हालांकि आयोग की घोषणा के बाद सरकार अनुदान की घोषणा करती है, उसी दर पर लोगों को बिजली बिल देना होता है।

# बिहार में पेपर लीक रोकने के लिए बनेगी स्पेशल टीम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की विशेष टीम का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही पेपर लीक की घटनाओं में शामिल दोषियों की संपत्ति जब्त की जाएगी। उपमुख्यमंत्री (गृह) सम्राट चौधरी ने शनिवार को गृह और पुलिस मुख्यालय के वरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। सरदार पटेल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में गृह मंत्री ने अधिकारियों को कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की इमरजेंसी सेवा 112 का रिस्पांस टाइम और कम किया जाए। शिकायत मिलने के आठ से 10 मिनट के भीतर पुलिस टीम का घटनास्थल पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अभया ब्रिगेड के माध्यम से स्कूल-कालेजों के आसपास दोपहिया गश्ती दल की तैनाती बढ़ाने को कहा, ताकि छात्र और महिलाएं सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने वित्तीय धोखाधड़ी (बैंकिंग फ्राड) और धनशोधन (मनी लांड्रिंग) से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई करने तथा इनके अनुसंधान में केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया। सम्राट ने अवैध खनन में उपयोग होने वाले वाहनों को तत्काल जब्त करने को कहा। जब्ती के बाद संबंधित लोगों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करते हुए 15 दिनों के भीतर वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पूरा करने का टास्क दिया गया। पुलिस अफसरों को संगठित अपराध के खिलाफ 360 डिग्री कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा कारा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में भी उन्होंने कई निर्देश जारी किए। जेलों में भोजन की गुणवत्ता सुधारने, बाहरी सामग्री की अवैध आपूर्ति रोकने और सभी वार्डों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया गया। गृह मंत्री ने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए बिहार पुलिस को केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय बढ़ाने को कहा। इसके साथ ही अनुसंधान में तेजी लाने और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध के मामलों के उद्भेदन और सफलता को विभिन्न माध्यमों से व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास बढ़े। राज्य के सभी स्कूल-कालेजों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाने को भी कहा गया।





मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड़, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या निफ्टी 100 (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

*नियम व शर्तें लागू

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

# निरंतर नीतीश 2030 'विकास पुरुष' पर परिचर्चा सह लोकार्पण

## मुख्यमंत्री के दो दशकों में किए गए विकास कार्यों, सामाजिक सुधारों की दिशा में उठाए गए कदमों का दस्तावेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना पुस्तक मेला में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्षों के विकासात्मक कार्यों पर आधारित पुस्तक निरन्तर नीतीश 2030 'विकास पुरुष' का भव्य लोकार्पण सह परिचर्चा का आयोजन हुआ। इस दौरान पुस्तक का विमोचन पूर्व मंत्री एवं विधान पार्षद नीरज कुमार, डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुजीत झा, ब्रजमोहन सिंह, पुस्तक मेला संयोजक अमित झा, लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव तथा पैनग्राम प्रकाशन के सह निदेशक अचल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। लोकार्पण सह परिचर्चा समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दो दशकों में किए गए विकास कार्यों, सामाजिक सुधारों एवं सुशासन की दिशा में उठाए गए कदमों का दस्तावेज है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पाठकों, साहित्यप्रेमियों और विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों ने हिस्सा लिया। विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा यह पुस्तक नहीं बल्कि नीतीश कुमार और बिहार के विकास को एक सिक्के के दो पहलू के रूप में दर्शाता है। इस पुस्तक को हर जगह पढ़े जाने और समझने की जरूरत है। वहीं विधायक राहुल कुमार सिंह से परिचर्चा में कहा कि हमने नीतीश कुमार पर मुरली जी ने जो कार्य किया है वो अद्भुत है। बिहार के विकास में जो भूमिका नीतीश कुमार ने निभाई है वो अविस्मरणीय है। वरिष्ठ पत्रकार सुजीत झा ने कहा इस पुस्तक को मुरली जी जून में लिखना शुरू किया और सितंबर में पुस्तक आ गई और सरकार भी विकास के मुद्दे पर पूर्ण बहुमत से आ गई जबकि वरिष्ठ पत्रकार ब्रजमोहन सिंह ने कहा हमने बिहार को अपनी आंखों के सामने बदलते हुए देखा है। मेरे लिए इस पुस्तक लोकार्पण में शामिल होना गौरव की बात है। मुरली जी ने इस पुस्तक की रचना कर बिहार को पूरी तरह से प्रदर्शित कर दिया है। लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य बिहार में हुए व्यापक बदलावों को तथ्यपूर्ण ढंग से पाठकों के सामने रखना है। वहीं आयोजकों ने पुस्तक मेला में साहित्य, समाज और राजनीति से जुड़े सार्थक विमर्श में इस पुस्तक के शामिल होने को महत्वपूर्ण बताया। पटना पुस्तक मेला में इस लोकार्पण को लेकर पूरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में शिक्षक संतोष श्रीवास्तव, अमित सिंह, समीर श्रीवास्तव, अनवर जी, राजीव रंजन श्रीवास्तव, अक्षत झा सहित अन्य लोगों ने शिरकत किया।

# डॉ. भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद संजय कुमार झा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन-कीर्तन, बिहार गीत के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में बीमारियों की नि:शुल्क जांच आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क हड्डी एवं अन्य जांच शिविर का आयोजन आज रविवार 7 दिसम्बर को किया जाएगा। मौके पर मरीजों के हड्डी मजबूती जांच बीएमडी भी की जाएगी। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में हड्डी रोग के अतिरिक्त आंख एवं स्त्री रोग आदि की जांच भी की जाएगी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि शिविर में करीब चालीस किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर बचाव टीका का दूसरा डोज लगाया जाएगा। मौके पर फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी समाजसेवा के क्षेत्र में विगत कई वर्षों से सक्रिय है और स्वास्थ्य, जागरूकता व सामाजिक उत्थान से संबंधित अनेक परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।

# स्वयंसेवकों ने हेरिटेज वॉक में सक्रिय सहभागिता निभाई

## बी.डी. कॉलेज, पटना के इतिहास विभाग ने किया हेरिटेज वॉक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के इतिहास विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हेरिटेज वॉक (विरासत भ्रमण) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम गौरवांवित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पटना की प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों में ऐतिहासिक चेतना, सांस्कृतिक संवेदनशीलता तथा विरासत संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती हैं। हेरिटेज वॉक का शुभारंभ सप्तमूर्ति स्मारक से हुआ जहां विद्यार्थियों को सात अमर शहीदों के जीवन एवं बलिदान के साथ-साथ स्मारक की अवधारणा तथा उसके प्रतीकात्मक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात भ्रमण दल बिहार विधानसभा भवन पहुंचा जहां छात्रों को भवन के ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य विशेषताओं तथा स्वतंत्र भारत में वहां पारित कुछ महत्वपूर्ण विधानों की जानकारी प्रदान की गई। इसके बाद यात्रा दल पुराने सचिवालय पहुंचा जो बिहार के प्रशासनिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां इंडो-सरसेनिक स्थापत्य शैली, ब्लॉक टावर, घंटाघर तथा सचिवालय के ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। हेरिटेज वॉक का समापन राजभवन (वर्तमान लोक भवन) में हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उपनिवेशकाल से लेकर वर्तमान तक के राज्यपालों के योगदान, भवन की स्थापत्य भव्यता, शैलीगत विशेषताओं तथा इसके राजनीतिक एवं प्रशासनिक महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक विशाल विजय, इतिहास विभाग की डॉ. मनीता कुमारी एवं उपासना, दर्शनशास्त्र विभाग के वीरेंद्र मंडल, हिंदी विभाग के डॉ. रवि कुमार, प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग की डॉ. स्वर्णा कुमार, अंग्रेजी विभाग की डॉ. अन्ना कृष्णा, संस्कृत विभाग की डॉ. अंजलि कुमारी तथा एनसीसी समन्वयक राहुल कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। विरासत स्थलों से संबंधित ऐतिहासिक तथ्यों एवं सूचनाओं का प्रस्तुतीकरण इतिहास विभाग के आलोक कुमार द्वारा किया गया। प्रातःकाल सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी समय पर उपस्थित हुए तथा कार्यक्रम के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिया। एनएसएस एवं एनसीसी के बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने इस हेरिटेज वॉक में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# ब्याज दरों में कटौती से उपभोग और वृद्धि को प्रति-चक्रीय प्रोत्साहन मिलेगा : साक्षी गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा कि आरबीआई ने हमारी उम्मीदों के अनुरूप ब्याज दरों में कटौती की, विकास के लिए आसन्न जोखिमों को पहचाना और कम मुद्रास्फीति से उत्पन्न मौद्रिक गुंजाइश का उपयोग किया। हालांकि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 8 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई थी, लेकिन निर्यात पर बाहरी प्रतिकूलताओं का जोखिम अभी भी बना हुआ है। इसके अलावा त्यौहारी सीजन के दौरान खपत में स्थिरता देखा जाना बाकी है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए ब्याज दरों में कटौती से उपभोग और वृद्धि को प्रति-चक्रीय प्रोत्साहन मिलेगा।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने खाद्य मंत्री को सौंपा 17 सूत्री मांग पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा बिहार ने राज्य में धान अधिप्राप्ति व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि धान खरीद प्रक्रिया किसानों के हित में नहीं चल रही, बल्कि इसे पदाधिकारियों और मिलरों का चरागाह बना दिया गया है। मोर्चा ने साफ कहा है कि धान अधिप्राप्ति योजना को मिलर और अधिकारी नियंत्रित नहीं करेंगे और यदि व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1 और 15 नवंबर से धान खरीद की तिथि घोषित किए जाने के बावजूद अब तक जिलों का लक्ष्य निर्धारित नहीं हुआ है। मिलरों को एफ. आर. के. आपूर्ति नहीं हुई है तथा पैक्स और मिलरों के बीच संबद्धता प्रक्रिया भी पूरी नहीं हो सकी है। इसका परिणाम यह हुआ है कि छोटे और गरीब किसान धान बेचने के लिए भटक रहे हैं, लेकिन खरीद केंद्र सक्रिय न होने के कारण उन्हें औने-पौने दाम पर बिचौलियों के हाथ धान बेचना पड़ रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेताओं का कहना है कि जब तक पैक्सों का लक्ष्य निर्धारित नहीं होगा, तब तक उन्हें कोऑपरेटिव बैंक द्वारा सी. सी. की सुविधा नहीं मिलेगी क्योंकि नियम के तहत लक्ष्य का केवल 40 प्रतिशत राशि ही पैक्सों को उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिलों के अधिकारियों के पास इस अव्यवस्था पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं है और अधिकांश वर्षों की तरह फरवरी में केवल कागजी खरीदारी दिखाकर खानापूर्ति की जाएगी। मोर्चा का आरोप है कि बिहार में भारी बहुमत मिलने के बावजूद केंद्र सरकार ने धान अधिप्राप्ति लक्ष्य को पिछले वर्ष के 45 लाख टन से घटाकर 36.85 लाख टन कर दिया है जबकि इस वर्ष अच्छी वर्षा के कारण उत्पादन अधिक हुआ है। नेताओं ने आरोप लगाया कि नालंदा और रोहतास जैसे जिले, जहां धान का सर्वाधिक उत्पादन होता है, वहां भी व्यवस्था दम तोड़ चुकी है और ऊपर से नीचे तक मिलीभगत से योजना किसानों को लाभ पहुंचाने के बजाय भ्रष्टाचार और लूट का माध्यम बन गई है। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह और दिनेश कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में पहले भी खाद्य सचिव और सहकारिता सचिव को ज्ञापन दिया गया था। इसी क्रम में आज खाद्य मंत्री लेसी सिंह को 17 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए धान अधिप्राप्ति व्यवस्था में सुधार, किसानों को लाभ सुनिश्चित करने तथा दोषी अधिकारियों और मिलरों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

# डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र साधक सम्मान से 125 संस्कृत विद्वान एवं संस्कृतानुरागी होंगे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना एवं राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतम वद अभियान के अंतर्गत पटना स्थित राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में 7 दिसंबर (रविवार) को डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र जयंती के शुभावसर पर अंतर्जालीय शिविर के तृतीय दीक्षांत समारोह में 125 संस्कृत विद्वानों एवं संस्कृतानुरागियों को डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत साधक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी बिहार संजीवन समाज के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतम वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कर ओझा ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में बिहार संस्कृत संजीवन समाज के मुख्य परामर्शी विजय शंकर दुबे (पूर्व मुख्य सचिव बिहार एवं झारखंड), उद्घाटनकर्ता के रूप में डॉ अनिल कुमार सिंह सदस्य (प्रशासकीय) राज्य लोक सेवा न्यायाधिकरण उत्तरप्रदेश, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ मिथिलेश झा, प्रोफेसर रागनी वर्मा, प्रोफेसर मनोज कुमार, डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ मिथिलेश कुमार, प्रोफेसर रेखा रानी, प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह, प्रोफेसर लक्ष्मीनारायण, डॉ सुशील कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत साधक सम्मान प्राप्त करने वालों में उपरोक्त के अतिरिक्त पिंटू कुमार, डॉ लीना चौहान, सुजाता घोष, डॉ कमल किशोर (संपादक नवबिहार टाइम्स), श्रीराम अम्बस्ट (संपादक सोनवर्षा वाणी), हृदय नारायण झा, शशिकांत तिवारी, डॉ ज्योत्सना, डॉ एकता वर्मा आदि अनेक विद्वान हैं।

# महिला चरखा समिति में देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** महिला चरखा समिति द्वारा समिति के प्रथम अध्यक्ष एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर रविवार को समिति सभागार में एक समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अपराह्न 3 बजे पारंपरिक विधि-विधान एवं पुष्पांजलि के साथ शुरू हुआ। उपस्थित अतिथियों एवं समिति सदस्यों ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा दीप प्रज्वलित कर समारोह की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वक्ता प्रोफेसर मानवेन्द्र किशोर दास ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का व्यक्तित्व, नेतृत्व, चिंतन एवं जीवन मूल्य विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि डॉ. प्रसाद का जीवन देश की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि त्याग, सेवा, सादगी और राष्ट्र हित के प्रति समर्पण जैसी विशेषताएं आज भी प्रासंगिक हैं। समारोह की शुरुआत समिति की सदस्य सुजाता वर्मा द्वारा मंगला चरण की प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. तारा सिन्हा ने की जबकि स्वागत एवं मंच संचालन समिति की मंत्री डॉ. मृदुला प्रकाश ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष डॉ. मधुबाला वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पर आधारित प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को मेमेंटो, पुस्तक, प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, समिति के उपाध्यक्ष डॉ. डी. एन. सिन्हा, समिति के सदस्य अवधेश नारायण, प्रो. सुधा सिन्हा, कवितानाथ, रजनी सहित समिति परिवार के अन्य सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति परिवार द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति परिवार आज रविवार 7 दिसंबर को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे मां ब्लड सेंटर के प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम में दानापुर, फुलवारीशरीफ और पटना शहर के चुनिंदा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पटना शहर के करीब 34 से अधिक सक्रिय सामाजिक संस्थाओं द्वारा उनलोगों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य समाजहित में कार्य कर रही उन सभी शक्तियों को एक मंच पर सम्मान देना है जो वर्षों से मानवता, स्वास्थ्य, सहयोग और सेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। मां वैष्णो देवी सेवा समिति परिवार सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों से विनम्र आग्रह करता है कि वे कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर इस सेवा-भाव के प्रयास को सफल बनाएं। संस्था आपकी सहभागिता के लिए हृदय से आभारी रहेगी।

# भीमराव अंबेडकर की 70वीं पुण्यतिथि सदाकत आश्रम में मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में भारत के संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अंबेडकर की 70 वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्माण दिवस के रूप में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर राजेश राम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान के शिल्पकार ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक समानता, न्याय, शिक्षा और मानव गरिमा के सबसे बड़े हिमायती थे। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने और देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने हमें लोकतंत्र का वह आधार दिया है जिस पर आज भारत खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का प्रेरक उदाहरण है। बाबा साहेब ने भारत के संविधान में न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थान दिया, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उम्मीद की किरण जगाई। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से अपील की कि वे डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग–समानता, बंधुत्व और न्याय को अपनी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में सर्वोपरि रखें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, ब्रजेश प्रसाद मुनन, जमाल अहमद भल्लू, पूर्व विधायक अनिल कुमार, सौरभ सिन्हा, वैद्यनाथ शर्मा, अरविन्द लाल रजक, नदीम अख्तर अंसारी, चिन्मय कृति सिंह, अमरजीत कुमार, सुनील कुमार सुमन, विजय कुमार, अमित विक्रम के अलावे अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# कानून व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा नागरिक सेवा पोर्टल : कुंतल कृष्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स नागरिक सेवाओं के पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इसकी शुरुआत बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने पुलिस मुख्यालय में की। भाजपा के प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने इस पोर्टल के संबंध में कहा कि यह आधुनिक पोर्टल बिहार की कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है जहां हर नागरिक को तेज, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार की प्राथमिकता सुशासन की रही है और यही इस सरकार की पृष्ठभूमि भी रही है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के जरिए लोग अपनी शिकायतों को दर्ज कर सकेंगे। सरकार बनते ही एनडीए इस चुनाव में किए वादों को पूरा करने में जुट गई है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल जनता और पुलिस के बीच दूरी कम करेगा तथा पारदर्शिता बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक अब अपने मोबाइल से ही शिकायत दर्ज करा पाएंगे जिसके बाद पुलिस द्वारा उसकी जांच की जाएगी।

# एआइएफएफ एलीट यूथ लीग मैच की मेजबानी कर गौरवान्वित हुआ अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पटना में अपने होम ग्राउंड पर एआईएफएफ एलीट यूथ लीग का प्रमुख मैच सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस रोमांचक मुकाबले में अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी (बिहार) ने वाईएएफसी ओडिशा को 4-1 के शानदार अंतर से पराजित किया। टीम के लिए गोल करने वालों में मितलेश सोरेन ने 27वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद सुजल कुमार ने 44वें और 45वें मिनट में लगातार दो गोल करते हुए टीम की बढ़त मजबूत कर दी। मैच के अंतिम चरण में सिमंता बाउरी ने 90वें मिनट में एक और शानदार गोल कर अल्फा की जीत को पक्का कर दिया। इस मैच के साक्षी बने बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव इम्तियाज हुसैन जिन्होंने खिलाड़ियों और आयोजकों की प्रोफेशनल शैली तथा राज्य में युवा फुटबॉल के विकास के प्रति उनके समर्पण की सराहना की।

# अहसास कलाकृति के कलाकारों ने किया हास्य व्यंग्य नाटक द प्रपोजल का मंचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** क्रिएशन, पटना द्वारा आयोजित तीसरा जननायक नाट्य महोत्सव में अहसास कलाकृति, पटना द्वारा आंतोन चेखव लिखित एवं मृत्युंजय प्रसाद निर्देशित हास्य व्यंग्य नाटक द प्रपोजल की प्रस्तुति प्रेमचंद रंगशाला के बाहरी परिसर के मुक्ताकाश मंच पर की गई। नाटक में भाग लेने वाले कलाकारों में फन्ने खां (इवान लोमोव) का प्रिंस कुमार, लपर झंडूस (चुबुकोव) का हर्ष कुमार तथा गुलाबो (नताल्या) का आयशा कृति ने बखूबी निभाया। पार्श्व ध्वनि मयंक कुमार तथा सेट डिजाइन संतोष कुमार का था। नाटक को देख दर्शक लोटपोट होते रहे। इसमें दिखाया गया कि पति-पत्नी का रिश्ता जहां मधुर होता है वहीं इसमें खट्टापन भी होता है जिसमे प्रेम के साथ आपस में नोक झोंक लाजमी है। घबराया हुआ फन्ने खां, अपने पड़ोसी लपर झंडूस के घर गुलाबो से शादी का प्रस्ताव लेकर आता है, लेकिन लपर झंडूस को लगता है कि वह पैसे उधार मांगने आया है। फन्ने खां शादी का प्रस्ताव रखने की कोशिश करता है, लेकिन गुलाबो के साथ जमीन के एक छोटे से टुकड़े पर उनकी बहस शुरू हो जाती है। वे भूल जाते हैं कि वे शादी के प्रस्ताव के लिए आए थे और फन्ने खां को दोनों बाप बेटी मिलकर भगा देते हैं। उसके जाने के बाद गुलाबो को शादी के प्रस्ताव के बारे में पता चलने पर पछतावा होता है और वह फन्ने खां को वापस बुलाती है। लौटते ही उनके बीच अपने कुत्तों को लेकर एक और बड़ी बहस छिड़ जाती है और फन्ने खां बेहोश हो जाता है जब उसे होश आता है तो लपर झंडूस उन्हें तुरंत शादी करने के लिए मनाता है। वे सगाई कर लेते हैं, लेकिन जैसे ही खुशी मनाने की बात आती है, वे अपने कुत्तों की श्रेष्ठता पर फिर से बहस करने लगते हैं जिसे लपर झंडूस एक मजाकिया अंदाज में दोनों को खुशी-खुशी रहने का आशीर्वाद देता है।

# शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज में विज्ञान मेला का आयोजन

## मेला की थीम इनोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर आधारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज, सासाराम में शनिवार को विज्ञान मेला का भव्य आयोजन किया गया। मेले के अंतर्गत इनोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर थीम आधारित प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह थी। अतिथियों में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम आशुतोष रंजन, ओएसडी आशीष रंजन, एसडीसी ओम प्रकाश, विनय प्रताप, विनीता कुमारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पंकज कुमार, सीओ करहगर एवं कॉलेज के वरीय पदाधिकारी शामिल रहे। डीएम उदिता सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विज्ञान मानवता और विश्वास को मजबूत करता है। यह अंधविश्वास नहीं, उपाय और समाधान सिखाता है। सवाल पूछना ही विज्ञान की शुरुआत है छात्र हमेशा जिज्ञासु रहें। इंजीनियर समाज की उन्नति की रीढ़ हैं। आपको राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी है। आर्टिफिशल इंटेलीजेंस सही-गलत नहीं जानती, फैसला मनुष्य करता है इसलिए तकनीक के साथ भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नैतिकता आवश्यक है। विज्ञान तभी सार्थक है जब वह आम लोगों की जिंदगी आसान बनाए और समाज के कल्याण में उपयोग हो। युवा नवाचार को अपनी जिम्मेदारी समझें, तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वह आइडिया को प्रोडक्ट में बदलें, ताकि स्टार्टअप और रोजगार के नए अवसर पैदा हों। कार्यक्रम में कॉलेज एवं विभिन्न विद्यालयों की कुल 27 टीमों ने अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। अतिथियों ने मॉडलों का निरीक्षण किया और छात्रों की वैज्ञानिक क्षमता की सराहना की। मूल्यांकन में प्रो. शैलेश शौरभ, प्रो. खुशबू मिश्रा एवं प्रो. अरुण कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम समन्वय में प्रो. विनीता आनंद एवं डॉ. पारुल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रदर्शनी में प्रथम टीम राज उड़ानः सुमित कुमार एवं राज कुमार रहे जिन्हें सम्मानित किया गया। द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को भी प्रमाणपत्र, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव, मधुबनी में रोहतास जिला का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयनित किया गया। लगभग 400 छात्र-छात्राओं और सभी विभागों के शिक्षकों की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा। मंच संचालन पार्थ कौशिक, सुरुचि एवं अभिराज ने किया।

# डीएम ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदिता सिंह ने समाहरणालय गेट पर स्थापित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समरसता एवं समानता का जो मार्ग हमें दिखाया है, वह आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करता है। हमें उनके सिद्धांतों और विचारों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के कार्य और विचार हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि बाबा साहेब द्वारा परिकल्पित न्यायपूर्ण, समावेशी और समानतापूर्ण समाज निर्माण की दिशा में वे सदैव प्रयासरत रहेंगे तथा समाज के हर वर्ग तक विकास एवं शिक्षा के अवसर पहुंचाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

# लोडेड देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर से एक व्यक्ति को लोडेड देशी कट्टा के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया। एएसपी अतुलेश झा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आज सुबह गुप्त सूचना मिली कि सुभाषनगर में एक व्यक्ति हथियार लिए हुए है तथा कहीं घटना करने के फिराक में है। सूचना के आलोक में गुप्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष, गश्ती पदाधिकारी टुनटुन शुक्ला, पुअनि संजय विकाश त्रिपाठी, पुअनि चन्द्रहास कुमार व अन्य पुलिस कर्मी को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम के द्वारा आवश्यक कार्यवाही के लिए सुभाष नगर गली छह में घेराबंदी किया गया। घेराबंदी कर तलाशी लेने के क्रम में एक व्यक्ति मिथिलेश चौधरी उर्फ खोखा को एक देशी लोडेड पिस्टल व एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मिथिलेश दरिहट थाना क्षेत्र के बेरकप गांव का निवासी है। इसके आपराधिक इतिहास का पता किया जा रहा है। गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा बताये गये अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस पदाधिकारी संजय विकास त्रिपाठी, पूनम कुमारी, चंद्रहास कुमार, विश्वजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## गेहूं के बीज लेने के दौरान मारपीट, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बांक गांव में गेहूं के बीज लेने के दौरान मौजूद दो युवक से विवाद के बाद मारपीट हो गई जिसमें दो युवक घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को इलाज के लिए सीएचसी ले गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बांक निवासी लालदेव कुमार व एलताज हुसैन के बीच कहा-सुनी के बाद मारपीट करना शुरू कर दिया। दोनों युवकों के बीच मारपीट की घटना को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मारपीट कर रहे दोनों युवकों को शांत कराया व इलाज के लिए सीएचसी भेजा। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों युवकों ने एक दूसरे पर मारपीट करने को लेकर प्राथमिकी कराया है।

# डीएम की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि रोहतास जिलान्तर्गत अब तक कुल चयनित समितियों की संख्या 227 है जिसमें 221 समितियां क्रियाशील है। शेष अक्रियाशील समितियां को 24 घंटे के अंदर क्रियाशील कराने हेतु प्रखण्डों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 612 किसानों से 3978.96 एम.टी. धान की अधिप्राप्ति की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही लघु एवं सीमांत किसानों को क्रय में प्राथमिकता देना सुनिश्चित करेंगे। उनके द्वारा प्रखण्डों के वरीय नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी से इच्छुक किसानों की सूची प्राप्त कर दिसंबर माह में शत-प्रतिशत क्रय करवाना सुनिश्चित करेंगे, साथ ही इसके लिए साप्ताहिक लक्ष्य का निर्धारण करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम एवं प्रबंध निदेशक, दी सासाराम भभुआ सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., सासाराम को निदेश दिया गया कि किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करवाना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा प्रबंध निदेशक, दी सासाराम भभुआ सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., सासाराम को निर्देश दिया गया कि नौहट्टा प्रखण्ड अंतर्गत छोटे-छोटे किसानों का को-ऑपरेटिव बैंक में खाता खोलवाने के लिए मंगलवार 09.12.2025 को कैम्प का आयोजन करेंगे। संबंधित कैम्प में प्रखण्ड के वरीय नोडल पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उनके द्वारा सभी वरीय नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि दो दिनों में जिला सहकारिता पदाधिकारी को इच्छुक किसानों की सूची उपलब्ध करायेंगे। तत्पश्चात जिला सहकारिता पदाधिकारी पंचायतवार साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए दिसम्बर माह का लक्ष्य निर्धारित करेंगे। जिलाधिकारी, रोहतास द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को निदेश दिया गया कि राइस मिलों को भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करते हुए अधिक से अधिक समिति को सम्बद्ध किया जाय, ताकि सीएमआर की आपूर्ति यथाशीघ्र प्रारंभ किया जा सके।

## जदयू प्रवक्ता ने गिनाईं नीतीश कुमार की उपलब्धियां

# कड़ी मेहनत, निःस्वार्थ सेवा और जनता का आशीर्वाद ने यहां तक लाया : बैरिस्टर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू प्रवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोई यूं ही मुख्यमंत्री नहीं बन सकते, बल्कि आज जिस ऊंचाई पर वे खड़े हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने दिन-रात निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने दो दशक से अधिक अवधि पूरी कर ली है और उनकी उपलब्धियों की गूंज अब देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सुनाई दे रही है। इसी का परिणाम है कि उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन द्वारा सम्मानित किया गया जो बिहार की जनता के लिए गर्व का विषय है।

प्रवक्ता ने कहा कि यह सब अच्छे कर्मों का फल है और बिहार की जनता की दुआएं व आशीर्वाद नीतीश कुमार के साथ है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जिन्हें काम से मतलब नहीं है, वे सिर्फ आलोचना करने में लगे रहते हैं और सीएम की स्वास्थ्य स्थिति पर गलत व भ्रामक बातें फैलाते हैं–ऐसे लोगों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उच्च शिक्षा व अन्य महत्वपूर्ण विभागों में सुधार के लिए अलग मंत्रालय गठन की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। कोर्ट के निर्णय का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री सम्राट चौधरी को तत्परता के साथ पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रवक्ता के अनुसार एनडीए सरकार अपने सभी वादों को पूरा करने की दिशा में लगातार कार्यरत है और सभी जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री की अगुवाई में पूरी जिम्मेदारी के साथ जनता के बीच काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा चिंता मत कीजिए, एनडीए ने जो वादा किया है, वह एक-एक कर पूरा होगा। उन्होंने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जदयू को 85 सीटों पर जीत मिलना उन लोगों के लिए करारा जवाब है जो कहते थे कि पार्टी टूट जाएगी। उन्हें चाहिए कि वे अपनी स्थिति देखें और अनावश्यक चिंता व अफवाह फैलाने से बचें। अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री के स्वस्थ जीवन और निरंतर सफलता की कामना करते हुए कहा कि नीतीश कुमार इसी तरह बिहार का नाम दुनिया में रोशन करते रहें।

## पिकअप के धक्के से बाइक सवार युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** शनिवार को चैनपुर थाना क्षेत्र के असमन कोटी मजार औखरा गांव के पास शनिवार की सुबह बाइक और पिकअप की जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के बियूर निवासी अंगद मिश्रा का 45 वर्षीय पुत्र चंद्रकेश्वर मिश्रा के रूप में हुई। बताया गया कि चंद्रकेश्वर मिश्रा शनिवार को बाइक पर सवार होकर असम कोटी मजार चैनपुर जा रहा था। असम कोठी मजार के पास ही एक अनियंत्रित पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए चैनपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के उत्तर एवं दक्षिण बिहार प्रदेश की संयुक्त रूप से प्रदेश कार्य समिति, राष्ट्रीय कार्य समिति एवं राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में 3, सर्कुलर रोड, पटना में आहूत की गई। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, झारखण्ड, असम प्रदेश के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. प्रेम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बिहार प्रदेश कमिटी, राष्ट्रीय कमिटी एवं राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा के लोगों ने डॉ. प्रेम कुमार को 18वीं विधान सभा के अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संगठन की मजबूती के लिए ग्रामीण स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विस्तृत रूप से विचार-विर्मश किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने स्वच्छता, जल-जीवन-हरियाली एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिलावार जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में जिलों का भ्रमण कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की चल रही लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब-गुरबों एवं समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे लोगों को दिलाने का काम करेगी। वहीं स्वच्छता, जल-जीवन-हरियाली के लिए पेड़ लगाने एवं जैविक खेती के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। मंच का संचालन रणविजय रोशन चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित लोग शामिल हुए। राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश चन्द्रवंशी, संजय सिंह, नीलम सिंह चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार चन्द्रवंशी, रामनिवास चन्द्रवंशी, टुनटुन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष दक्षिण बिहार कृष्ण कुमार चन्द्रवंशी, उत्तर बिहार राजेश कुमार चन्द्रवंशी, सुनील कुमार, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ चन्द्रवंशी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर चन्द्रवंशी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, असम कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर कुमार चन्द्रवंशी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सिंह चन्द्रवंशी, पप्पू सिंह चन्द्रवंशी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवपूजन राम, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम सागर, राष्ट्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित कुमार मंगल, महामंत्री अमित चन्द्रवंशी इसके अलावे अतिपिछड़ा के प्रमुख नेता कुन्दन कानू, संजीव भगत, लक्ष्मी प्रजापति, रामू खरवार, उपेन्द्र ठाकुर, मनोज कुमार, लक्ष्मी प्रजापति, यू.पी. शर्मा, आनंदजी, रंजीत राज सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# बाबा साहब के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सामाजिक परिवर्तन के महानायक और भारतीय संविधान के निर्माता बोधिसत्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 69वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज यहां उनकी आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए कहा कि देश के निर्माण में उनका योगदान अद्वितीय और अविस्मरणीय है। संविधान बचाओ संघर्ष समिति के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भैयाराम भारती ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने भारत के लोकतंत्र को मजबूत आधार दिया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मतदान का अधिकार दिलाकर सामाजिक न्याय को साकार किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संघर्ष और विचारों से प्रेरणा लेकर संविधान की रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ के अनुमंडल अध्यक्ष शशांक शिवशेखर, शिक्षासेवी शशि कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, सनेही राम (शिक्षक), समाजसेवी पिन्टू राम, दुर्गेश कुमार, चंदन कुमार सहित दर्जनों समाजसेवी, बुद्धिजीवी और युवा शामिल हुए।

## श्रमिकों ने शहर में प्रशासन से अलाव जलाने की लगायी गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** दो दिनों से चल रहे पछुआ हवा से जिले का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक पहुंच गया है। आनेवाले दिनों में तापमान के और नीचे जाने का पूर्वानुमान है, ऐसे मौसम में जब लोग बंद कमरे में रजाई में गहरी नींद लेते रहते हैं। उस समय कुछ इंसान पेट की आग के खातिर खुली सड़क पर ठंड से ठिठुरते, कांपते काम की आस में टकटकी लगाये रहते हैं। हालांकि ये लोग उन राहगीरों या आगंतुकों के लिए एक बड़ा सहारा भी है जो किसी कारणवश रात होने के बावजूद घर नहीं पहुंच सके।

# अ.क.स ने नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता को लेकर की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले की सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान देने वाले सामाजिक संगठन अभिनव कला संगम की एक महत्वपूर्ण बैठक डिहरी नगर परिषद के पूर्व सभापति स्वर्गीय मनीष कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के सभागार में आहूत की गई संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया 1989 में स्थापित और 1991 में निबंधित हुई अभिनव कला संगम परिवार का 2025 में 34वां वर्षगांठ है और यह संस्था के लिए गौरवपूर्ण है वहीं 25 दिसंबर से होने वाले नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता को लेकर सदस्य एवं पदाधिकारी में कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रतिबद्ध है जिले में जगह-जगह कार्यक्रम के पोस्टर बैनर लगाएं जा रहे हैं वही कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र भी जिले के आला अधिकारियों एवं आमजन जीवन को ससम्मान आमंत्रित किया जा रहा है। 25 दिसंबर को समाज के हित में विभिन्न पहलुओं को दर्शाने के लिए और आम जनजीवन को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली जाएगी। 27 28 29 30 इन चार दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक आयोजन होगा। 30 दिसंबर को देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 35 टीमों के 400 कलाकारों के साथ है रंग यात्रा निकाली जाएगी जिसका मूल उद्देश्य होता है-जो भी नाट्य दल जिस राज्य की होती है वहां की उनके पारंपरिक पोशाक एवं वहां की संस्कृति को प्रस्तुत करते हैं। प्रधान सलाहकार मोहम्मद वारिस अली, प्रमोद कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह उर्फ मुनमुन सिंह, संजय सिंह, कीर्तन श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, शिवाजी सिंह, अरुण शर्मा, दिनेश प्रसाद सिंह, कलाम हाशमी, विजय चौरसिया, प्रेम प्रकाश उर्फ पी पी, शिव गुलाम, अजय सिन्हा, बंटी पटेल उर्फ राज पटेल, मनीष कुमार सिंह, आलोक सिंह, राहुल सिंह गहलोत, यश उपाध्याय, उमेश प्रसाद सिंह, संजय गुप्ता, अमित कुमार पटेल, शुभम सिंह, राहुल कुमार, भोला कुमार, पिंटू कुमार, सिंटू कुमार, राजेश चंद्रवंशी, आनंद कुमार सिंह सहित अन्य सदस्य सदस्य उपस्थित थे।

# विशेष अभियान चलाकर करें लंबित कांडों के अभियुक्तों की गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** समाहरणालय स्थित पुलिस कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ शनिवार को एसपी हरिमोहन शुक्ल ने क्राइम मीटिंग की। अपराध निवारण गोष्ठी के दौरान नवंबर महीने में प्रतिवेदित कांडों के कारण व अनुसंधान के प्रगति की समीक्षा की। एसपी ने इस माह भी अधिक से अधिक कांडों को प्रतिवेदित करने का निर्देश अफसरों को दिया है। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थानाध्यक्षों और पुलिस अफसरों को विशेष अभियान चलाकर लंबित कांडों के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। एसपी ने अनुसंधान में लंबित विशेष-अविशेष कांडों के लंबित व निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की और सभी थानेदारों को विगत माह के निष्पादित कांडों में शत प्रतिशत फाइनल केस डिस्पोजल और फाइनल फॉर्म सब्मिट करने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। एसपी ने इसके अलावा सभी थानाध्यक्षों को थाना अंतर्गत लंबित वारंट, इश्तेहार, कुर्की का मिलान अभियोजन शाखा से करते हुए तेजी से निष्पादन करने, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जनता दरबार, सूचना का अधिकार, मानवाधिकार, वरीय पदाधिकारी व अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निर्गत परिवाद पर की गयी कार्रवाई को भी अद्यतन स्थिति में रखने का निर्देश दिया। साथ ही सभी थानेदारों को थाने में संधारित सभी पंजी जैसे फरारी पंजी, लूट पंजी, डकैती पंजी, हाजत बही, गुंडा पंजी, एमओ इंडेक्स, अल्फाबेटिकल इंडेक्स, सीडी पार्ट-वन, सीडी पार्ट-टू और सीडी पार्ट-थ्री, अपराध पंजी आदि को अद्यतन स्थिति में रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही एसपी ने इआरएसएस डायल-112 के रिस्पॉन्स समय को सुधारने, डोसियर के सत्यापन व नये डोजियर खोलने, गृहभेदन व चोरी की रोकथाम के लिए रात्रि गश्ती व बीट वाइज गश्ती का रोड मैप तैयार करने, 300 दिनों से अधिक लंबित कांडों का निबटारा व महिला हेल्प डेस्क की स्थिति को बेहतर करने, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर के आदेश के आलोक में थानावार न्यूनतम एक चिहि्नत अपराधियों की सूची तैयार करने का निर्देश भी सभी थानेदारों को दिया।

# अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जे एल एन कालेज ने शील्ड पर जमाया कब्जा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जवाहर लाल नेहरू कॉलेज में शनिवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय बालक बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में स्थानीय जेएलएन कालेज ने एसवीपी कालेज भभुआ की टीम ने फाइनल में पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में जे एल एन कॉलेज ने भभुआ की एस वी पी कॉलेज की टीम को फाइनल मैच में 21/17 व 21/16 से पराजित किया। दो दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में आधे दर्जन महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के डीन व सासाराम शेरशाह कालेज के प्राचार्य डॉ महेंद्र पाण्डेय व प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ओझा ने विजेता जे एल एन कॉलेज की टीम को शील्ड व मेडल दिया। डॉ पाण्डेय ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते कहा कि विश्वविद्यालय खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने विजेता टीम को उज्वल भविष्य की कामना की। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज श्यामल खैरादेव की प्राचार्य प्रो अजरा प्रवीण ने उपविजेता टीम एस वी पी कॉलेज भभुआ के खिलाड़ियों को कप, प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी प्रो कन्हैया सिंह ने कहा कि विजेता टीम राज्य स्तर पर विश्वविद्यालय की आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होगी। मौके पर डॉ कमल नयन सिंह, डॉ फरीद अहमद, प्रो राजेंद्र राम, डॉ शशि शेखर विद्यार्थी, राधा रमन सिंह, प्रो. दिवाकर कुमार पाठक आदि मौजूद थे।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**परामर्शी नियुक्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति – 40/2025–26 (2nd Call)**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत सड़क, गार्डवाल, नाली, पटिया, शौचालय, टॉयलेट, Drainage Sewerage, पुल निर्माण, चौक–चौराहा सौंदर्यीकरण, पार्को का जिर्णोधार/निर्माण, जलापूर्ति योजना, भवन निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न तालाबों एवं अन्य योजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी एवं ख्यातिप्राप्त परामर्शी की 05 वर्ष तक नियुक्ति हेतु सूचना आमंत्रित की जाती है। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा, शैक्षनिक योग्यता आदि से संबंधित दस्तावेज मुहरबंद लिफाफे में संलग्न कर दिनांक 15.12.2025 के अप0 02:00 बजे तक आवेदन कर सकते है एवं उसी दिन दिनांक 15.12.2025 को अप0 03:00 बजे कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर मे अधोहस्ताक्षरी कक्ष में परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। कार्य की विवरणी निम्नवत् है –

| क्रमांक | डी0पी0आर0 कर राशि | परामर्शी शुल्क (डी0पी0आर0) | परामर्शी शुल्क (पी0एम0सी0) |
|---|---|---|---|
| 01 | 0 से 1 करोड़ तक | | |
| 02 | 1 से 5 करोड़ तक | | |
| 03 | 5 से 10 करोड़ तक | | |
| 04 | 10 करोड़ से अधिक | | |

नोट :– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा नगर परिषद्, बिश्रामपुर के Website https://udhd.jharkhand.gov.in/UL/Bishrampur/TendersNew.aspx पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 367899 District(25-26)#D

**एक नजर**

## चुनाव में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मियों को एसडीएम ने किया सम्मानित



**रजौली।** प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित कर्मियों को शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बीडीओ संजीव झा की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से संबंधित कार्यों के आयोजन एवं संपादन में रजौली प्रखंड के कई कर्मियों ने सराहनीय कार्य किया था, जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रखंड कार्यालय के प्रधान लिपिक राजीव कुमार, अंचल कार्यालय के लिपिक शिव शंकर कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर राज गौरव, उर्दू अनुवादक पवन कुमार, कार्यपालक सहायक नाजमी एवं कार्यालय परिचारी विधान कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद कर्मियों में उत्साहवर्धन हुआ है और वे काफी खुश दिखाई दिए।

## भाकपा माले नेता को दी गई श्रद्धांजलि

**नवादा।** पार्टी की भूमिगत समय से सामंतवाद विरोधी संघर्षों के अगुआई करने वाले भाकपा माले नेता कॉम शिवकुमार की श्रद्धांजलि जिला कार्यालय में दी गई। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कॉम भोला राम ने कहा सामंती सांप्रदायिक फासीवादी आरएसएस भाजपा राज्य में आज गरीबों पर उसके घरों को निशाना बनाया जा रहा है ,जिससे पूरा बिहार आज भय के माहौल में जीने को विवश है। गरीब विरोधी नीतीश भाजपा सरकार के खिलाफ चौतरफा आंदोलन छेड़ना होगा। कॉम शिवकुमार के अधूरे कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कमिटी सदस्य कॉम रमेश पासवान, अनुज प्रसाद, कॉम गजाधर मांझी, महावीर राम, पंच सरस्वती देवी, रजिया देवी, भगत मांझी प्रमुख रूप उपस्थित थे।

## इंटर विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा शुरू

**कौआकोल।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देश पर बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बी-बॉस) की प्रायोगिक परीक्षाएं शनिवार से प्रारंभ हो गयी। इसकी जानकारी देते हुए इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बिहार मुक्त विद्यालय शिक्षा एवं परीक्षा बोर्ड,पटना द्वारा संचालित माध्यमिक परीक्षा जून एवं दिसम्बर 2025 के तहत गृह विज्ञान एवं चित्रकला की प्रायोगिक परीक्षा शनिवार को शुरू हो गई है। परीक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में पहले दिन 535 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। मौके पर विद्यालय के शिक्षक पवन, चंदा, सुमन, मिश्रा, उदल आदि मौजूद रहे।

## बिजली चोरी के आरोप में सात पर प्राथमिकी

**कौआकोल।** विद्युत विभाग की टीम ने बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उनके ऊपर जुर्माना किया है। इसकी जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि रामपुर बलुआ एवं सलैया गांव में विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी कर बगैर वैध विद्युत कनेक्शन के घर में विद्युत ऊर्जा की चोरी करने के आरोप में रामपुर बलुआ गांव निवासी शंकर यादव,पिता-दासो यादव,विनोद यादव,पिता-देवनन्दन यादव,शम्भू यादव,पिता-दासो यादव एवं सलैया गांव निवासी राणा राजनन्दन सिंह,पिता-दुखी सिंह,योगेन्द्र प्रसाद,पिता-गांगू महतो,विशुन मिस्त्री,पिता-बाजो मिस्त्री तथा सुधीर कुमार शर्मा,पिता-दशरथ शर्मा के विरुद्ध जुर्माना करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## मनोज चंद्रवंशी ने विधानसभा अध्यक्ष को दी बधाई



**नवादा।** बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के सफल समापन पर नवादा के प्रख्यात समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रेम कुमार द्वारा संचालित यह पहला सत्र बेहद अनुशासित, संतुलित और गरिमापूर्ण रहा। समाजसेवी चंद्रवंशी ने बताया कि विधानसभा की कार्यवाही का संचालन जिस सहजता, धैर्य और पारदर्शिता के साथ किया गया, वह न केवल जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश देता है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं को और अधिक मजबूत भी करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी सत्रों में भी अध्यक्ष इसी प्रकार सौहार्दपूर्ण वातावरण में विधायी कार्यों का संचालन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और इसके सुचारू संचालन में अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। प्रेम कुमार ने अपने पहले ही सत्र में यह साबित कर दिया है कि वे इस दायित्व को सफलतापूर्वक निभाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## बाइक की चपेट में आने से वृद्ध महिला घायल

**कौआकोल।** कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ पर सरौनी मोड़ के पास शनिवार को एक बाइक की चपेट में आ जाने से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद 112 आपातकालीन वाहन सेवा के द्वारा उसे कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरौनी गांव निवासी ब्रहमदेव यादव की पत्नी बेदमिया देवी बकरी चरा रही थी, तभी एक बाइक सवार युवक उसे धक्का मारकर फरार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## स्नातक सेमेस्टर -111, सत्र 2024-28 परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**हिसुआ।** नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर 111 सत्र 2024-28 की परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त सम्पन्न हो गया है। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय द्वारा नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज का स्नातक सेमेस्टर 111 का परीक्षा केंद्र टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया था, परीक्षा के अंतिम दिन प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा तथा वितेक्षक डॉ. स्वर्गेश कुमार ने सभी परीक्षा रूम का निरीक्षण किया। स्नातक विज्ञान, कला, तथा वाणिज्य संकाय के 1507 छात्र/छात्राओं परीक्षा केंद्र बनाया गया था,स्नातक सेमेस्टर 111 का सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 29 नवंबर 2025 से 06 दिसंबर 2025 तक परीक्षा चला, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा कार्य में परीक्षा नियंत्रक अर्जुन कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से में सम्पन्न हुआ, परीक्षा कार्य में डॉ मिथिलेश पासवान, डॉ.सुनील कुमार दुबे, डॉ रजनीश देव,डॉ संजय कुमार चौहान, डॉ. अमरदीप मोहन अमहोरे,डॉ.परमानंद राम,डॉ.सुधा कुमारी, डॉ. दिव्या पांडे, डॉ अंजली कुमारी, डॉ शांडिल्य, डॉ.गरिमा वर्मा, डॉ मांडवी रानी, डॉ राकेश चौधरी, डॉ धनंजय कुमार,डॉ पप्पू कुमार, ड.पम्मी कुमारी, डॉ.उत्तम कुमार सहित सभी शिक्षक तथा कुछ कर्मचारी लगे हुए थे। प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने परीक्षा कार्य में शामिल सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को सफल एवं शांति पूर्ण परीक्षा में सहयोग हेतु धन्यवाद दिए।

**कृषि विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर डीएम ने की बैठक**

# तेल प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना में तेजी लाने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में कृषि विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं अन्य पहलूओं पर जिला कृषि पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। साथ ही पूर्व में दिये गए निर्देश के आलोक में भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी नालन्दा द्वारा अवगत कराया गया कि जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तेलहन योजनाओं के तहत तेल प्रोसेसिंग युनिट (परियोजना लागत का 33%, अधिकतम 9,90,000 रूपये प्रति इकाई) हेतु कुल 2 लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए डीबीटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल खोला जा चुका हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अविलंब इच्छुक एवं योग्य किसानों को चयनित करते हुए तेल प्रोसेसिंग यूनिट लगाना सुनिश्चित करें। इससे जिले में रोजगार सृजन एवं औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी के निदेशानुसार जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी यंत्र निर्माता के साथ बैठक आयोजित की गई एवं सभी निर्मातागण से विस्तृत चर्चा भी गई ताकि जिले में यंत्र निर्माण का एक औधोगिक हब किस प्रकार बनाया जा सकें। निर्मातागण ने इससे संबंधित आनेवाली महत्वपूर्ण बाधाओं से अवगत कराया जो निम्न है। जिसमे यंत्र कारखाने /उद्योग निर्माण हेतु जगह की कमी, बिजली की पूर्ण व्यवस्था, आवागमन हेतु सुलभ रोड निर्माण एवं यातायात व्यवस्था शामिल है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित सभी यंत्र निर्मातागण का बैठक 10 दिसंबर नालन्दा उद्यान महाविद्यालय के सभागार में आयोजित करना सुनिश्चित करें। साथ ही बैठक में महाप्रबंधक, उद्योग विभाग, जिला अग्रणी प्रबंधक, अंचलाधिकारी को भी भाग लेने हेतु निदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि खाद्य तेल-तेलहन योजना अन्तर्गत जिले में एक अच्छी एवोकाडो नर्सरी विकसित करना हैं। इस योजना के तहत जिसकी कुल लागत 20.00 (बीस) लाख रूपये है, जिस पर शत प्रतिशत अनुदान देय हैं। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभ हेतु जिले में एक अच्छे प्रगतिशिल एवं योग्य कृषक का चयन कर अग्रेतर कार्रवाई अविलंब करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि योजना के लाभ से अच्छादित कृषक आर्थिक रूप से सबल बन सके ।

# जिला पदाधिकारी ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा वीवीपैट की सुरक्षा एवं व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी ने इवीएम की सुरक्षा, रख-रखाव और उसकी निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेयरहाउस में सभी मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं मौजूद हों। जिला पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और इवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय), निशु मलिक, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सांसद ने मेघावी छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दिव्य ज्योति कल्याण संस्थान नालंदा के तत्वाधान में रहुई प्रखंड अंतर्गत बी. एन. पहाड़ी गांव में समारोह आयोजित किए गए जिसमें बाबा साहब के चित्र पर नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया और उनके बताएं मार्गो पर चलने का संकल्प लेते हुए नए भारत कानिर्माण में योगदान की चर्चा की। सांसद श्री कुमार ने बाबा साहब की जीवनी को लोगों को बीच में रखा एवं भारत के संविधान निर्माण में उनकी योगदान की चर्चा लोगों के बीच की। सांसद श्री कुमार ने बताया कि आज वही व्यक्ति धनवान है जिनके पास शिक्षा-ज्ञान है। सांसद श्री कुमार ने बताया कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की गाथा लिख रहे हैं जिससे दलित महादलित परिवार के लोग के बच्चे भी आज उच्चतर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं एवं अच्छे पद पर सुशोभित हो रहे हैं। दिव्य ज्योति संस्थान नालंदा के द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के



बीच साइकिल का भी वितरण सांसद कौशलेंद्र कुमार के हाथों किया गया। छात्रों के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम में सांसद ने बताया कि शहर में जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने वालों विद्यार्थियों के लिए यह काफी लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार के छात्र-छात्राओं के लिए काफी लाभकारी योजनाएं छात्रवृत्ति स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसे योजना चला रहे हैं जिससे पैसे के अभाव में कोई भी छात्र-छात्रा शिक्षा ग्रहण से वंचित न रह पाए। मुख्यमंत्री बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ते हुए बिहार में प्रत्येक जिले में महादलित आवासीय विद्यालय छात्रावास का निर्माण कर रहे हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बिहार सरकार के द्वारा निशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है।

# पासी समाज ने सामाजिक एकजुटता पर दिया बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के प्रसिद्ध सीतामढ़ी मेले में शुक्रवार को पासी समाज का एकदिवसीय सम्मेलन हुआ। जिसमें जिले भर के पासी समाज के लोगों ने भाग लिया और अपने समाज के उत्थान के लिए चर्चा की। यह मेला नवादा जिले का एक प्रमुख सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है, जो अगहन पूर्णिमा से शुरू होकर एक सप्ताह तक चलता है। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्षा निशा चौधरी ने पासी समाज के विकास की बातें की। उन्होंने कहा पासी समाज का इतिहास बहुत पुराना है, और यह समाज अपने संघर्ष, पराक्रम और सामाजिक योगदान के लिए जाना जाता है। पासी समाज के लोग शिक्षा, राजनीति और व्यवसाय में आगे बढ़ रहे हैं और अपने समाज के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। रजौली विधानसभा क्षेत्र




से राजद प्रत्याशी व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पिंकी भारती ने पासी समाज को एकजुट होकर समाज में शिक्षा, समानता, विकास, एकजुटता और जागरूकता की बात कही। इस मौके पर सीतामढ़ी मेले में पासी समाज के लोगों ने अपने मंदिरों में पूजा-अर्चना किया और सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। भाजपा नेता प्रो सुरेन्द्र चौधरी ने पासी धर्मशाला परिसर में पासी समाज के महापुरुषों और वीरांगना की प्रतिमा लगाने की बात कहे जिसमें उन्होंने आर्थिक सहयोग भी किया। समाजसेवी पड़कन चौधरी ने मेले परिसर में रहे समाज के लोगों से एकजुट होकर पासी भवन को बनवाने और विकास की बात कही। इस मौके पर शेरू चौधरी, के के चौधरी अधिवक्ता, गुड्डू चौधरी, राजेंद्र भारती, शंभू चौधरी, प्रिंस कुमार, राजेश कुमार शेरा, सुनील चौधरी, अनुज चौधरी पूर्व मुखिया, गोरेलाल चौधरी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। मंच का संचालन इंद्रदेव चौधरी ने किया।

# एसडीओ ने सीड प्रोसेसिंग प्लांट का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ ने शनिवार को विजवनपर स्थित बिहार राज्य बीज निगम के परिसर में संचालित सीड प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर कमी पाई गई। एसडीओ ने स्थल पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी लेने पर पाया कि पूरे परिसर में चारदीवारी का अभाव है, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। इस पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय स्तर पर चहारदीवारी निर्माण की निविदा प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और कार्य जल्द शुरू होना है।



एसडीओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि संवेदक से त्वरित समन्वय कर चारदीवारी निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए, ताकि परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सीड प्रोसेसिंग प्लांट कृषि व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, ऐसे में सुरक्षा ढांचा मजबूत होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक, बीज उत्पादन नालंदा एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बिहारशरीफ उपस्थित रहे।

# 31 मार्च तक बकाया होल्डिंग कर जमा करने का सुनहरा अवसर

**बकाया होल्डिंग टैक्स एकमुश्त जमा करने पर ब्याज व पेनाल्टी होगी माफ**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** नगर पंचायत के बकाया होल्डिंग टैक्स एकमुश्त जमा कर देने पर किसी तरह का कोई ब्याज और पेनाल्टी नहीं लगेगा। इसके लिए नगरवासियों को 31 मार्च 2026 से पहले पूर्व के बकायों का भुगतान करने का समय दिया गया है। इसको लेकर नगर पंचायत कार्यालय में शिविर भी लगाया गया है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा।इस शिविर में नगर के सभी कोटि आवासीय, वाणिज्यिक,औद्योगिक और केंद्र व राज्य सरकार की संपत्ति एंव संस्थागत संपत्तियों पर समान रूप से लागू होगा। प्रभारी इओ सह अंचलाधिकारी मो.




गुफरान मजहरी ने बताया कि बिहार सरकार नगर विकास एंव आवास विभाग ने अधिसूचना जारी की है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 और बिहार नगरपालिका संपत्ति कर नियमावली 2013 में निहित प्रावधानों के आलोक में सभी प्रकार के राजस्व संग्रहण में वृद्धि प्रोत्साहन को लेकर यह पहल की गयी है।प्रभारी ईओ ने करदाताओं से अपील किया है कि वे वन टाइम सेटल्मेंट का लाभ लें।साथ ही कहा कि नगर पंचायत कार्यालय में शिविर लगा हुआ है,जिसमें पहुंच करदाता अपने मामलों का निपटारा करवा सकते हैं। किसी करदाता का मामला न्यायालय या किसी फोरम में चल रहा है,तो उन्हें भी इस योजना का लाभ मिलेगा।लेकिन उन्हें मामला को वापस लेने का प्रमाण पत्र देना होगा साथ ही कहा कि जिनके आवासीय परिसर और भूमि के कर का निर्धारण नहीं हुआ है,उनके लिए भी जरूरी सुविधा और व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि करदाताओं को आगे आकर इसका लाभ लेना चाहिए।

**नगर में अधिकांश करदाताओं का होल्डिंग टैक्स है बकाया**

रजौली नगर पंचायत में बहुत से करदाताओं का होल्डिंग टैक्स बकाया है।वे टैक्स को कम होने और सूद की माफी आदि का इंतजार सालों से कर रहे थे। यह मामला कोर्ट तक गया था,लेकिन कोई कारगर फैसला नहीं आया।फिर भी लोग इंतजार में रहे लोगों के लिए यह सुनहरा मौका है। प्रभारी इओ ने बताया कि इंतजार से कोई फायदा नहीं होगा। इसलिए उन्होंने नगरवासियों से वन टाइम सेटलमेंट का लाभ लेने की अपील की है।

# विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) निरुपमा शंकर द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से आईसीडीएस की योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में रोह एवं वारसलीगंज प्रखंडों की अत्यंत कम उपलब्धि पर गंभीर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में तीन माह शेष हैं, किंतु लक्ष्य का 50 प्रतिशत भी प्राप्त नहीं हो सका है, जो अत्यंत चिंताजनक है। इस पर उन्होंने सभी सीडीपीओ को कैंप आयोजित कर योजना की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को सभी योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा




अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल उपलब्धता की खराब स्थिति पर भी जिला पदाधिकारी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन केंद्रों में चापाकल कार्यरत नहीं है, जहां नल-जल कनेक्शन सक्रिय नहीं है अथवा जहां दोनों ही सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, उन सभी केंद्रों की सूची तैयार कर आगामी शनिवार तक उपलब्ध कराई जाए, ताकि गर्मी से पूर्व समस्या का समाधान किया जा सके। पोषण ट्रैकर पर आंगनबाड़ी केंद्रों की कम ओपनिंग पर भी जिला पदाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र पोषण ट्रैकर पर खुलने चाहिए और केंद्र तभी 'ओपन' माना जाएगा जब उसे जियो-फेंस्ड एरिया से संचालित किया जाए।इसके साथ ही वर्तमान में पोषण ट्रैकर पर एफआरएस की स्थिति 75 प्रतिशत है, जिसे शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में उन्होंने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया कि डाक अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर सभी लाभुकों का ई-केवाइसी त्वरित रूप से पूर्ण कराया जाए, ताकि टीएचआर वितरण समय पर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। नवादा जिले में कुल 2670 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं, जिनमें से 1067 अपने भवनों में संचालित हैं। लगभग 326 केंद्र स्कूल एवं अन्य सरकारी भवनों में तथा लगभग 1300 केंद्र किराए के भवनों में संचालित हैं। अब तक 430 केंद्रों की भूमि चिन्हित की जा चुकी है, जिनमें से 60 केंद्रों पर आरआइडीएफ एवं 50 केंद्रों पर मनरेगा से भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 23 केंद्रों के लिए राशि उपलब्ध हो चुकी है और एलएइओ को आवश्यक निर्देश निर्गत किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी केंद्रों के लिए भवन उपलब्धता जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। इसके पश्चात सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए बाबा साहब अम्बेडकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय में शनिवार को बाबा साहब भारत रत्न डा.भीम राव अम्बेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा एवं तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। प्रखण्ड परिसर अवस्थित अम्बेडकर पार्क में अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी/गैरकर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित पुण्यतिथि समारोह में लोगों ने बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धा से याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली तथा बाबा साहेब द्वारा दिए गए समता, शिक्षा, स्वाभिमान और संवैधानिक अधिकारों के मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रहमदेव रविदास ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार एवं सीओ मनीष कुमार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार,एक चेतना और एक सतत प्रेरणा हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत नींव दी। कार्यक्रम में मौजूद जिला पार्षद व भाजपा नेता अजित यादव ने कहा कि यदि हम वास्तव में डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में भेदभाव, अन्याय और अंधकार को मिटाना होगा।

# एसडीओ ने किया मध्य विद्यालय राणा बिगहा का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ ने शनिवार को बिहार शरीफ प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय राणा बीघा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य तो संचालित पाया गया, लेकिन साफ–सफाई की व्यवस्था बेहद लचर मिली। एसडीओ ने पाया कि विद्यालय परिसर में अर्धनिर्मित शौचालय की टंकी खुली स्थिति में पड़ी है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। इस पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण तो हो चुका है, लेकिन उसे संचालित नहीं किया जा रहा है। इस लापरवाही पर एसडीओ ने प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बिहार शरीफ से स्पष्टीकरण की मांग की है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि कमियों को दूर करने की दिशा में शीघ्र पहल की जाएगी।

# सतर्कता व अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रजौली अनुमण्डल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में अनुमण्डल सभाकक्ष, रजौली में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अनुमण्डल स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी, समिति के सदस्य एवं आमंत्रित प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान वर्ष 1989 के एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम तथा संशोधित नियम 1995 एवं 2016 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी सदस्यों को दी



गई तथा उपबंधों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2025 के दौरान पीड़ितों व आश्रितों को प्रदान की गई मुआवजा राशि की समीक्षा की गई। रजौली अनुमण्डल अंतर्गत पेंशनधारियों की कुल संख्या 19 है तथा माह अक्टूबर 2025 तक सभी 19 पेंशनधारियों को पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही हत्या के मामलों में आश्रितों को उपलब्ध कराई जा रही पेंशन भुगतान व्यवस्था का भी मूल्यांकन किया गया और लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। अधिनियम एवं नियमों के उपबंधों तथा विभागीय संकल्प के आलोक में नौकरी प्रदान किए जाने से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। संकल्प निर्गत होने की तिथि से अब तक सात हत्या के मामले दर्ज हैं, जिनमें सभी सात मामलों में प्रथम किस्त का भुगतान किया जा चुका है। आरोप गठन की सूचना प्राप्त तीन मामलों में कार्रवाई जारी है। परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) के रूप में दो आश्रितों की नियुक्ति की गई है, जबकि एक मामला आश्रित के नाबालिग होने के कारण लंबित है। बैठक में अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति, उसके आश्रितों एवं साक्षियों को अन्वेषण एवं न्यायालयीय कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराए जाने वाले यात्रा भत्ता एवं दैनिक भरण-पोषण भत्ता की भी अद्यतन समीक्षा की गई।

# मगध विश्वविद्यालय में आर्ट ऑफ लिविंग का प्रेरणादायी सत्र, छात्रों में जागी नई ऊर्जा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय परिसर में 'लाइफ बाई डिजायन-द आर्ट ऑफ लिविंग' विषय पर आयोजित प्रेरक बौद्धिक सत्र ने छात्रों और शिक्षकों में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया। कार्यक्रम का आयोजन आईक्यूएसी और एनईपी सेल के संयुक्त तत्वावधान में द आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से किया गया। शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिससे पूरे वातावरण में शांति और ऊर्जा का अनुभव हुआ। मुख्य वक्ता विकास कुमार, जो द आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमाणित लाइफ कोच और फैकल्टी सदस्य हैं, ने जीवन प्रबंधन, माइंडफुलनेस, आत्म-जागरण और मानसिक संतुलन पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि




जीवन की वास्तविक यात्रा भीतर से शुरू होती है और अवसरों को पहचानकर संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिंदगी में मौके बार-बार नहीं मिलते, इसलिए हर अवसर को सजगता से अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार मंगलम, प्रो. एस. एन. पी. यादव (विज्ञान संकायाध्यक्ष), प्रो. सुनील सुमन (विभागाध्यक्ष, पीजी गणित विभाग), प्रो. मुकेश कुमार (आईक्यूएसी समन्वयक), तथा प्रो. मो. एहतेशाम खान (राजनीति शास्त्र विभाग) की उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने मन और बुद्धि के समन्वय पर विचार रखा। वक्ताओं ने कहा कि तनाव और मानसिक दबाव से भरे आधुनिक दौर में आर्ट ऑफ लिविंग जैसे कार्यक्रम युवाओं को संतुलित जीवन जीने की दिशा प्रदान करते हैं। सत्र में विभिन्न विभागों के शिक्षकों में डॉ. दिव्या, डॉ. वंदना, डॉ. पूनम, डॉ. शिल्पी बनर्जी, डॉ. श्रद्धा, डॉ. रेनू, डॉ. कुमार विशाल, डॉ. अमर किशोर और डॉ. पिंटू समंत मौजूद थे। इसके अतिरिक्त शोधार्थी दीपक कुमार, अर्चना, सलोनी, अनन्या सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। प्रतिभागी छात्रों ने कहा कि यह सत्र केवल भाषण नहीं, बल्कि स्वयं को समझने और जीवन का नया दृष्टिकोण देने वाला अनुभव था। कार्यक्रम का संचालन एनईपी समन्वयक डॉ. प्रियंका सिंह ने किया।

# जमालपुर रेल कारखाना विकास की राह पर, 140 करोड़ की परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूरी

## जमालपुर-भागलपुर-किऊल रेलवे खंड के विस्तार की योजना पर काम तेजी से जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** पूर्व रेलवे (हावड़ा) के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने शनिवार की सुबह जमालपुर रेलवे जंक्शन और रेल कारखाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईस्टर्न रेलवे, मालदा रेल मंडल और जमालपुर रेल कारखाना के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में मिलिंद देउसकर ने कहा कि जमालपुर रेल कारखाना का भविष्य मजबूत और उज्जवल है। रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत लगभग 140 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही इन परियोजनाओं पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा पहले जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई थी, अब वे सभी स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कर चुकी हैं और कार्यान्वयन की तैयारी अंतिम चरण में है। महाप्रबंधक ने कहा कि वे स्वयं जमालपुर इसलिए आए हैं ताकि इन परियोजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले वर्षों में जमालपुर रेल कारखाना में 1000 वैगन का पीरियॉडिक ओवरहालिंग (पी ओ एच) करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे उत्पादन क्षमता और तकनीकी दक्षता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होगी। रेल यात्रियों और क्षेत्रीय रेल नेटवर्क के विकास पर बोलते हुए मिलिंद देउसकर ने कहा कि जमालपुर-भागलपुर-किऊल रेलवे खंड के विस्तार की योजना पर काम तेजी से चल रहा है। रेल लाइन के विस्तार के बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों की संख्या दो गुनी होने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान जमालपुर जंक्शन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, पुल, ट्रैफिक व्यवस्था और संभावित विस्तार योजनाओं पर भी वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। स्थानीय नागरिकों और रेल कर्मचारियों में इस निरीक्षण और घोषणाओं के बाद उत्साह देखा जा रहा है क्योंकि लंबे समय बाद जमालपुर रेल कारखाना और रेलखंड के विकास को लेकर ठोस प्रगति के संकेत मिले हैं।

# कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की शिष्टाचार मुलाकात

## उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रो. शाही ने विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुसंधान संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपमुख्यमंत्री को प्रदान की। प्रो. शाही ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों, डिजिटल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की पहल, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए अपनाए जा रहे सुधारों तथा छात्र हितों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की।



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्वविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए राज्य सरकार की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और दोनों पक्षों ने उच्च शिक्षा के विकास के लिए निरंतर समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

# कोर्ट से निर्गत वारंट के आधार पर छह गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बांकेबाजार।** विशेष समकालीन अभियान के तहत बांकेबाजार पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से छह वारंटियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि कोर्ट से निर्गत वारंट के आधार पर थाना क्षेत्र के बांकेबाजार से प्रमोद खत्री उर्फ प्रमोद कुमार, डिगुरिया गांव से सचिन साव, विशुनपुर गांव से पिंकू जी, भलुहार गांव से संतोष कुमार, टंडवा गांव से सुरेंद्र प्रसाद एवं बेचू बिगहा गांव से शशि कुमार रंजन को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी लोग 2012 में सड़क जाम करने के मामले में आरोपित बनाये गये थे।

# अतिक्रमण मुहिम पर सवाल, नगर निगम पर भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गया जी शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई के बीच नगर निगम गया पर भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगना शुरू हो गया है। के पी रोड स्थित कई दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम की अतिक्रमण टीम बिना कारण दुकान के अंदर बैठकर कारोबार कर रहे व्यवसाइयों से फाइन वसूल रही है जबकि सड़क और नाली पर अतिक्रमण कर व्यापार करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। दुकानदारों का कहना है कि अतिक्रमण के नाम पर सिर्फ उन्हीं लोगों को निशाना बनाया जा रहा है जिनकी दुकानें विधिवत रजिस्ट्री, मोटेशन और नगर निगम की रसीद पर आधारित हैं जबकि फुटपाथ, नाली और सड़क के बीच ठेला और दुकान लगाकर कारोबार करने वालों पर प्रशासन की कोई सख्ती नहीं है। इस मामले पर दुकानदारों ने नगर आयुक्त से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बातचीत नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर निगम की कार्रवाई कुछ दिनों तक ही होती है और फिर स्थिति पहले जैसी हो जाती है। इसके अलावा के पी रोड के बीचोबीच बने डिवाइडर को लेकर भी नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि डिवाइडर के कारण सड़क बेहद संकरी हो गई है जिससे महिलाओं, स्कूली छात्राओं और बाहर से आने वाली महिलाओं को सड़क पार करने में काफी कठिनाई होती है। कई बार इस संबंध में नगर निगम को आवेदन भी दिया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गया मार्केट के दुकानदारों ने भी आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन नाली पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई से बच रहा है। निगम द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ा जा रहा है कि यह क्षेत्र प्राइवेट पार्ट में आता है जबकि दुकानदारों का कहना है कि जब उनके पास रजिस्ट्री, मोटेशन और नगर निगम की रसीद है तो क्षेत्र को प्राइवेट कैसे बताया जा सकता है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने सवाल उठाया है कि शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चयनात्मक क्यों चल रहा है और सही दुकानदारों पर फाइन कब बंद होगा। जनता का कहना है कि यदि अभियान ईमानदारी से चलाया जाए तो सड़कें चौड़ी, सुगम और सुरक्षित होंगी, लेकिन वर्तमान स्थिति व्यवस्था की कमजोरी और असमानता को उजागर करती है।

# कचौड़ी गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, आठ किसानों की मेहनत राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के कचौड़ी गांव में अचानक आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। खलियान में रखे गए आठ किसानों के सैकड़ों बोझा धान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। ग्रामीणों के अनुसार धान का बोझा खलियान में सुरक्षित तरीके से रखा गया था, लेकिन बिजली के तार में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के सभी धान के बोझों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना




दी। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक किसानों की सालभर की मेहनत जलकर राख हो चुकी थी। इस हादसे में सबसे ज्यादा नुकसान कैल यादव और रोहित यादव को बताया गया है। वहीं प्रवेश यादव, सत्येन्द्र मंडल, भट्टू मंडल, तुला यादव, ललिता देवी तथा श्याम देव यादव को भी भारी क्षति हुई है। पीड़ित किसानों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। अनुमंडल अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि समय रहते टीम पहुंच गई जिससे आग को आसपास के घरों तक फैलने से रोक लिया गया। उन्होंने लोगों से बिजली सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की।

# बंद घर से 15 लाख के गहने चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंधार पहाड़ी हनुमान नगर स्थित सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र कुमार के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मेन गेट का ताला काटकर कमरे में प्रवेश किया और अलमारी तोड़कर करीब 15 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। घटना की जानकारी मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की तहकीकात की और खोजी कुत्ते को भी बुलाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र कुमार उत्तर प्रदेश के चंदौली में अपनी ड्यूटी से छुट्टी लेकर पारिवारिक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे।

# सीएम का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल होना बिहार का सम्मान : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार का नाम 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में शामिल होना पूरे बिहार और यहां के 14 करोड़ लोगों का सम्मान है। वे 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने वाले बिहार ही नहीं बल्कि भारत के पहले राजनेता हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि लंदन की प्रतिष्ठित संस्था ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए इस बारे में पत्र भेज कर सूचना दी है। संस्था की यह पहल बिहार के साथ ही पूरे देश के लिए गौरव की बात है। स्वतंत्र भारत में 1947 से लेकर 2025 तक नीतीश कुमार देश के इकलौते ऐसे राजनेता हैं जिन्होंने दस बार



मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। यह लोकतंत्र की जननी बिहार की जनता का लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था की अद्वितीय उपलब्धि है। यह असाधारण उपलब्धि नीतीश कुमार की बेदाग छवि, अटूट सेवा भावना और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति बिहार की जनता के भरोसा को भी दर्शाती है। लगातार दस बार राज्य का नेतृत्व करना लोकतांत्रिक इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि है। यह न केवल एक उल्लेखनीय व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का क्षण भी है। श्री पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि सुशासन, न्याय के साथ विकास, समरस सामाजिक कल्याण और प्रशासनिक स्थिरता के प्रति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का निरंतर प्रयास आगे भी लाखों लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

# गुरुआ थानाध्यक्ष ने स्कूली छात्राओं को दी साइबर अपराध व नशा मुक्ति की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने शनिवार को प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी कन्या हाई स्कूल के परिसर में छात्राओं को साइबर अपराध, डायल 112 और नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध के प्रकार–डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सिस्टम को नुकसान पहुंचाना और पहचान की चोरी के बारे में समझाया और उससे बचाव के उपाय बताए। थानाध्यक्ष ने डायल 112 के महत्व



पर जोर देते हुए कहा कि आपात स्थिति में इसकी तुरंत सूचना दें। उन्होंने छात्राओं को बिहार को नशा मुक्त बनाने में पहल करने और शराब बनाने या बेचने की जानकारी पुलिस को देने की सलाह भी दी। मौके पर एसआई निधि कुमारी और हेडमास्टर पूनम कुमारी मौजूद थीं।

# खेत में खड़ी फसल काटकर ले जाने का आरोप, किसान ने थाना में दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड के अंगरा गांव के किसान विवेक कुमार सिंह ने खेत में खड़ी फसल को जबरन काटकर ले जाने का आरोप लगाते हुए आंती थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर की रात उनकी जोती गई भूमि पर लगी फसल को दौरमा गांव के नौ लोगों द्वारा जबरन काट लिया गया। इसमें नन्दलाल राम, देव कुमार राम, जनेसी राम, राम प्रवेश राम, सुरेन्द्र राम, शशि राम, राजेश राम, सकिंदर राम व नीरज राम का नाम शामिल बताए गए हैं। किसान ने कहा कि उक्त भूमि जिस पर वे वर्षों से खेती करते आए हैं। उनका कहना है कि ट्रैक्टर मालिक एवं अन्य लोगों की मिलीभगत से फसल काटी गई जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दरियापुर गांव में बाबा साहब का 70वां परिनिर्माण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** दरियापुर गांव में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70वां परिनिर्माण दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शेरघाटी प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख एवं अंबेडकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण नंदन कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. कृष्ण नंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को देश का संविधान लिखने का ऐतिहासिक अवसर मिला था। चाहे तो वे पक्षपात कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने निष्पक्ष और समानता पर आधारित संविधान देश को दिया। बाबा साहेब ने समाज को आईना दिखाने का काम किया और शोषित, वंचित व पिछड़े वर्ग को अधिकार दिलाने का संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का नारा–'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' आज भी उतना ही प्रासंगिक है। इन्हीं मूल मंत्रों को अपनाकर ही समाज और देश आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्रह्मदेव दास, राजकुमार दास, कुंदन रजक, चंदन कुमार, सूरज कुमार, गौरी शंकर, गणेशी दास, गोविंद दास, सोनू कुमार, आनंद कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज में बच्चों को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बांकेबाजार।** प्रखंड के सीआरसी रोशनगंज में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष अनु राजा ने छात्रों को साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा और बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मध्य विद्यालय रोशनगंज के प्रधानाध्यापक सह समन्वयक पवन कुमार प्रभाकर व संचालक संजय कुमार चौधरी ने किया। थानाध्यक्ष अनु राजा ने छात्रों को हौसला अफजाई करते हुए साइबर और अन्य अपराधों से संबंधित धाराओं पर प्रकाश डाला। पवन कुमार प्रभाकर ने इस तरह के आयोजनों से विज्ञान के प्रति छात्रों में जिज्ञासा बढ़ने पर जोर दिया जबकि संचालक संजय कुमार चौधरी ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विज्ञान शिक्षिका श्रुति श्रेया, अरविंद कुमार, दिलीप कुमार, अभिनंदन पासवान और पुष्पांजलि कुमारी ने योगदान दिया. प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया।

# हाथियों को रेल दुर्घटनाओं से बचाने के लिए रेलवे ने एआई आधारित प्रणाली लागू की

## 141 किलोमीटर में शुरुआत, 981 किलोमीटर के लिए प्रक्रिया जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने हाथियों को रेल दुर्घटनाओं से बचाने और ट्रैक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एआई आधारित घुसपैठ पहचान प्रणाली लागू की है। यह प्रणाली फिलहाल पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के 141 रूट किलोमीटर में लागू की गई है और इसे आगे बढ़ाने के लिए 981 रूट किलोमीटर के लिए निविदाएं जारी की गई हैं। यह प्रणाली रेल पटरियों के पास हाथियों की गतिविधि का पता लगाकर लोको पायलट, स्टेशन मास्टर और नियंत्रण कक्ष को तुरंत चेतावनी संदेश भेजती है, ताकि ट्रेन को समय रहते धीमा या रोका जा सके। इस तकनीक का उद्देश्य हाथियों के साथ होने वाली रेल टक्कर की घटनाओं को रोकना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया कि भारतीय रेल लगातार तकनीकी सुधार की दिशा में काम कर रही है और कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं परीक्षण चरण में हैं। इसके तहत संकेत प्रणाली के रखरखाव के लिए एआई आधारित पूर्वानुमान तकनीक का कुछ स्टेशनों पर परीक्षण किया जा रहा है। वहीं, ऑनलाइन निगरानी तंत्र और पहिया प्रभाव भार पहचान तकनीक जैसी उन्नत प्रणालियां भी चल रहे रखरखाव कार्यों में सहायक बन रही हैं। रेल मंत्रालय ने आधुनिक निरीक्षण तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते भी किए हैं। समर्पित माल गलियारा निगम के साथ मशीन दृष्टि आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू करने तथा दिल्ली मेट्रो रेल निगम के साथ स्वचालित पहिया प्रोफाइल माप प्रणाली लागू करने हेतु समझौता किया गया है। यह प्रणाली बिना किसी संपर्क के चलती ट्रेनों के पहियों की स्थिति का वास्तविक समय में आकलन करेगी। सरकार का कहना है कि इन तकनीकी प्रयासों से रेल सुरक्षा, संचालन क्षमता और रखरखाव की दक्षता बढ़ेगी और वन्यजीव संरक्षण के साथ भारतीय रेल को अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनाने में मदद मिलेगी।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार एवं मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक द्वारा सादे समारोह में मेसर्स जेन प्लस प्रा.लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति कुंदन कुमार जो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बयानी गयाजी में इएमटी के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी - पिंकी कुमारी पुत्री-कृति कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. कुंदन कुमार की मृत्यु 28-01-2025 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई.एस.आई.सी. द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 318 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (9540/) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 104940 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

संपादकीय

# रहस्योद्घाटन या शिगूफा?

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में बाबरी मस्जिद को लेकर जो विवादास्पद बयान दिया है, उससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या वह वाकई किसी तथ्य पर आधारित है, झूठा इतिहास गढ़ने की कोशिश है अथवा केवल कांग्रेस को उलझन में डालने वाली बयानबाजी है? गुजरात के वडोदरा में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'यूनिटी मार्च' के दौरान अपने भाषण में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू बाबरी मस्जिद निर्माण के लिए सार्वजनिक धन (टैक्सपेयर्स का पैसा) लेना चाहते थे, लेकिन सरदार पटेल ने इसका कड़ा विरोध कर इसे रोका। सिंह ने पटेल को 'सच्चा धर्मनिरपेक्ष' बताते हुए कहा कि वे तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ थे। राजनाथ के इस दावे को लोगों ने खारिज कर दिया है। राजनाथ ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का उदाहरण देते हुए बताया कि पटेल ने इसे सार्वजनिक दान से ही कराया, जिसमें 30 लाख रुपये जुटाए गए, लेकिन कोई सरकारी धन नहीं लगा। इसी तरह, अयोध्या में मौजूदा राम मंदिर का निर्माण भी पूरी तरह जनता के योगदान से हो रहा है। सिंह ने नेहरू पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतें पटेल की विरासत को मिटाने की कोशिश करती हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे पुनर्स्थापित किया। राजनाथ के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया होनी ही थी। क्योंकि अब तक ज्ञात इतिहास के अनुसार बाबरी मस्जिद का निर्माण 1528 में मुगल सम्राट बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा कराया गया था। यह मस्जिद पहले से मौजूद थी और नेहरू के कार्यकाल (1947-1964) में इसके 'नए निर्माण' का कोई प्रस्ताव या प्रमाण नहीं मिलता। हकीकत में, नेहरू सरकारी धन के धार्मिक स्थलों में इस्तेमाल के सख्त खिलाफ थे। भाजपा में राजनाथसिंह को एक गंभीर नेता माना जाता है और जब वो ऐसी बात कहते हैं तो मामला संगीन हो जाता है। रक्षा मंत्री के बयान पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि राजनाथ सिंह ऐसा कह रहे हैं, हो सकता है कि वह अपनी पार्टी से प्रभावित हो गए हों, या उन्हें ऐसी बातें कहने के लिए मजबूर किया जा रहा हो। नेहरू ने उन्हें (सरदार वल्लभभाई पटेल) उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बनाया था। इतिहासकारों का भी कहना है कि राजनाथ का यह दावा निराधार है। इसे केवल राजनीतिक संदर्भ में प्रचारित किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने राजनाथ से इस बात का सबूत मांगा है। उल्लेखनीय है कि बाबरी मस्जिद विवाद की पृष्ठभूमि में 1934 का एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, जब भीड़ ने मस्जिद पर हमला कर क्षतिग्रस्त किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत को टेलीग्राम भेजकर अयोध्या में हो रहे दंगों पर चिंता जताई और शांति बनाए रखने का निर्देश दिया। 1949 में मस्जिद के अंदर मूर्तियां रखी गईं, जिससे विवाद बढ़ा, लेकिन नेहरू सरकार ने इसे धार्मिक सद्भाव के लिए संभाला। मस्जिद का विध्वंस 1992 में हुआ, जो सुप्रीम कोर्ट के 2019 के फैसले से राम मंदिर निर्माण का आधार बना। इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पत्रकारवार्ता में कहा कि राजनाथ के बयान का स्रोत 'इनसाइड स्टोरी ऑफ सरदार पटेल, डायरी ऑफ मणिबेन पटेल' नाम की किताब है। इसके 24 वें पेज पर लिखा है, 'नेहरू ने भी बाबरी मस्जिद का सवाल उठाया था, लेकिन सरदार पटेल ने स्पष्ट कर दिया था कि सरकार मस्जिद बनवाने पर कोई पैसा खर्च नहीं कर सकती।' हालांकि यह पुस्तक कितनी प्रामाणिक है, यह स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता राजनाथ के बयान पर नया सियासी बवाल जरूर खड़ा हो गया है।

# संकुचित बयान के बाद संकट में सौहार्द्र

**उनके संवादों में संतुलन और सहिष्णुता की झलक साफ दिखाई देती थी। वे जनता और पार्टी के बीच संतुलित आदान-प्रदान पर भरोसा रखते थे, जिससे उनकी छवि एक अनुभवी और दूरदर्शी नेता के रूप में स्थापित हुई। इसके विपरीत, अखिलेश यादव के राजनीतिक व्यक्तित्व में आजकल तीव्रता और तेजी ज्यादा नजर आती है। वे सार्वजनिक मंचों पर और मीडिया के सामने अक्सर तीखे भाषण देते हैं, जो विवादित व्यवहार का रूप ले लेते हैं। उनका संवाद शैली अब ज्यादा आक्रामक हो गई है, जिसका उद्देश्य शायद अपनी पार्टी की धारणा को तेज और सक्रिय बनाए रखना है। लेकिन कई बार इसकी वजह से वे अपनी राजनीतिक प्रसार रणनीति में उलझन में दिखते हैं और आलोचना का सामना करते हैं।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**




यूनेस्को में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा लगायी गयी इस पर गर्व पूरे भारत को है। पूरा भारत यानि भारत के ब्राह्मण सहित पूरे देश को इस पर गर्व है कि विश्व की प्रतिष्ठित संस्था यूनेस्को ने संविधान दिवस जब अपने 76वें पड़ाव पर था तो देश के गौरव डॉ. अंबेडकर, जिन्होंने संविधान बनाने में अपना विशिष्ट योगदान दिया, उनके सम्मान में यह प्रतिमा अपने परिसर में प्रतिष्ठित की। लेकिन डॉ. अंबेडकर को मानने वाले मध्य प्रदेश में विवादास्पद बयान दे रहे हैं यह शर्मनाक है। यह समावेशी चेतना के विकास में बाधा है और कहें कि महिलाओं ख़ास कर ब्राह्मण वर्ग की महिलाओं का अपमान है तो कोई इसमें शक नहीं है।

आईएएस संतोष वर्मा ने अजा-अजजा कर्मचारी संगठन अजाक्स के अधिवेशन में कहा था कि जब तक किसी ब्राह्मण की बेटी उनके बेटे को दान नहीं मिल जाती और उससे रोटी-बेटी का संबंध नहीं बन जाता, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। ऐसा देखा गया है कि देश में ब्राहमण वर्ग की महिलाओं, लड़कियों और बच्चियों को अब टार्गेट किया जाने लगा है। संविधान से घोषित की गयी अनुसूचित जाति समूह की जातियां ब्राह्मण, क्षत्रिय और सवर्ण समाज की बेटियों को टारगेट बनाते हैं और उनके साथ यौन संबंध बनाना चाहते हैं। इसमें सबसे ज्यादा निशाने पर ब्राहमण समाज की ही लड़कियां होती हैं। यह ब्राह्मणों को नीचा दिखाने की पूरी देश में एक तरह की साजिश है। संतोष वर्मा अपने बयान को बहुत ही चालाकी के साथ अब यह कह रहे हैं कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। वह माफ़ी भी मांग रहे हैं कि यदि मेरे वचन से किसी को कष्ट पहुंचा हो या कोई आहत हुआ है तो हमें खेद है। हम ब्राह्मण समाज से माफ़ी मांगते हैं। सच यह है कि संतोष वर्मा एक शातिर आईएएस ऑफिसर हैं जिनके ऊपर इंदौर समेत कई जगह यौन उत्पीड़न के मुकदमे हुए हैं। वह अपनी नौकरानी के साथ भी मुकदमें झेल चुके हैं। छह महीने की जेल की सजा भी काट चुके हैं। उन्होंने जो भी शब्द, वाक्य व भावना व्यक्त किये थे वह वास्तव में असंवैधानिक, अमर्यादित और प्रतिकार भरी थी। यह उनका मानसिक दिवालियापन है जिसमें वह कुछ ऐसा बोल जाते हैं, जिसे बार-बार दुहराने में भी शर्म आती है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सम्पूर्ण जीवन सामजिक समानता की लड़ाई लड़ी। वह वैश्विक स्तर पर भारतीय समाज और संस्कृति में व्याप्त विकृतियों को उठाते रहे और एक ऐसे नागरिक समाज की स्थापना की कोशिश करते रहे जिसमें सबकी गरिमा सुरक्षित हो और सबको न्याय मिल सके। उन्होंने कभी भी असभ्य शब्द प्रयोग नहीं किया। उन्होंने कभी भी अमर्यादित बयान नहीं व्यक्त किया। उन्होंने भारतीय शास्त्रों को खूब पढ़ाई की और जो भी तर्कसंगत था उसे व्यक्त किया। सामाजिक न्याय की लड़ाई में डॉ. अंबेडकर फुले जो कि उनके गुरु थे, उनसे भी आगे निकल जाते हैं तो इसके पीछे डॉ. अंबेडकर की अपनी चिन्तन की ताकत थी। लेकिन अब का समाज जो कि उनके ही समाज से आता है वह पढ़ता नहीं है, अनाप-सनाप कहता है। डॉ. अंबेडकर का इस प्रकार वह अपमान कर रहा होता है। वह डॉ. अंबेडकर को ही पढ़ व आत्मसात कर लेते तो कभी भी ब्राह्मणों की बहन-बेटियों के बारे में ऐसा नहीं बोलते। डॉ. अंबेडकर को अपमानित करते लोग अब इस तरह तो अपने समाज का भला कभी नहीं कर सकते। संतोष वर्मा तो एक मूर्ख सिविल सर्वेंट है जिसे अपने किए पर बार-बार माफ़ी मांगनी पड़ी और अभी जिस प्रकार का उस पर आरोप है वह शो-कॉज नोटिश के बाद पद्च्युत भी हो सकता है।

सबसे अहम् बात यह है कि संतोष वर्मा सरीखे लोग जो कि समाज की सेवा हेतु मसूरी व दूसरे इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग लेकर आते हैं और उन्हें देश के राष्ट्रपति भी अपने सभागार में सम्मान सहित सेवार्थ भारत को समर्पित करते हैं, वे अपने कर्त्तव्य व निष्ठा को भूल जाते हैं और जाति, धर्म, लिंग, पंथ आधारित भेदभाव करने लगते हैं। अकूत धन-सम्पत्ति एकत्रित करते हैं और ज्यादा विचलित व विक्षिप्त होने की स्थिति में सामजिक सौहार्द को मिटाने पर उतर आते हैं। वे अपने समय में अपने कार्य क्षेत्र में अनेक दुर्गुणों के साथ सेवा के नाम पर मेवा खाते हैं और भयानक मर्यादाओं का हनन करते हैं। यह सोचने वाली बात है कि संतोष वर्मा ने अपने पूरे कार्यकाल में जितने विवादास्पद रहे हैं वे कितनी बार मर्यादाओं का हनन किए होंगे। सोचने वाली बात यह है कि उन्होंने अपने पद पर रहकर कितने गरीबों को दुत्कारा होगा और एक ख़ास ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के साथ अपमानजनक व्यवहार किया होगा। आईएएस एसोसिएशन ऐसे लोगों के ऊपर कभी स्वतः संज्ञान नहीं लेता और न ही कार्यवाही की मांग करता है, दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है।

कौन किसके साथ विवाह करेगा, कौन किसके साथ रहेगा, कौन किसके साथ प्रेम करेगा, यह बहुत ही व्यक्तिगत विषय है। ऐसे अनेक विवाह हुए हैं जहाँ अपनी मर्ज़ी से लोग विवाह कर लिए हैं। यदि माँ पिता किसी वजह से उन्हें स्वीकार भी नहीं कर सके हैं तो भी वे इस समाज के हिस्सा हैं। संविधान ने यह सबको अधिकार दिया है। लेकिन इस प्रकार से एक जाति को टारगेट करना और खासकर स्त्री समाज को अपमानित करने की कोशिश करना, संविधान की ओर से ऐसी कोई स्वतंत्रता नहीं है। इसलिए अब जो मध्य प्रदेश में जातीय संघर्ष धीरे-धीरे अपना उग्र रूप ले रहा है, वह चिंताजनक है। दतिया में संतोष वर्मा के किसी समर्थक ने उनके पक्ष में बात की तो ब्राहमणों ने उन्हें पिटाई की। इन हिंसाओं की वजह इस प्रकार के असभ्य बयान हैं। यदि इससे अभी से नहीं बचा गया और इस पर सरकार की ओर से सही उपाय नहीं सोचे गए तो मध्य प्रदेश आने वाले समय में भयानक हिंसा व क्रूरता की बलि चढ़ने वाला है और आने वाले समय में हानि भी हो सकती है। असभ्य समाज कभी भी सनातन को मजबूत नहीं कर सकता। हिंसा किसी भी असभ्य बयानों को कुचलने का विकल्प नहीं हो सकती। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम सौहार्द्र का दामन थाम लें और एक दूसरे की इज्जत करना सीखें। अपने ही समाज में विवाह करें। अपने समाज के गरीब लोगों को अपना रिश्तेदार बनाकर उन्हें भी अपने बराबर करने की पहले कोशिश करें। महिलाओं का सम्मान करें और भारत के विकास यात्रा को आगे बढ़ाएं। अपमान करने वाले लोग कभी स्तुति नहीं पाते। सम्मान करने वाले समस्त लोकों में सम्मानित होते हैं। इसलिए हर वर्ग का दायित्व है की मध्य प्रदेश के सौहार्द्र को बचा लें।

अध्यात्म

## बच्चों को अच्छे काम के लिए प्रेरित करना चाहिए



संत अपने शिष्य के साथ गांव में मांग रहे थे भिक्षा, तभी एक छोटी बच्ची ने कहा कि हमारे पास आपको देने के लिए कुछ नहीं है, संत ने उससे कहा कि दान में अपने आंगन की मिट्टी ही दे दो

बच्चों को हमेशा अच्छे काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। तभी वे बड़े होकर अच्छे इंसान बनते हैं। संस्कारों से संबंधित एक लोक कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में भिक्षा मांग रहे थे। इस दौरान वे एक घर के बाहर पहुंचे। उन्होंने भिक्षा के लिए आवाज लगाई तो अंदर से एक छोटी बच्ची बाहर आई। बच्ची ने संत से कहा कि हमारे पास आपको देने को कुछ नहीं है।

संत ने कहा कि बेटी, मना मत कर, कुछ नहीं है तो अपने आंगन की थोड़ी सी मिट्टी ही दान में दे दो। छोटी बच्ची ने तुरंत ही आंगन से एक मुट्ठी मिट्टी उठाई और भिक्षा पात्र में डाल दी। संत ने बच्ची को आशीर्वाद दिया और आगे बढ़ गए। कुछ दूर चलने के बाद शिष्य ने संत से पूछा कि गुरुजी आपने भिक्षा में मिट्टी क्यों ली? ये तो हमारे किसी काम की नहीं है।

संत ने शिष्य को समझाया कि आज वह कन्या छोटी है और अगर वह अभी से मना करना सीख जाएगी तो बड़ी होकर भी किसी को दान नहीं देगी। आज उसने दान में थोड़ी सी मिट्टी दी है, इससे उसके मन में दान देने की भावना जागेगी। भविष्य में जब वह बड़ी होकर सामर्थ्यवान बनेगी तो फल-फूल और धन भी दान में देगी।

इस कथा का संदेश यही है कि बच्चों अच्छे काम करना सिखाना चाहिए, उन्हें अच्छे संस्कार देना चाहिए। बचपन से उन्हें अच्छे कामों के लिए प्रेरित करेंगे तो वे बड़े होकर अच्छे इंसान बनेंगे और बुराइयों से बचे रहेंगे।

# मानसिक गुलाम बनाने वाली मैकाले की शिक्षा पर ताला

**1835 से भारत में पैठ जमा चुकी उस पश्चिमी मानसिकता पर ताले लगाने के राष्ट्रीय संकल्प की जरूरत है, जो स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को ध्वस्त करती हुई औपनिवेशिक शिक्षा को लागू करने की थॉमस मैकाले की परियोजना के माध्यम से लागू हुई थी। भारत की शैक्षिक और सांस्कृतिक नींव को खोखला करने के लिए मैकाले द्वारा किए गए अपराध को 2035 में 200 वर्ष पूरे हो जाएंगे। अतएव आने वाले दस सालों में गुलामी की इस औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने के राष्ट्रीय संकल्प की जरूरत है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये विचार एक्सप्रेस समूह के संस्थापक रामनाथ गोयनका की स्मृति में दिए व्यख्यान में व्यक्त किए थे। फिरंगी हुकूमत के दौरान इंग्लिश एज्युकेशन एक्ट -1835 के तहत भारत में संस्कृत, हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं की शिक्षा नष्ट कर अंग्रेजी शिक्षा की बुनियाद रखी गई थी। इस दासता को 190 वर्ष से हम ढोते चले आ रहे हैं। अतएव अब इससे मुक्ति का समय आ गया है।**

**प्रमोद भार्गव**

मैकाले की एक किताब है 'द लाइफ एंड लैटर्स ऑफ लार्ड मैकाले'। इस किताब में मैकाले ने भारत की अंग्रेजी शिक्षा पद्धति लागू करते हुए तीन भविष्यवाणियां की थीं, जो खरी उतरीं। उनकी पहली भाष्यवाणी थी कि मेरी इस नई शिक्षा प्रणाली के चलते डेढ़ सौ साल बाद भारतीय व्यक्ति अपने धर्म से विमुख हो जाएगा। उसके घर में अपने धर्म ग्रंथ होंगे, लेकिन वे उन्हें पढ़ेंगे नहीं। दूसरी भविष्यवाणी है, उसे अपनी भाषा बोलने में असुविधा होगी। वह शर्म महसूस करेगा। वह अपनी भाषा में बोल नहीं पाएगा। दूसरी भाषाओं के शब्द उधार लेने पड़ेंगे। तीसरी है, भारतवासी अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनना भूल जाएंगे। पुरुष अपनी वेशभूषा लगभग भूल गए हैं। महिलाएं जरूर अपनी परंपरा को बनाये रखे हुए हैं। याद रहे जिस देश के वासी अपनी भाषा, धर्म और वेशभूषा भूल जाते हैं, उनकी संस्कृति भी धीरे-धीरे नष्ट हो जाती है। लेकिन हम हैं कि अपनी संस्कृति के पराभव से निश्चिंत हैं। अतएव प्रधानमंत्री के संकल्प में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

इस परिप्रेक्ष्य में मार्क्सवादी वामपंथी सोच के शिक्षाविद्, इतिहासज्ञ एवं साहित्यकार भी गुलाम भारत में थोपी हुई शैक्षिक रूढ़ियों को एक जन्मजात संस्कार की तरह ढोते रहे हैं। नेहरू मंत्रिमंडल के आरंभिक केंद्रीय शिक्षा मंत्रियों ने इस विचार का बढ़-चढ़कर पोषण किया। इसी का परिणाम रहा कि फिरंगी दासता से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। हालांकि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राष्ट्र की लुप्त कर दी गई सांस्कृतिक संपदा के महत्व को अंगीकार करते हुए ज्ञान, कर्म, संस्कार, भाषा, संस्कृति और कौशल दक्षता को विद्यार्थी में विकसित करने का काम मातृभाषाओं में शिक्षा के माध्यम से कर दिया है। लेकिन शिक्षा में अंग्रेजी माध्यम से विद्यार्थी को शिक्षित करने की आम भारतीय की गुलाम मानसिकता अभी भी बनी हुई है। इसीलिए देखने में तो शिक्षित भारतवासी भारतीय हैं, किंतु उनके मन में मानसिक गुलामी आज भी बनी हुई है। व्यक्तित्व निर्माण की यही बाधा व्यक्ति में राष्ट्रबोध का पूर्णतः प्रादुर्भाव नहीं कर पा रही है। अतएव दासता के इस शैक्षिक निर्मूलन से मूल्य-बोध के संस्कारों से सांस्कृतिक चेतना का लोक व्यापीकरण होगा और सनातन मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के साथ भारतीय भाषाएं भी अपना अस्तित्व बनाए रखेंगी। ये मूल्य न केवल व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाएंगे, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भरता के शिखर पर पहुंचाएंगे। देश की सांस्कृतिक संप्रभुता की पहचान को भी अक्षुण्ण बनाए रखने का काम करेंगे। भारत में अंग्रेजों का शासन स्थापित होने के बाद एक समय तक अंग्रेजों की भाषा-नीति में बदलाव होता रहता था। सन् 1833 में मैकाले मिनिट्स के होते हुए ईस्ट इंडिया कंपनी ने अदालती तथा अन्य शासकीय कार्यों में अरबी-फारसी का मिश्रित रूप अपनाया था। हिंदू राजाओं के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी अपने पत्र-व्यवहार में स्थानीय बोलियों के शब्दों का भी प्रयोग करती थी। किंतु 1835 में इंग्लिश एज्युकेशन एक्ट लागू होने के बाद से स्थितियां बदलती चली गईं। हालांकि 1880 में कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना हुई। उस समय अंग्रेजी शासन की राजधानी कोलकाता थी। जॉन गिलक्राइस्ट उस कॉलेज के भाषा विभाग के अध्यक्ष थे। उन्होंने खड़ी बोली के प्रयोग को प्रोत्साहित किया और कंपनी सरकार की भाषा नीति तय करने में आवश्यक सुझाव दिए। वह हिंदी को हिंदुई तथा हिंदुस्तानी कहते थे और उसके लिए रोमन लिपि को आवश्यक मानते थे, किंतु न तो हिंदी का नाम बदल सके और न ही लिपि। गिलक्राइस्ट के बाद ही, मैकाले की भाषा-नीति मानी गई और उच्च शिक्षा से संस्कृत एवं हिंदी का माध्यम समाप्त कर दिया गया। वैदिक संस्कृत, गणित एवं समाज विज्ञान की शिक्षाओं को धार्मिक शिक्षा की श्रेणी में रखकर नकार दिया गया। उन्नीसवीं शताब्दी के चौथे दशक में सरकारी कामकाज में उर्दू को वरीयता दी गई और हिंदी को उपेक्षित कर दिया गया। उस युग में बनारस हिंदी का केंद्र था और बनारस की दो बड़ी हस्तियां हिंदी में लिख रहीं थीं। एक थे राजा शिवप्रसाद और दूसरे भारतेंदु हरिशचंद्र। राजा शिवप्रसाद अंग्रेजी सरकार की सेवा में थे और अंग्रेजों की भाषा नीति का समर्थन करते हुए उन्होंने उर्दू का पक्ष लेते हुए हिंदी की निंदा की। उनकी वफादारी देखकर सरकार ने उन्हें 'सितारे हिंद' की उपाधि दी। हरिश्चंद्र ने सरकार की भाषा-नीति का विरोध किया और जगह-जगह जाकर हिंदी के समर्थन में सभाएं कीं। जनता ने हरिश्चंद्र को 'भारतेंदु' की उपाधि से विभूषित किया। भारतेंदु की लोकप्रियता के सामने सितारे हिंद अस्त-पस्त हो गए। जॉन गिलक्राइस्ट जैसे अनेक अंग्रेज हिंदी के समर्थक थे। ऐसे अंग्रेजों में हेनरी पिनकोट ने भारतेंदु के समर्थन में हिंदी के पक्ष में बहुत काम किया।

जिस राष्ट्रीय चेतना को हम स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में लेते हैं, उस तरह के लेखन का भारतीय अंग्रेजी लेखकों में सर्वथा अभाव था। हालांकि 'वंदे मातरम' गीत के रूप में भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान देने वाले बांग्ला उपन्यासकार बंकिमचंद्र चटर्जी न केवल बंगाल के चुनिंदा लेखकों में से एक थे, बल्कि उन्हें भारतीय अंग्रेजी साहित्य के शुरूआती लेखन का श्रेय भी जाता है। उन्होंने 'राजमोहन वाइफ' उपन्यास अंग्रेजी में लिखा था। किंतु राष्ट्रीय स्वाभिमान के चलते कालांतर में उन्होंने केवल बांगला और संस्कृत में लिखने का संकल्प लिया। अंग्रेजी में रचना-सृजन पर पूरी तरह विराम लगा दिया। भाषाई अस्मिता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रकल्प का यह ऐसा अनूठा संकल्प था, जिसने वंदे मातरम के माध्यम से फिरंगी सत्ता को चुनौती देते हुए जनमानस में सर्वाधिक राष्ट्रबोध जगाने का काम किया। आर्थिक उदारवादी नीतियां लागू होने के बाद देश में आवारा पूंजी का दबाव इस हद तक बढ़ा कि हम पूंजी आधारित लिप्सा और औपनिवेशिक शक्तियों की व्यवस्था को विकास व प्रगति का आदर्श मानक मानने लगे। नतीजतन आर्थिक विशंगति बढ़ी और असंतोष उपजा। माओवाद बनाम नक्सलवाद की जड़ें गहरी करने में इस असंतोष ने उर्जा का काम किया। वामपंथी चरमपंथ ने इस असंतोष को अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए भुनाने का काम किया। समरसता व समावेशन संबंधी जो मूल अवधारणाएं हैं, उन्हें इस चरमपंथ ने समूल नष्ट करते हुए वर्ग संघर्ष पैदा करने का काम किया। विषमता और वैमनस्यतापूर्ण समाज-रचना को बढ़ावा दिया। भावनात्मक इस विद्वेश ने स्वतंत्र वैचारिक मानसिकता को कुंठित करने का काम किया। जबकि विचार-निर्माण के लिए शैक्षिक परिसरों में लोकतांत्रिक खुलेपन की जरूरत है, जिससे शिष्य, शिक्षक से प्रश्न करने में कोई संकोच न करे। दुर्भाग्य से हमने आज्ञाकारी शिष्य को आदर्श माना हुआ है। यह आज्ञाकारिता नव-सृजनशीलता के लिए बाधक है। यही कारण है कि हम नवोन्वेष, वैज्ञानिक अनुसंधान और देशज उत्पादकता में लगातार पिछड़ते जा रहे थे, इसमें अब मोदी के नेतृत्व में गति आ रही है।

हमारी पूरा शिक्षाजन्य ढांचा, आज्ञापालन को प्रोत्साहित व पुरस्कृत करता है। स्वातंत्र्य-चेता विद्यार्थी की नूतन पहल, जिज्ञासा और प्रश्नाकूलता को फटकारा जाता है। विचार नियंत्रण की यह क्रूरता नव-सर्जक की भ्रूण-हत्या कर देती है। यही कारण है कि हम आजादी के बाद न तो नचिकेता, अष्टावक्र और विवेकानंद पैदा कर पाए और न ही सीवी रमन, जगदीश चंद्र बसु और रामानुजन ? दरअसल औपनिवैशिक शिक्षा पद्धति और अंग्रेजी की अनिवार्यता के चलते हमारे शिक्षा संस्थान महज डिग्रीधारी नकलचियों की फौज खड़ी करने में लगे हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
छात्र पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नयी नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। संयम के साथ अपने काम पर ध्यान दें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति मिल सकती है। सन्तान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होंगे।

**कर्क**
परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और अच्छा रहेगा। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं।

**सिंह**
माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्या**
पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें।

**तुला**
आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे।

**वृश्चिक**
आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को अत्यन्त गम्भीरता से लेंगे। विद्वान् लोगों से भेंट हो सकती है।

**मकर**
नयी परियोजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर सन्देह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिये।

**कुंभ**
कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा।

**मीन**
नये व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर लोजपा (रा) ने कमेटी का किया विस्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोजपा (रा) के पटना जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने जिला कमेटी का विस्तार किया है. श्री यादव ने शनिवार को जिला कमेटी का विस्तार करते हुए विनोद यादव व बाबली देवी को पार्टी



का सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा गया है. श्री यादव ने बताया कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता ग्रहण के साथ पार्टी का विस्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में पार्टी ने परचम लहराया है.

### कुरकुरी झु.झो. प्राथमिक विद्यालय में नया भवन उद्घाटित, प्रधान शिक्षिका आफरीन अरशद का हुआ सम्मान

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक विद्यालय कुरकुरी झु.झो., फुलवारी शरीफ में शनिवार को नवनिर्मित विद्यालय भवन का भव्य उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम में नई प्रधान शिक्षिका आफरीन अरशद का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि भूतपूर्व मुखिया शैलेन्द्र कुमार थे, जबकि अध्यक्षता राजेश कुमार द्विवेदी ने की. उद्घाटन समारोह में बिमल कुमार चौधरी, डॉ. हुमायूं अख्तर, विंध्याचल विनायक, रूपाली यादव, रवी कुमार, राजीव कुमार, विवेक कुमार, शकील अहमद, तारीख जमील, जफर इमाम, चैताली बनर्जी, धीरेन्द्र कुमार सहित गांव के अभिभावक, स्थानीय लोग और शिक्षा विभाग की कई महत्वपूर्ण हस्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित थीं. कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई जिसने सभी का मन मोह लिया. मौके पर आए सभी गणमान्य व्यक्तियों को बुके और शॉल देकर सम्मानित किया गया. साथ ही बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए मेडल भी प्रदान किए गए.





### वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एएन कॉलेज पटना में सामूहिक गान एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एएन कॉलेज राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज दिनांक 06-12-2025 को एएन कॉलेज पटना के पुस्तकालय सभागार में एनएसएस यूनिट द्वारा सामूहिक गायन तथा शंकर ज्योति नेत्रालय के डॉ गौतम कुमार एवं उनके टीम द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा रानी ने वंदे मातरम गीत के इतिहास पर अपने विचारों को रखा। उन्होंने कहा कि 150 वर्ष पूरे होने का यह अवसर भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक यात्रा का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय परंपरा, सांस्कृति और एकता के मूल्यों को समझने और जीवन में अपनाने का आह्वान किया। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. कलानाथ मिश्र वंदे मातरम गीत पर अपने विचारों को रखते हुए कहा वंदे मातरम केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं बल्कि यह भारत की आत्मा और गौरव का जीवंत प्रतीक है। आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर प्रो. तृप्ति गंगवार ने वंदे मातरम गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर सार्थक वक्तव्य प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने वंदे मातरम गीत पर अपनी बात रखते हुए कहा वंदे मातरम की भावना हमें जड़ों से जोड़े रखने, राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। प्रो. विनोद कुमार झा ने कहा कि वंदे मातरम गायन हम सबों में एकता की भावना और राष्ट्र के मूल्यों के प्रति उनका मान-सम्मान अभिव्यक्त करना है। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. अनिल नाथ, डॉ. वीणा कुमारी, डॉ. संजय सिंह, डॉ. कुमार वरूण, डॉ. अमृता चक्रवर्ती, डॉ. मृणालिनी, डॉ. प्रेरणा पुष्प, डॉ. कुमकुम रानी, डॉ. नवनीत कुमार, डॉ. कौशर उपस्थिति रहें।



### मनेर के विकास के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री से मिले नगर परिषद अध्यक्ष



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को मनेर नगर परिषद के विकास के मुद्दे को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह ने सूबे के भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। मनेर नगर परिषद अध्यक्ष विधाधर विनोद सिंह ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर मनेर इलाके के विकास के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के चौड़ीकरण शीघ्रता से कराने की मांग की। वही अध्यक्ष ने मनेर के सुप्रसिद्ध सूफी संत हजरत मखदूम शाह कमालुद्दीन याहिया मनेरी व मखदूम शाह दौलत मनेरी की दरगाह व वहां के इर्दगिर्द स्थलों का सौंदर्यीकरण के साथ ही राजमार्ग पर महादेव स्थान स्थित बाबा रामनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार व हल्दी छपरा कटाव को रोकने के उपाय के साथ ही संगम का विकास करने की मांग की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह को आश्वस्त किया की विकास के लिए हम तैयार बैठे हैं।

### जेल भेजा गया गिरफ्तार भू-माफिया नौशाद मलिक

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनवर आलम हत्याकांड में फरार चल रहा नौशाद मलिक को कोलकाता में एसटीएफ और बंगाल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा गया. उसे कानूनी प्रक्रिया के बाद बेऊर जेल भेज दिया गया है. गिरफ्तारी के बाद उसे फुलवारी शरीफ थाना लाया गया, जहां उससे गुप्त रूप से पूछताछ की गई. पुलिस ने हत्या से जुड़े कई साक्ष्य दिखाते हुए पूछा कि वारदात के पहले और बाद वह लगातार हत्यारोपित अफसर और शाहरूख से फोन पर क्यों संपर्क में था. पूछताछ में नौशाद ने दोनों को पहचानने की बात स्वीकार की.

# तेल एजेंसी मालिक से बदमाशों ने की 5.25 लाख की लूट





**फुलवारीशरीफ/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के बेउर थाना क्षेत्र के आईओसी पड़ी मार्ग पर एतवारपुर गांव जाने वाली सड़क पर शनिवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने तेल एजेंसी संचालक से हथियार के बल पर 5 लाख 25 हजार रुपये लूट लिए. वारदात को दो अपराधियों ने यामाहा एफजेड बाइक से अंजाम दिया और कुछ ही सेकंड में फरार हो गए. लूट की वारदात उस समय हुई जब सफेद रंग की स्कूटी से तेल एजेंसी के मालिक मनोज कुमार इतवारपुर गांव होकर आईओसी सिपारा रोड पकड़ी की तरफ अपने गोदाम जा रहे थे. घटना की जानकारी मिलते ही बेउर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया. स्थानीय लोगों ने बताया कि बोरिंग रोड निवासी मनोज कुमार का सिपारा 35 फीट क्षेत्र में सरसों तेल व रिफाइंड का गोदाम है. शनिवार को वे प्रतिदिन की

**दिनदहाड़े घटना से बेउर में दहशत**

तरह परसा रोड व एतवारपुर गांव से कलेक्शन कर अपनी सफेद रंग की स्कूटी से गोदाम लौट रहे थे. तभी स्व सुभाष राय के तालाब के नजदीक सुधा बूथ के पास उनकी स्कूटी को घेरकर दो बदमाशों ने पिस्तौल तान दी और रुपए से भरा बैग छीन लिया. पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि बैग में कुल 5 लाख 25 हजार रुपये थे. अपराधी उत्तर दिशा में इतनी तेजी से फरार हुए कि जब तक वे शोर मचाते, बाइक सवार बदमाश काफी दूर निकल चुके थे. इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गयी. सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार दल-बल के साथ पहुंचे और अपराधियों के भागने के रास्ते की तलाशी ली, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका. मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी फुलवारी शरीफ सुशील कुमार भी मौके पर पहुंचे. पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा लुटेरों की पहचान के लिए खोजी कुत्ते को भी बुलाया गया. बावजूद इसके पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है. मनोज कुमार बोरिंग रोड के रहने वाले हैं और यहां सिपारा में उनका तेल का गोदाम है. तेल एजेंसी के मालिक से दिनदहाड़े हुई इस बड़ी लूट से इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है.

## आईआईटी पटना में होगा 14वां इंटर आईआईटी टेक मीट; 2,000 से अधिक छात्र होंगे शामिल

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को आईआईटी पटना में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी गई कि संस्थान 11 से 14 दिसंबर तक 14वाँ अंतर-आईआईटी प्रौद्योगिकी सम्मेलन (इंटर आईआईटी टेक मीट) आयोजित करेगा। यह अवसर इसलिए महत्वपूर्ण है।क्योंकि पहली बार यह प्रतिष्ठित आयोजन बिहार में हो रहा है। पहली बार किसी द्वितीय पीढ़ी के आईआईटी को इसकी मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता आईआईटी के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह ने की, डॉ. अरविंद कुमार झा, (अध्यक्ष जिमखाना एवं समग्र समन्वयक), डॉ. अर्पित जैन (पीआईसी टेक), शिवांक गोयल और विनायक गोयल (संयोजक, इंटर आईआईटी टेक मीट) और अन्य आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। 11 दिसंबर को आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल महामहिम मोहम्मद आरिफ मोहम्मद खान होंगे। यह सम्मेलन आईआईटी प्रणाली के सबसे सम्मानित वार्षिक तकनीकी आयोजनों में गिना जाता है।जिसमें देशभर के 23 आईआईटी के नवोन्मेषी विद्यार्थी, अनुसंधानकर्ता तथा युवा प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ सम्मिलित होते हैं। यह मंच सहयोग, समस्याझसमाधान और नवीन तकनीकी चिंतन को प्रोत्साहित करने के लिए जाना जाता है। यह वर्ष सम्मेलन के अब तक के सबसे विस्तृत रूप में आयोजित किया जाएगा।जिसमें 2,000 से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे। इनमें से 1,700 से अधिक प्रतिभागी विभिन्न प्रत्यक्ष प्रस्तुतियों, प्रदर्शनों और प्रतियोगिताओं के लिए आईआईटी पटना परिसर में उपस्थित रहेंगे।आयोजन में कई प्रमुख औद्योगिक एवं सॉफ्टवेयर सहयोगी जुड़े हुए हैं, जिनमें पाथवे, अरिस्टा नेटवर्क्स, एडोब, द्रोण एविएशन, स्टेमवाइब, जेनुइटी 10, इटरनल, इसरो वीएलएसआई, जियो हेल्थ, एबुलिएंट सिक्योरिटीज, एलएटी एयरोस्पेस, ऑब्जर्व एआई और क्यूट्रिनो जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं। इस वर्ष सम्मेलन का विषय "रेजोनेटिंग कैस्केड" रखा गया है, जिसके माध्यम से यह सुझाव दिया गया है कि विचार और नवाचार किस प्रकार के प्रौद्योगिकी नेटवर्क के साथ प्रसारित होते हैं, प्रभाव उत्पन्न होते हैं और विकसित होते हैं। कंप्यूटर विज्ञान, विद्युत अभियंत्रण, यांत्रिक अभियंत्रण, सिविल अभियंत्रण, रासायनिक अभियंत्रण, पदार्थ विज्ञान, अंतरिक्ष अभियंत्रण सहित अनेक अंतरविषयी क्षेत्रों के विद्यार्थी उन्नत तकनीकी विषयों पर अपने प्रकल्प और समाधान प्रस्तुत करेंगे। चार दिवसीय आयोजन के दौरान टीमें सरकारी संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और औद्योगिक साझेदारों द्वारा प्रदान किए गए समस्या-कथनों पर कार्य करेंगी। ये समस्या-कथन कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष प्रणाली, सतत विकास, स्मार्ट गतिशीलता, उन्नत पदार्थ, साइबर सुरक्षा, रोबोटिकी, स्वास्थ्य अभियंत्रण तथा अनेक उभरते तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित होंगे। आयोजकों के अनुसार, इन समस्या-कथनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्रदान करना है, जिसके अंतर्गत वे उद्योग एवं अनुसंधान क्षेत्र से मिली चुनौतियों का समाधान विकसित करेंगे।




## बिहटा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में बिहार गृहरक्षा वाहनी का 79वा स्थापना दिवस मना

**पहली बार शामिल हुई गृह रक्षा वाहनी में महिला कमांडो,डिजी शोभा अहोतकर ने परेड का किया निरीक्षण**



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा प्रखंड के आनंदपुर स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान परिसर में बिहार गृह रक्षा वाहनी का 79वा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया।इस मौके पर बिहार गृह रक्षा वाहनी एवं अग्निशमन विभाग के महानिदेशक शोभा अहोटकर शामिल हुई।इस दौरान आईजी एम सुनील नायक के अलावा विभाग के तमाम आला अधिकारी मौजूद थे। 79वे स्थापना दिवस समारोह के मौके पर महानिदेशक शोभा अहोटकर ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पहली बार बिहार गृह रक्षा वाहनी में महिला कमांडो और पुरुष कमांडो को शामिल किया गया।इसके अलावा 79वा स्थापना दिवस के मौके पर बेहतर कार्य करने वाले गृह रक्षकों को महानिदेशक शोभा अहोटकर ने सम्मानित किया। इसके साथ ही ड्यूटी के दौरान शहीद हुए बिहार के विभिन्न जिलों में गृह रक्षकों के परिवार को विभाग के तरफ से चार लाख के अनुसार अनुदान राशि भी दी गई।स्थापना दिवस के अवसर पर बिहार गृह रक्षा के जवानों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन दिखाया गया।जिसमें से सबसे पहले महिला कमांडो और पुरुष कमांडो का रहा। यह पहली बार हुआ जहां बिहार गृह रक्षा वाहिनी में महिला और पुरुष कमांडो को शामिल किया गया है। वो भी आर्मी के तर्ज पर बेहतर प्रशिक्षण दिया गया है।इसके अलावा आर्म्स का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा विशेष परिस्थिति में यह लोग काम करेंगे।वही स्थापना दिवस के मौके पर बिहार गृह रक्षा वाहनी के द्वारा किए गए बेहतर कार्यों को महानिदेशक शोभा अहोटकर ने सभा को संबोधित किया। शोभा अहोटकर ने कहा कि आज बिहार गृह रक्षा वाहनी का 79वा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।जिसको लेकर उन्होंने ने सभी लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। इसके अलावा सुबह उठकर ने बिहार गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन विभाग के तरफ से किए गए बेहतर कार्य और विभाग के बेहतर प्रदर्शन को लेकर कई बातें कही जिसमें सबसे पहले विभाग में पिछले पांच सालों में बहालियों के अलावा डिजिटल तरीके से सभी कार्य किया जा रहे हैं ।वो चाहे मानदेह हो या वेतन या विभाग के अन्य कार्य को डिजिटल तरीके से किया जा रहा है जिससे समय का भी बचाव हो रहा है। इस साल चुनाव से पहले 15000 गृह रक्षकों की बहाली हुई जिसमें में से 11हजार गृह रक्षकों को 120 दिनों के अंदर प्रशिक्षण देने के बाद बिहार के विभिन्न जिलों में भेजा गया इसके अलावा बिहार विधानसभा चुनाव में भी होमगार्ड जवानों का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। इस बार से विभाग में महिला कमांडो और पुरुष कमांडो को शामिल किया गया है और देश के आर्मी के सेवानिवृत अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह काफी अच्छी बात है बिहार के होमगार्ड के जवानों की चर्चा अब बिहार के अलावा देश के विभिन्न राज्यों में भी हो रही है

## कंप्यूटर में तकनीकी खराबी होने से सैकड़ों परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को गोला रोड टी प्वाइंट स्थित विहार इनोवेशन सेंटर पर कंप्यूटर खराबी के कारण एनएमएटी का ऑनलाइन परीक्षाा देने से द्वितीय बैच के परीक्षार्थियों वंचित हो गये. परीक्षार्थियों ने सेंटर पर जमकर हंगामा करते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे. परंतु सेंटर संचालक परीक्षा रद्द करने को लेकर लिखित नही दे रहे थे. जिससे परीक्षार्थियों ने हंगामा करते हुए अपनी मांगों पर आडे हुए थे. सेंटर संचालन ने हंगामा को देखते हुए पुलिस को बुलाया. मुबंई से आयी परीक्षार्थी सौम्या ने बताया कि ऑल इंडिया पर ऑनलाइन परीक्षा आयोजित किया गया था. हमलोग को द्वितीय बैच में 12 से 2 बजे तक परीक्षा होना था. जब परीक्षार्थियों 12 बजे ऑनलाइन परीक्षा देने के लिए सेंटर में घुसे तो अधिकांश परीक्षार्थियों का कंप्यूटर में तकनीकी खराबी के कारण चालू नही हो पा रहा था. जिसका शिकायत करने पर संचालन ने बताया कि जल्द कंप्यूटर को ठीक कर लिया जायेगा और एक बजे तक कंप्यूटर ठीक नही हुआ . इसके बाद केंद्र संचालन ने वाईफाई बदली करने के बाद भी चालू नही हुआ तो परीक्षार्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग किया.परीक्षार्थियों ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से परीक्षार्थियों परीक्षा देने से वंचित होने पर जमकर हंगामा किया. केंद्र संचालन ने परीक्षार्थियों से जीएमएसी से मेल कर परीक्षा रद्द करते हुए दुबारा परीक्षा लेने के लिए बात करने लगे. परीक्षार्थियों ने सेंटर से बाहर जाने से इंकार कर दिया और परीक्षा रद्द करने की मांग पर आडे हुए थे. सेंटर संचालक ने हंगामा को देखते हुए पुलिस को बुलाया. सूचना पर पहुंची पुलिस परीक्षार्थियों को समझाने-बुझाने में जुटी रही . दिल्ली से परीक्षा देने आये दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र प्रतीक कुमार ने बताया कि जब हम द्वितीय बैच के लिए परीक्षा देने सेंटर देने गये तो परीक्षा देकर बाहर निकल रहे परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा देने बहुत दिक्कत आ रही है. हमलोगों को सेंटर में 12 बजे एंट्री करवाई गई.सेंटर अंदर जाने के बाद हमलोगों ने देखा कि किसी का परीक्षा शुरू हो गया और किसी का नहीं. 1 बजे तक कंप्यूटर में तकनीकी खराबी आने के कारण परीक्षा चालू नही हो पा रहा था. सेंटर मैनेजमेंट को लगातार सहयोग करते रहे लेकिन जब 2 बजा तो मैनेजमेंट ने हमलोगों से कंप्यूटर रिस्टार्ट करवाया. लेकिन नतीजा जस का तस बना रहा. उसके बाद सेंटर संचालक ने हमलोगों को ही मेल कर जीएमएसी से परीक्षा को स्थगित करवाने की बात कहने लगे. हमलोगों इतने दूर से परीक्षा देने आए है हमलोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. एनएमएटी का ऑनलाइन परीक्षा देने यहां आए हुए है. परीक्षा पूरे देश में ली जाती है. हमारा कंप्यूटराइज्ड ऑनलाइन परीक्षा दूसरे बैच में होनी थी.

## होली मिशन सेकेंडरी स्कूल : नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली मिशन सेकेंडरी स्कूल पटना में सत्र 2026 - 27 के लिये नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। विद्यालय में वर्ग नर्सरी से वर्ग नवीं तक नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय प्रशासन ने फैसला किया है कि विद्यालय के 24 वर्ष पूरा होने पर विद्यालय मेधावी छात्रों को एडमिशन लेने पर विशेष छात्रवृत्ति देगा ।एडमिशन फॉर्म व प्रॉस्पेक्टस विद्यालय में उपलब्ध हैं। विद्यार्थी एवं अभिभावक विद्यालय के वेबसाईट पर विजिट कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । अभिभावक वेबसाईट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर भी नामांकन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विद्यालय की पृष्ठभूमि में बताना है कि इस विद्यालय के 73 बच्चों के 2024 में 90% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं।पिछले 12 वर्षों से +2 के रिजल्ट के मामले में यह विद्यालय पटना में टॉप पर काबिज है । विद्यालय में प्रत्येक क्लास को स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाया जाता है । विद्यालय में उच्च कोटि की प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है।विद्यालय में टूटोरीयल की सुविधा ऑन डिमांड दी जाती है ।विद्यालय के पूरे कैम्पस की निगरानी सी.सी.टी.वी. कैमरा से की जाती है । विशेष जानकारी हेतु विद्यालय से संपर्क करें अथवा 8298676849 पर कॉल कर सकते हैं।

## दानापुर में भारत रत्न डा भीमराव आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस शनिवार को बीबीगंज अंबेडकर भवन में सबका विकास द्वारा निःशुल्क शिक्षा केंद्र में धूमधाम से बनाया गया. इस अवसर पर जदयू पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, इंजीनियर सुखदेव रजक, राकेश पटेल, संघ के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया. बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अमिता कुमारी, द्वितीय अनु कुमारी व तृतीय स्थान सोनामका कुमारी ने प्राप्त किया. विजेता प्रतिभागियों के बीच श्री सिंह व श्री रजक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. संस्था द्वारा निःशुल्क शिक्षा केंद्र के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है. श्री सिंह ने बच्चों से आंबेडकर के बताये हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया और बच्चों को शिक्षित होने को कहा. मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के विचार और आदर्श आज भी लोगों को ताकत देते रहते हैं और हम उनके राष्ट्र के प्रति सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. डा आंबेडकर न सिर्फ आर्थिक सिद्धांतों और विश्लेषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया।

## अतिक्रमण पर छावनी प्रशासन का चला बुलडोजर, वसूला जुर्माना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर एक बार फिर छावनी परिषद प्रशासन ने बस पडाव , अस्पताल मोड, मार्शल बाजार , मेन रोड से पीपा पुल तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ गया है. दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार , परिषद के सीईओ सपन कुमार व नप के प्रबंधक अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में परिषद के प्रधान लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल, सुदामा कुमार व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सडक के किनारे



आदेश के बाद छावनी परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग बस पडाव, अस्पताल मोड,मार्शल बाजार , मेन रोड से पीपा पुल मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई. अतिक्रमणकारियों से 18 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. जबकि यातायात पुलिस ने 30 हजार रुपए जुमार्ना वसूला से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे छावनी परिषद क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

# एलआईसी ने नई योजनाए लॉन्च कीं एलआईसी प्रोटेक्शन प्लस (योजना 886) एवं एलआईसी बीमा कवच (योजना 887)

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. दुरैस्वामि ने दो नई बीमा योजनाएँ- एलआईसी प्रोटेक्शन प्लस तथा एलआईसी बीमा कवच लॉन्च कीं। एलआईसी प्रोटेक्शन प्लस (योजना 886) एलआईसी का प्रोटेक्शन प्लस एक नॉन पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना है जो पॉलिसी की अवधि के दौरान जीवन बीमा कवर के साथ बचत भी प्रदान करती है। लाइफ इंश्योरेंस कवर देने के अलावा, यह इन्वेस्टमेंट फंड का टाइप चुनने, सम एश्योर्ड को बढ़ाने/घटाने और "टॉप-अप" प्रीमियम देने की लचीली सुविधाएँ प्रदान करती है। पॉलिसी प्रारंभ होने की तिथि से 5 वर्ष पूरे होने पर आंशिक निकासी की सुविधा भी उपलब्ध है। इस प्लान के तहत प्रपोजर चुन सकता है कि वह कितना प्रीमियम देना चाहता है, जिसके आधार पर बेसिक सम एश्योर्ड तय किया जाएगा। बेस प्रीमियम का पेमेंट रेगुलर पे या लिमिटेड पे के तौर पर किया जा सकता है।

**मुख्य विशेषताएँ एवं पैरामीटर्स**

प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष है जबकि प्रवेश के समय अधिकतम आयु 65 वर्ष है। 10, 15, 20 और 25 वर्ष की पॉलिसी अवधि के लिए 5, 7, 10 और 15 वर्ष की प्रीमियम भुगतान अवधि (पीपीटी) का विकल्प उपलब्ध है। न्यूनतम प्रीमियम पीपीटी और भुगतान के तरीके पर निर्भर करता है, जबकि अधिकतम प्रीमियम की कोई सीमा नहीं है। हालांकि, प्रत्येक व्यक्ति को अनुमत अधिकतम प्रीमियम बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग नीति के अनुसार अंडरराइटिंग निर्णय पर निर्भर करेगा। न्यूनतम मूल बीमित राशि, प्रवेश आयु 50 वर्ष से कम होने पर वार्षिक प्रीमियम के 7 गुना तथा 50 वर्ष या उससे अधिक होने पर 5 गुना निर्धारित है। अधिकतम बेसिक सम एश्योर्ड प्रवेश आयु और प्रीमियम भुगतान अवधि पर निर्भर करेगा। परिपक्वता (मैच्योरिटी) के समय अधिकतम आयु पॉलिसी अवधि पर निर्भर करती है, जो 25 वर्ष की पॉलिसी अवधि के लिए अधिकतम 90 वर्ष तक हो सकती है। पॉलिसीधारक के पास नियमित प्रीमियम के साथ अतिरिक्त राशि "टॉप-अप" प्रीमियम के रूप में जमा करने का विकल्प उपलब्ध है (नियमों एवं शर्तों के अधीन)। पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक बीमा राशि को बढ़ाने या घटाने की सुविधा भी प्राप्त कर सकता है (नियमों एवं शर्तों के अधीन)। परिपक्वता की तिथि पर बीमित व्यक्ति के जीवित रहने पर, यूनिट फंड मूल्य के बराबर राशि देय होगी जो परिपक्वता की तिथि को बेस प्रीमियम फंड मूल्य और टॉप-अप प्रीमियम फंड मूल्य (यदि कोई हो) के योग के बराबर होगी। पॉलिसी अवधि के दौरान वसूल किए गए मृत्यु-जोखिम (मॉर्टलिटी) शुल्क परिपक्वता लाभ के साथ वापस कर दिए जाएंगे।



**एलआईसी बीमा कवच (योजना 887)**

एलआईसी का बीमा कवच एक नॉन पार, नॉन लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम योजना है, जो पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में उसके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत मृत्यु लाभनिश्चित और गारंटीड होते हैं, चाहे वास्तविक अनुभव कुछ भी रहा हो। बीमा कवच दो प्रकार के मृत्यु लाभ विकल्प प्रदान करता हैः लेबल सम एश्योर्ड और इंक्रीजिंग सम एश्योर्ड। यह प्रीमियम भुगतान में भी लचीलापन देता है, जिसमें सिंगल, लिमिटेड और रेगुलर प्रीमियम भुगतान विकल्प शामिल हैं। जीवन बीमित ऐसी पॉलिसी अवधि का चुनाव कर सकता है जो 100 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इस योजना में लाभों को किस्तों में प्राप्त करने का विकल्प भी उपलब्ध है, जिससे वित्तीय सुविधा बढ़ती है। इस योजना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि जीवन बीमित को कुछ पूर्वनिर्धारित जीवन-चरण घटनाओं (जैसे विवाह या संतान का जन्म) पर जीवन कवर बढ़ाने का विकल्प मिलता है। यह सुविधा लेवल सम एश्योर्ड विकल्प में रेगुलर प्रीमियम भुगतान के साथ उपलब्ध है।

**मुख्य विशेषताएँ एवं पैरामीटर्स**

प्रवेश की न्यूनतम आयु 18 वर्ष (पिछला जन्मदिन) और अधिकतम आयु 65 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है। 60 वर्ष (पिछला जन्मदिन) और उससे अधिक आयु के मामले बोर्ड द्वारा मंजूर अंडरराइटिंग नीति, पुनर्बीमा स्वीकृति आदि के आधार पर केस-टू-केस विचार हेतु होंगे। परिपक्वता की न्यूनतम आयु 28 वर्ष (पिछला जन्मदिन) और अधिकतम आयु 100 वर्ष (पिछला जन्मदिन) है। न्यूनतम मूल बीमित राशि ₹2,00,00,000/- (दो करोड़ रुपये) है जबकि अधिकतम मूल बीमित राशि की कोई सीमा नहीं है (बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराइटिंग नीति के अधीन)। प्रीमियम भुगतान विकल्प हैं सिंगल प्रीमियम, सीमित प्रीमियम भुगतान (5, 10 और 15 वर्ष) और नियमित (रेगुलर) प्रीमियम । मृत्यु हितलाभ के दो विकल्प हैं विकल्प। लेवल सम एश्योर्ड, विकल्प ।।ः बढ़ता हुआ सम एश्योर्ड न्यूनतम पॉलिसी अवधि चुने गए प्रीमियम भुगतान विकल्प पर निर्भर करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय विद्यालय में 10 दिवसीय बैगलेस कैंप का शुभारंभ

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मशरक में 5 दिसंबर से 17 दिसंबर तक कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय बैगलेस कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय शिक्षा से आगे बढ़कर व्यावहारिक और जीवनोपयोगी कौशलों का प्रशिक्षण देना है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके।कैंप में छात्राओं के लिए सिलाईझ्रकढ़ाई, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण ,आर्ट-क्राफ्ट तथा डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसे कौशलों की व्यवस्था की गई है, जो भविष्य में उनके आत्मनिर्भर बनने में सहायक होंगे। वहीं, छात्रों के लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर, सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, बिजली संबंधी कार्यों का प्रशिक्षण तथा फिटनेस ट्रेनिंग शामिल की गई है, जिससे वे तकनीकी व प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त कर सकें।विद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह बैगलेस कैंप विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम की शुरूआत के साथ ही विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण नजर आया।

### एसएस पब्लिक स्कूल की छात्राएं बनीं विजेता

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेरा युवा भारत केंद्र छपरा द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में तरैया के एसएस पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी। शुक्रवार को एसएस पब्लिक स्कूल उसरी के खेल मैदान में आयोजित प्रखण्ड स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रितियोगिता के दौरान एसएस पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही। आयोजित खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम कि अध्यक्षता आरसीसी युवा मंडल तरैया के सोनू सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, फुटबॉल, दौर, लंबी कूद, ऊंची कूद को शामिल किया गया। इस दौरान कबड्डी मैच के फाइनल में एसएस पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने कोंध भगवानपुर के छात्राओं को 20/16 से हराया। मौके पर तरैया जिला परिषद प्रतिनिधि प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, पूर्व सरपंच विनोद सिंह, एसएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार सिंह, शिक्षक चंद्रभूषण तिवारी, रंजीत पंडित, विकास सिंह, सोनू कुमार, इशरत जहां, रीना कुमारी, प्रिया कुमारी, रिंकी कुमारी, नूरजहां खातून, रिया कुमारी, रौनक कुमारी, करिश्मा कुमारी, हिमांशी कुमारी, कुणाल सिंह, अंशु सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट [प्री-कॉन्सेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स (प्रोहिबिशन ऑफ सेक्स सेलेक्शन) एक्ट] के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के नवीनीकरण के 14 आवेदन तथा नये अल्ट्रासाउंड सेंटर का एक आवेदन विचार हेतु रखा गया। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों में एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप चेकलिस्ट तैयार कर अविलंब प्रस्तुत करने का निदेश दिया ताकि पूरी पारदर्शिता के साथ निर्णय लिया जा सके। बैठक में सिविल सर्जन, विधि शाखा प्रभारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पल्स पोलियो अभियान को बीएलटीएफ की बैठक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारी को लेकर ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने की। उन्होंने बताया कि पोलियो उन्मूलन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, इसलिए अभियान को सफल बनाना सभी विभागों की साझा जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा बताया गया कि 14 से 18 दिसंबर तक प्रखंड के सभी पोलियो बूथों पर स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा मोबाइल टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। बीडीओ ने आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका, सुपरवाइजर, आइसीडीए विभाग को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए, इसका ध्यान दें। मौके पर चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार,बीसीएम लव कुश कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।

### चाकूबाजी कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने चाकू बाजी कांड का मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने भेडीहारी निवासी नासिर कुरेशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी शुरू कर दी है। विदित हो कि दो दिन पुर्व मरजदवा बाजार में सैलून में बाल कटिंग को लेकर हुई उत्पन्न विवाद में चाकू के हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक लक्ष्मीपूर गांव का चंदन कुमार (22) एंव रौशन कुमार (21) बताया जाता है।

### धार्मिक उन्माद फैलाकर तोड़फोड़ मामले में केस दर्ज, चार गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना के चिउटाहा गांव में शुक्रवार को धार्मिक उन्माद फैलाकर तोड़ फोड वो लूटपाट करने की घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता डीएसपी जेपी सिंह इंस्पेकटर राजीव कुमार बीडीओ दिपक राम सीओ मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता समेत पुलिस बल ने मौके पर पहुंच स्थिति पर नियंत्रण किया। इधर इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने चार आरोपीयों को भी गिरफ्तार कर लिया है। मो जिशान जुल्फकार ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि उनके निजि फार्म हाउस पर कब्जा करने नियत से चार दिवारी तोह फोड हरा पेड़ काट बर्बाद करने फाम हाउस मे रखे कुर्सी अनाज व तालाब का मछली लूटपाट के मामलें में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में 17 नामजद एंव सौ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर चार आरोपीयों को जेल भेजा दिया है।

### विहिप बजरंग दल की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिन्दू परिषद एव बजरंग दल कार्यकारिणी की एक बैठक शनिवार को संघ कार्यालय में विभागीय मंत्री नीरज कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष सुनील गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रमुख कार्यो सेवा, सुरक्षा और संस्कार के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान नगर अध्यक्ष का दायित्व राज सर्राफ,नगर मंत्री का दायित्व रमन गुप्ता और बजरंग दल के संयोजक का दायित्व चंदन सोनी को सौपा गया। बैठक के उपरांत जिला उपाध्यक्ष श्री गोयल ने बताया संगठन की कोशिश है की शहरी एव ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की संध्या एकत्र होकर हनुमान मंदिर में चालीसा का पाठ अनिवार्य रूप से किया जाय। उन्होंने ये भी कहा कि संगठन द्वारा हर संभव हिंदू परिवार के प्रति सहयोग किया जाएगा। इस दौरान विशाल सर्राफ, मोनू कुमार,राहुल सोनी ,आदित्य आर्य, आदित्य तिवारी, विजय राम ,अंकित झा ,अंकित वर्णवाल अमित सोनी आशीष आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रक्सौल नप की कार्यप्रणाली पर उठी उंगलियां

## बदलते नेतृत्व के बाद भी शहर बेहाल

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल नगर परिषद में नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद शहर की मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार न होने से आम जनता में भारी नाराजगी देखी जा रही है। पदच्युत सभापति धुरपति देवी के बाद कार्यकारी सभापति के रूप में उप सभापति पुष्पा देवी ने जिम्मेदारी संभाली, लेकिन शहर की जमीनी तस्वीर अब भी अव्यवस्था, लापरवाही और कुप्रबंधन की मार झेल रही है। शहर के करीब- करीब सभी वार्डो के सड़कों की हालत बदतर है। जगह-जगह गड्ढे, टूटी गलियां, जाम नालियां और कचरा फैलाव रक्सौल की पहचान बनते जा रहे हैं। बारिश के दौरान शहर के वार्ड 20 की हालत तो किसी से पूछने की जरूरत भी नही है। इस पूरे वार्ड के कई इलाकों में जलजमाव की समस्या आम हो गई है, जिससे मच्छरों के प्रकोप और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही आवारा पशुओं की



समस्या ने लोगों का जीना और मुश्किल कर दिया है। शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों और तंग गलियों में साँड और गाय का खुलेआम घूमना, आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन परिषद की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सबसे चिंताजनक स्थिति शहर की हृदयस्थली कही जाने वाली बैंक रोड और आदर्श चौक की है, जहां वर्षो से खराब पड़ा हाई मास्ट लाइट आज तक नहीं बदला गया। अंधेरा होने पर यहां दुर्घटनाओं और अपराध की आशंका बढ़ जाती है, परंतु जिम्मेदार विभागों की उदासीनता बनी हुई है। नगर परिषद कार्यालय से लेकर वार्ड पार्षदों तक सक्रियता और समन्वय की कमी साफ झलकती है। लोगों का कहना है कि शिकायतें बढ़ती जा रही हैं, जबकि समाधान अक्सर कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह जाता है। शहर स्थानीय निवासी बताते हैं कि, ह्लशहर की हालत ऐसी है मानो लोग व्यवस्था नहीं, बल्कि अव्यवस्था के बीच जीने को मजबूर हों। कई मोहल्लों की स्थिति तो नरक जैसी हो चुकी है। नगर परिषद के जिम्मेदार लोग अगर धरातल पर आ कर घूम लें तो, रक्सौल की जनता अब साफ-साफ अब उनसे सवाल पूछ रही है कि नेतृत्व बदलने से अगर व्यवस्था नहीं बदलती, तो फिर जवाबदेही किसकी? नगर परिषद के सामने चुनौती स्पष्ट है या तो कार्यप्रणाली में तात्कालिक सुधार लाया जाए, या फिर जनता का विश्वास धीरे-धीरे पूरी तरह खत्म होने का जोखिम उठाया जाए।

## शादी से लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा रेफर

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर डेवढ़ी गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को एक यात्री बस ने ठोकर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक का गंभीरावस्था में इलाज चल रहा है। मृतक इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवा गांव निवासी सखन राय का पुत्र गुड्डू कुमार बताया गया हैं। जबकि घायल युवक गोंहा गांव निवासी हरेंद्र राय का पुत्र नीरा कुमार हैं। जानकारी के अनुसार, तरैया की तरफ से आ रही एक बस ने तेज रफ्तार में बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। बाइक और बस की टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दोनों युवकों को मढ़ौरा सरकारी अस्पताल पहुचाया गया। जहां गुड्डू की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। छपरा ले जाने के दौरान गुड्डू की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि नीरा कुमार की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि गुड्डू कुमार गुरुवार की रात्रि में अपने ममेरे भाई की बारात में शामिल होने भटौरा गांव गया हुआ था। जहां से शुक्रवार सुबह वह अपने साथी नीरा कुमार के साथ पेट्रोल लेने मढ़ौरा जा रहा था, तभी डेवढ़ी के पास दुर्घटना का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दी।

## कालाबाजारी के लिए रखी 436 बोरी खाद बरामदगी मामले में 44 घंटे बाद प्राथमिकी दर्ज

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गाँव बलुआ मे कालाबाजारी को लेकर रखे गए 436 बोरी खाद बरामदगी मामले में 44 घंटे बाद प्राथमिकी दर्ज होना कई सवालों को जन्म देता है. बता दें कि सिकरहाना एसडीओ साकेत कुमार और प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकुमार पासवान के निर्देश पर कृषि समन्वयक सुधीर कुमार और रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से शनिवार की संध्या जितना थाना को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया. जिसके बाद अग्रतर कार्रवाई तेज हुई. बताते चले की गुरुवार की संध्या बलुआ गाँव मे कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली कि ग्रामीण बिजेंद्र कुमार के घर में अवैध रूप में तस्करी की नीयत से भारी



मात्रा में खाद छुपा कर रखा गया है. जिसके बाद जितना पुलिस के सहयोग से उक्त स्थल पर छापेमारी करके 436 बोरा यूरिया खाद को जब्त कर लिया. जब्त किए गए खाद में यूरिया 360 बोरा, 50 बोरा फसफेट, वहीं 6 बोरा पोटाश को जप्त किया गया. उसके बाद 44 घंटे बीत जाने के बावजूद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाया था।

## रक्सौल में 'महिला प्रशिक्षण केंद्र सह शेल्टर होम' की शुरुआत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छ रक्सौल द्वारा संचालित ह्लमहिला प्रशिक्षण केंद्र सह शेल्टर होमह्व का आज अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने विधिवत उद्घाटन किया। शेल्टर होम शहर के केसीटीसी कॉलेज रोड़ में खुला है। कार्यक्रम के दौरान शहर और आसपास की कई पीड़ित महिलाओं की वास्तविक स्थिति सामने रखी गई जिनमें रक्सौल रेलवे स्टेशन पर मिली मानसिक रूप से परेशान रेहाना खातून, ससुराल में प्रताड़ित मरियम, और पति द्वारा दूसरा विवाह करने के बाद घर से निकाली गई रेणु




कुमारी जैसे मामले शामिल रहे। उद्घाटन के बाद एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि ऐसे केंद्र समाज में कमजोर वर्ग, विशेषकर महिलाओं को सुरक्षा और गरिमा लौटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वच्छ रक्सौल का यह शेल्टर होम घरेलू हिंसा, सामाजिक उपेक्षा और मानसिक तनाव से जूझ रही महिलाओं को सुरक्षित रहने की जगह, काउंसलिंग, और कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा।केंद्र का उद्देश्य महिलाओं की स्थिति सुधारना ही नहीं, बल्कि उनके परिजनों से सामंजस्य स्थापित कर पुनर्वास कराना और उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन दिलाना भी है। कार्यक्रम में विमल सर्राफ, सुरेश साह, पंकज रूंगटा, राज कुमार, अमलेश श्रीवास्तव, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. मनीष कुमार, पार्वती तिवारी, कृष्ण आनंद, फायर ऑफिसर पवन कुमार और एसएसबी इंस्पेक्टर विकास कुमार सहित कई सम्मानित अतिथि मौजूद रहे। स्वच्छ रक्सौल के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा,ये महिलाएं हमारी-आपकी बहन-बेटियाँ हैं। इन्हें सम्मानपूर्वक जीवन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जो लोग इन्हें प्रताड़ित करते हैं, उन्हें हम इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर जवाब देंगे।शेल्टर होम के उद्घाटन से रक्सौल और आसपास की उपेक्षित, पीड़ित व असहाय महिलाओं को सुरक्षा, संबल और स्वावलंबन की नई उम्मीद मिली है।

## विधायक संजय पाण्डेय ने साठी में नूर केयर हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुदूर देहाती क्षेत्र में इतने अच्छे हॉस्पिटल का उद्घाटन हुआ है यह क्षेत्र के लिए एक अच्छी सुविधा उपलब्ध कराएगी इसके लिए मैं इसके संस्थापक नूर आलम को बधाई देता हूं। उक्त बातें नरकटियागंज भाजपा विधायक संजय पांडे ने कहीं । मौका था साठी कटहरी स्थित नूर केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन का । शनिवार को नूर केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन नरकटियागंज विधायक संजय पांडे टछउ अफाक अहमद एवं संस्था का निर्देशक नूर आलम ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया । अपने संबोधन में टछउ आफाक अहमद ने कहा कि देहाती क्षेत्र में यह हॉस्पिटल जहां आई सी यू ऑपरेशन थिएटर प्रसव कि सुविधा, आंख के इलाज की सुविधा इस क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। अस्पताल के डॉक्टर अबू जर एवं कटहरी पब्लिक स्कूल के सचिव अबू बकर ने कहा कि अस्पताल में आईसीयू इमरजेंसी सेवा RA 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। आयुष्मान कार्ड की सुविधा बहुत जल्द उपलब्ध कराई जायेगी। मरीजों की सुविधा के लिए डॉक्टर सदरे आलम डॉक्टर संतोष डॉक्टर अखिलेश कुमार डा अयाज अहमद डॉक्टर आजाद अंसारी डॉक्टर मजर इमाम सादगी डा शैयन अहमद डॉक्टर ताहिर हुसैन डॉक्टर बेबी गल मौजूद रहे । मौके पर पूर्व मुखिया राकेश मिश्र, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पवन वर्मा, डॉक्टर शाकिब , पंकज वर्मा मंटु मिश्रा अब्दुल रहमान, डॉ वसीउल्लाह एकरामूल हक सत्येंद्र राव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय में लेट पहुचने पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को सभी कार्यालय कर्मियो के साथ बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने एक विशेष बैठक की। बैठक के दौरान बीडीओ श्री सिंह ने कर्मियों को सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय में लेट लतीफी नहीं चलेगी। प्रतिदिन सभी कर्मी निर्धारित समय 10:30 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय पहुंचे और अपना अनुपस्थिति दर्ज करें। कार्यालय में देरी से पहुंचने वाले कर्मियों के खिलाफ करवाई के लिए अब वरीय पदाधिकारियों को लिखा जाएगा। वही कार्यालय पहुंचने वाले आम जरूरतमंदों के कार्यो का हर हाल में समय से निष्पादित करें। बेवजह उन्हें कार्यालय नहीं दौड़ना पड़े। अगर ऐसी एक भी शिकायत मिली तो संबंधित कर्मी के खिलाफ कार्रवाई तय है। बीडीओ ने कड़े शब्दों में कहा कि सभी कर्मी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। बैठक में बीपीआरओ विवेक आर्या, प्रखंड नाजीर सह प्रधान लिपिक प्रदीप पासवान, लिपिक शमीम अहमद, कुमारी प्रियंका, सहायक उर्दू अनुवादक गुलाम ए मुस्तफा, कार्यपालक सहायक विकास कुमार, सलोनी कुमारी, कविता कुमारी आदि उपस्थित थे।

### नरकटियागंज में मनाई गई बाबा साहेब की पुण्यतिथि

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बीडीओ सूरज कुमार सिंह, बीपीआरओ विवेक आर्या समेत प्रखंड और अंचल के कर्मियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन आपूर्ति कर नमन किया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहेब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके प्रखंड नाजीर प्रदीप पासवान, अंचल नाजीर जय प्रकाश साह, लिपिक शमीम अहमद, अंचल लिपिक प्रमोद कुमार, सहायक उर्दू अनुवादक गुलाम ए मुस्तफा, कार्यपालक सहायक विकास कुमार समेत अन्य कर्मी आदि उपस्थित थे।

### निशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक रहेंगे मौजूद : डॉ मुन्ना

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमाल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा एकदिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया है। जहां निशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर के डॉक्टर बाबू खान ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ देना है। चिकित्सा शिविर में आए हुए मरीजों को मुफ्त चिकित्सको द्वारा देखा जाएगा। साथ ही उनका खून जांच के साथ-साथ मुफ्त दवा भी दिया जाएगा। वही डॉक्टर मुन्ना सिंह ने बताया कि गरीबी एवं दूरी के कारण ग्रामीण क्षेत्र से जनता शहर में चिकित्सकों तक नहीं पहुंच पाते है और बीमारी और जटिल हो जाता है। इसी को लेकर मोतिहारी शहर के रुलही पंचायत भवन में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जहां ग्रामीण जनता को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही बताया कि इस चिकित्सा शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक मौजूद रहेंगे जो उपस्थित लोगों का इलाज करेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रिजवान खान ने दी।

## पिकअप अनियंत्रित होकर दुकान से टकराई, छह लोग घायल, तीन की हालत गंभीर

**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर बाजार स्थित मांझी-बरौली एसएच-96 पर गुरुवार की देर रात एक पिक-अप वाहन के अनियंत्रित होकर दुकान में घुस जाने से छत लोग घायल हो गए। जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायलों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायलों की पहचान दीपक कुमार यादव, रामबाबू यादव, दोनों करैलिया निवास तथा कमल सिंह के रूप में हुई है। बताया गया है कि कमल सिंह राजस्थान का रहने वाले हैं, जो अपने मित्र के यहां शादी समारोह में शामिल होने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बारात के लिए निकले तीनों लोग जब सड़क से गुजर रहे थे, तभी अचानक एक पिकअप वाहन अन बैलेंस होकर तेज रफ्तार में दुकान से जा टकराया। हादसे में तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा पहुंचाया। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ आयुष्मान ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने के कारण तीनों को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## बाबा साहेब ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मूल मंत्र बनाया : यमुना सिकरिया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 62 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर यमुना सीकरीया, भाजपा युवा नेता शिक्षाविद, उद्योगपति ने पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मूल मंत्र बनाया।



श्रमिकों किसानो और कमजोर वर्गों को अधिकार देकर सामाजिक न्याय का सर्वोच्च आदर्श स्थापित किया। बाबा साहेब के कार्य प्रत्येक देशवासी के लिए लोक सेवा के महान आदर्श हैं। मोदी सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाने में लगातार प्रयत्नशील है। इस अवसर पर सभी शिक्षक छात्र उपस्थित थे।

# राजेंद्र जयंती सह चित्रांश सम्मान समारोह आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देशरत्न डॉ.राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर देर संध्या तक संपन्न हुए जयंती समारोह सह चित्रांश सम्मान 2025 एक यादगार पल एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में याद किया जाएगा। जहां इस मौके पर धार्मिक आचार्यो, शिक्षाविदों, साहित्य एवं संस्कृति प्रेमियों, समाजसेवियों एवं राजनीतिक नेताओं ने अपने अपने दृष्टिकोण से पूरे कार्यक्रम को एक सूत्र में बांधते हुए राजेंद्र बाबू के आदर्श, विचार, शिक्षा एवं गुणों को सभी के सामने परोसा तथा कायस्थ समाज की एकजुटता पर बल दिया। बाहर से आए मुख्य अतिथि हो,विशिष्ट अतिथि हो या स्थानीय प्रबुद्ध जन हो सभी ने कार्यक्रम के आयोजन एवं इसकी महत्ता को सहज तरीके से स्वीकारते हुए यहां तक कहा कि अब कायस्थ समाज की युवा

**राजेंद्र बाबू आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे: सच्चिदानंद जी महाराज**

**राजेंद्र बाबू पर और अधिक कार्य होनी चाहिए: मनीष**

पीढ़ी पूरी तरह जागृत ही नहीं हो गई बल्कि अपने पूर्वजों को याद करने लगी है। कायस्थ परिवार के संयोजकत्व में गठित "सारण सर्व समिति चित्रांश एकता परिषद" छपरा द्वारा देशरत्न राष्ट्रपति डाः राजेन्द्र प्रसाद जयन्ती समारोह सह चित्रांश सम्मान का भव्य आयोजन स्थानीय पार्टी क्लब में कार्यकर्ता अध्यक्ष कमल किशोर सहाय की अध्यक्षता में किया गया।



जिसमें विशिष्ठ अतिथि मथुरा के पीठाधीश्वर चित्रगुप्त पीठ प्रमुख डाः सच्चिदानंद जी महाराज उपस्थित रहे।इसमें अजीत सिन्हा, अनिलेश्वर माधव, कमल नयन श्रीवास्तव, केके वर्मा, मधुरेश नारायण सिन्हा, हरेन्द्र सिन्हा, गायिका, रीना सिन्हा, गायिका, हैपी श्रीवास्तव, वालीवुड हास्य अभिनेता दीपू श्रीवास्तव, समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय समन्वयक सत्य नारायण प्रधान, भाजपा एनआर आई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा, जदयू के राज्य सचिव मनोज लाल दास मन्नू, कायस्थ समाज के नेता शीतेस रमण आदि अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। मंच संचालन कायस्थ परिवार के मुख्य संयोजक अभीजीत श्रीवास्तव एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक अभिषेक अरुण ने बहुत सुन्दर तरीके



से करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा को रखा जबकि अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा मिंटू ने इस आयोजन के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में सभी को विभिन्न चित्रांश समितियों, संगठनों के मुख्य संरक्षक गणों, अतिथियों एवं सम्मानित लोगो को सारण सर्व समिति चित्रांश एकता परिषद से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त, सम्मान पत्र व राजेंद्र प्रसाद जी का मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। हरेन्द्र सिन्हा ने पटना साहिब से कायस्थ समाज द्वारा निकलने वाली पत्रिका "कलमजीवी" को पीठाधीश्वर महाराज जी को समर्पित किया। साथ ही कलम के पुजारियों को "कलम" भी भेंट किया गया। पीठाधीश्वर सच्चिदानंद जी महाराज ने बहुत सुन्दर संबोधन किया कहा कि राजेंद्र बाबू एक आदर्श

**देश को नई दिशा देने में राजेंद्र बाबू की अद्वितीय भूमिका: जितेंद्र**

**दीपू श्रीवास्तव का हास्य व्यंग ३हंसी के फुआरे३ ज्यादा आकर्षक रहा**

व्यक्तित्व के धनी थे। मनीष सिन्हा ने कहा कि राजेंद्र बाबू पर और अधिक कार्य होनी चाहिए।उन्होंने पटना में भव्य प्रतिमा स्थापित करने के प्रयास को विस्तार से रखा। हरेन्द्र सिन्हा और श्रीमती रीना सिन्हा ने सुन्दर गीत सुनाकर सबको विभोर कर दिया। बहरहाल, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती समारोह अत्यंत भव्य, अनुशासित और ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ। शहर की सभी चित्रांश समितियों को एक मंच पर लाकर सारण सर्व-समिति चित्रांश एकता परिषद के बैनर तले अद्वितीय एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। प्रारंभ में कार्यक्रम की शुरूआत शाम 5:30 बजे दीप प्रज्वलन, चित्रगुप्त वंदना, गुरुजी सम्मान तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त नृत्यांगना अनीषा की गणेश वंदना से हुई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मथुरा चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर डॉ. सचिदानंद महाराज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बॉलीवुड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार दीपू श्रीवास्तव की उपस्थिति कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बनी। दोनों अतिथियों ने छपरा पहुँचकर समाज की एकता, व्यवस्था एवं मंच संचालन की अत्यंत प्रशंसा की और प्रसन्नता व्यक्त की।

# प्रधान सचिव ने मंडई वियर परियोजना का हेलीकॉप्टर से लिया जायजा





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत तथा प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार संतोष कुमार मल्ल द्वारा शनिवार को मंडई वीयर परियोजना का निरीक्षण जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य सचिव, बिहार तथा प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार द्वारा मंडई वीयर परियोजना का हेलीकॉप्टर के माध्यम से निरीक्षण किया गया। साथ ही मंडई वीयर परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई तथा भू-स्वामियों/रैयतों के साथ संवाद किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्य सचिव, बिहार प्रत्यय अमृत तथा प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार संतोष कुमार मल्ल को पौधा एवं पुआल पेंटिंग देकर स्वागत किया गया। मुख्य सचिव ने बताया कि मंडई वीयर परियोजना को धरातल पर लाने हेतु जल संसाधन विभाग एवं जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में नियमित रूप से मौजो में कैम्प/शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संबंधित भू-स्वामीयों का स्थल पर कागज तैयार कर भूस्वामियों को भुगतान हेतु आवेदन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि मै वर्ष 1997 में जहानाबाद जिले में जिला पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित था, उस समय मुझे जिला वासियों से काफी सहयोग प्राप्त हुआ था, मुझे मालूम है कि जहानाबाद जिले के व्यक्ति काफी सहयोगी है, और आज आप सभी के बीच आपसे संवाद करने आया हूं। उन्होंने भू-स्वामीयों से अपील किया कि आप अपने-अपने भूमि का मुआवजा प्राप्त करें, ताकि मंडई वीयर परियोजना का कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके। उन्होंने बताया कि आप सभी की मांगो को सरकार ने मानते हुए भूमि की मुआवजे राशि के प्रतिवर्ष सूद के रूप में 15 प्रतिशत की राशि भुगतान की स्वीकृति दे दी है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे बिहार में पहली बार मुआवजे की राशि का 15 प्रतिशत की दर से सूद जोड़ कर आप सभी को राशि भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। यह बहुत बड़ी उपलब्धी है। उन्होंने अपील किया कि आप सभी जहानाबाद जिला प्रशासन को अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि मंडई वीयर परियोजना का कार्य 30 मई, 2026 तक पूर्ण हो सके। परियोजना के क्रियान्वित होने से किसानों को खेती के लिए बिजली की समस्या, विद्युत विपत्र, जनरेटर के लिए इंधन की समस्या से निजात मिलेगा, पानी की समस्या समाप्त होने से खेती अच्छी होगी। उन्होंने बताया कि जिला पदाधिकारी द्वारा सराहनिय कार्य किया गया है कि आप सभी के सहयोग के लिए नियमित रूप से कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, ताकि भूमि अधिग्रहण का कार्य शीघ्र पूर्ण हो जाए।

प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार ने बताया कि मंडई वीयर परियोजना फल्गु नदी पर है, जो 3224 वर्ग कि.मी.वीयर का जलग्रहण क्षेत्र, नदी की अधिकतम जलश्राव 5500 क्यूमेक, नदी की चौड़ाई 167 मीटर, नदी का एच.एफ.एल. 63.72 मीटर एवं वीयर स्थल पर नदी का ब्रेड लेवेल 5870 मीटर है। मंडई वीयर परियोजना ऑटोमेटिकक शटर के साथ कंक्रीट वीयर है, वीयर की लम्बाई 365.00 मी., वीयर के क्रेस्ट का तल 59.80 मी., ऑटोमेटिक शटर की ऊंचाई 1.20 मी. एवं वीयर का पोन्डलेभेल 61.00 मी. है। साथ हीं अंडरस्लूईस की चौड़ाई 4X6 मी. एवं अंडरस्लूईस की संख्या एवं स्थिति वीयर के दोनो तरफ फोर वेंट का एक-एक अंडरस्लूईस है। मंडई वीयर परियोजना से निकलने वाले नहर में वायां मुख्य नहर की लम्बाई 3.63 कि.मी., टड़वां वितरणी की लम्बाई 12.35 कि.मी., सेमरा वितरणी की लम्बाई 3.12 कि.मी., करूआ वितरणी की लम्बाई 8.55 कि.मी., दायां मुख्य नहर की लम्बाई 1.94 कि.मी., हिलसा वितरणी की लम्बाई 10.98 कि.मी. एवं राढ़िल वितरण की लम्बाई 8.15 कि.मी. इस प्रकार मंडई वीयर परियोजना नहर की लम्बाई 48.72 कि.मी. है। मंडई वीयर परियोजना जहानाबाद जिला के मोदनगंज प्रखंड में 2076 हे. क्षेत्र में, नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखंड में 1364 हे. क्षेत्र में तथा पटना जिला के धनरूआ प्रखंड में 319 हे. सिंचन क्षेत्र है। इस परियोजना के क्रियान्वित हो जाने से तीनों जिला के खेतो में सिचाई की समस्या से निजात मिल सकेगा। यह योजना भू-खुशाली की योजना है, इससे हर परिवार को सहायता मिलेगा।मुख्य सचिव, बिहार प्रत्यय अमृत तथा प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया तथा रैयतो से वार्तालाप किया गया। साथ हीं कैंप में कार्यरत सभी पदाधिकारी को शीघ्र मुआवजे की भुगतान की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## मासिक जांच परीक्षा में 40 छात्रों ने लिया भाग

**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में एसएससी एवं बीपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं का मासिक जांच परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना, उनकी प्रतिभाओं को निखारना तथा उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना था। प्रतियोगिता परीक्षा में सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, गणितीय क्षमता, भाषा कौशल एवं करंट अफेयर्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। प्रश्नपत्र विशेषज्ञ शिक्षकों की देखरेख में तैयार किए गए थे, जिससे परीक्षा की गुणवत्ता और कठिनाई स्तर उचित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। प्राक परिक्षा प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक मोहम्मद मसउद आलम ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा के परिणाम आने वाले सप्ताह में घोषित कि जाएगी। इस परीक्षा में वीक्षण का कार्य डॉ प्रेम शंकर गोंड एवं डॉ रमेश कुमार सिंह ने किया। इस परीक्षा में लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में चंदन कुमार एवं आमिर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मखबुलपुर में मशरूम खेती को लेकर कृषि पाठशाला आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के हसपुरा पंचायत अंतर्गत मकबूलपुर गांव स्थित पानी टंकी के समीप मशरूम खेती की बढ़ावा को लेकर कृषि पाठशाला का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक महिला किसान शामिल हुए। कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना है कि किसानों की आमदनी दुगुना हो जिसे लेकर नगदी फसलों में मशरूम की खेती पर बल दिया जा रहा है। कृषि पाठशाला में किसानों को बीटीएम कुंदन कुमार, एटीएम अवनीष कुमार ने कहा जब कृषि पाठशाला से मशरूम की खेती करने के बाद किसान मशरूम का फसल लगाएंगे तो उनकी तस्वीर बदल जाएगी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि किसानों की पारंपरिक खेती के साथ - साथ अतिरिक्त आजीविका का साधन नगदी हो। पाठशाला में आयस्टर एवं बटम मशरूम की खेती करने, बीज तैयार करने की विधि, फसल कटाई की जानकारी विस्तार से दी गई। इस दौरान ट्रेनरों ने कृषि पाठशाला में शामिल महिला किसानों में किरण कुमारी, संजु देवी, सुषमा देवी, विणा देवी को, बेबी कुमारी सहित लगभग 25 किसानों को मशरूम के पोषणियता और बाजार में मांग के बारे मे बताया गया।

### महापरिनिर्वाण दिवस के रूप मनी बाबा साहब की पुण्यतिथि

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर समरसता व समानता के प्रतीक थे,उन्होंने देश को एक मजबूत दिया है। जिसका आज सामने कई मिशाल देखने को मिलता है। उन्होंने वंचितों और शोषितों को जो अधिकार दिया जो सभी क्षेत्रों देखने को मिल रहा है। उक्त बातें जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष चन्द्रेश पटेल ने हसपुरा बाजार के हाईस्कूल मोड़ स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय में बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वान दिवस पर कही। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर मालार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया। रिटायर्ड शिक्षक नागेश्वर राम, माकपा नेता कामाख्या नारायण सिंह , पंसस धनंजय कुमार मुन्ना, डा. फैज अहमद ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आज अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कभी भी ऊंच नीच छुआ छूत कि राजनीति नहीं किया। भुआवल यादव, रामबली राम, ललन पंडित, रवि कुमार, विमल बौद्ध सहित अन्य गण्यमान लोगों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपने को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए संविधान निर्माता

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता।** परिनिर्वाण दिवस पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में अधिवक्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय एवं संचालन शिवराम ने किया। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीएम जयप्रकाश नारायण, एडीएम उपेंद्र पंडित, कोषागार अधिकारी ई. महंथा स्वरूप थे। इस दौरान जिला विधिज्ञ संघ के महासचिव जगनरायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, उदय कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार,दिलीप कुमार सिंह, सीडी पासवान, सतीश कुमार स्नेही, अनुप कुमार, अशोक पासवान, राजेश्वर पासवान, कृष्णा पासवान, सुरेंद्र कुमार, उमेश दास, शशीभुषण,ओम प्रकाश शर्मा, धर्मराज राम भारती, विजय निराला, प्रभावती राय, वैजयंती कुमारी, सुरेश राम सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिविर में 170 मरीजों की आंख जांच

**ओबरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के डिहरा गांव में निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। पटना के प्रसिद्ध हॉस्पिटल ओजस्व नेत्रालय के द्वारा लगाया गया। इस शिवर में मोतियाबिंद के 170 मरीज का जांच किया गया है जिन्हें पटना में ऑपरेशन किया जाएगा। आयुष्मान के द्वारा डॉ ओजस्विता सिंह ने कहा बहुत ऐसे मरीज हैं जो छोटे बच्चे हैं। उनका इलाज अभी सही समय पर कर दिया जाए तो बाद में आंख का रौशनी वापस आ सकता है। इस दौरान ऐसे कई परिवार है जो आर्थिक तंगी में आंख से संबंधित इलाज नहीं करा पाते है। मेदांता पटना के रेडियोलॉजी डारेक्टर डॉ रंजन ने कहा कि कैंप लगाने से काफी लोगों को इसका लाभ मिला है। सामाजिक कार्यों को लेकर निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया है। संस्था गरीबों की सेवा के प्रति हमेशा तत्पर रहता है। जहां भी समाज को जरूरत होगी वहां हमेशा तैयार हैं।

### मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** पुरानी विवाद में मारपीट के दो आरोपी को मदनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सुरज कुमार एवं रितेश कुमार के रूप में की गई है। ये दोनों आरोपी सहोदर भाई है। आरोप है कि थाना क्षेत्र के खिरियावा निवासी भीम ठाकुर को एक पुरानी विवाद में आरोपियों ने मारपीट की थी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मामले में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाया था और कार्रवाई की मांग की थी। घटना शुक्रवार की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि इस कांड में दो अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार

**मखदुमपुर(जहानाबाद)/नबिटा संवाददाता।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने धीरा बिगहा गांव में छापेमारी कर दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार चल रहे दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धीरा बिगहा गांव से दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार रहे वारंटी रामदेव प्रसाद एवं सुगनी देवी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों लोगों को पुलिस ने मेडिकल जांच करने के बाद जेल भेज दिया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से चाय दुकानदार की मौत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर(जहानाबाद)।** पटना - गया राष्ट्रीय मार्ग के मीरा बिगहा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से चाय दुकानदार की मौत हो गई। मृतक की पहचान देवकुली गांव निवासी 35 वर्षीय राकेश कुमार उर्फ फागु के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक फागु बबूरवना मोड़ स्थित एनएच 22 पर चाय का दुकान करीब 2 साल से चलाता था। मृतक के चाचा ने बताया कि राकेश राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 22 पर चाय का दुकान खोले हुए हैं। आज भी वह घर से दूध लेकर दुकान के लिए ही जा रहा था। इसी दौरान पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे जबरदस्त ठोकर मार दिया। घटना के बाद फागु को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद टेहटा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया पुलिस अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई कर रही है। बता दे कि एनएच 22 पर लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना से आम लोग भयभीत हैं।

## जीविका ने रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का किया आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के युवक-युवतियों को रोजगार देने एवं उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित करने के उदेश्य से रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन शहर के गांधी मैदान के प्रांगण में किया गया। मेला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी जहानाबाद अलंकृता पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता विभागीय जांच श्री विनय कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका विनय कुमार, साकेत कुमार एवं सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल मिस्त्री उपस्थित रहे।

रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल् योजना अंतर्गत बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, जीविका, जहानाबाद द्वारा किया गया। उद्घाटन से पूर्व आगत अतिथियों का स्वागत जीविका दीदियों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को संकुल संघ के पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सभी स्टॉलों का निरक्षण किया गया और सभी कंपनियों के प्रतिनिधि से संपर्क कर सारी बातों की जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि चयनित अभियार्थियों को जल्द से जल्द काउंसलिंग कर उन्हें नियुक्ति प्रदान की जाए। ।रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में कुल 1669 युवक –युवतिओं ने नौकरी के लिया निबंधन कराया था। मेला के माध्यम से उपस्थित कंपनियों ने 21 युवक –युवतिओं को मौके पर ही ऑफर लेटर दिया है, वहीं 328 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए बुलाया गया है। रोजगार मेला में 165 अभ्यर्थियों ने स्वरोजगार के लिए आरसेती के स्टाल में निबंधन किया।

### कोर्ट के निर्देश पर तीन वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कोर्ट के निर्देश पर वारंट मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई दो थानों की पुलिस द्वारा की गई है। एनटीपीसी खैरा थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फ़लवरूप थाना क्षेत्र के सर्रार गांव निवासी दुर्गा राम को गिरफ्तार किया गया है। नवीनगर थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी पिंटू कुमार एवं शिवसागर गांव निवासी उमेश राम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की माने तो ये तीनों लंबे समय से फरार थे। कोर्ट के निर्देश पर पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया।

## निरीक्षी जज ने किया 'शांति का संदेश' सत्र का शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** न्यायाधीश पटना उच्च न्यायालय-सह-निरीक्षी न्यायाधीश, औरंगाबाद न्यायमूर्ति हरीश कुमार, प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश, औरंगाबाद राजकुमार-1 ने मंडल कारा औरंगाबाद का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा पुष्पगुच्छ व प्रेम रावत की पुस्तक भेंट की। न्यायाधीश ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। निरीक्षण के क्रम में न्यायाधीश ने कारा में बंदी द्वारा निर्मित महात्मा बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया तथा कारा प्रशासन द्वारा बंदियों के मेडिटेशन हेतु विकसित 'तपोभूमि' के विषय में जानकारी प्राप्त की। राज विद्या केंद्र द्वारा संचालित 15 दिवसीय कार्यक्रम "प्रेम रावत का शांति का संदेश" के सत्र का शुभारंभ भी निरीक्षी न्यायाधीश के द्वारा किया गया। न्यायाधीश ने बंदियों को जीवन मे संयम बरतने, अनुशासन लाने तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया। जिला जज ने बंदी कल्याण हेतु कारा प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। निरीक्षी न्यायाधीश ने कारा की विधि व्यवस्था, स्वच्छता, अनुशासन आदि के लिए कारा प्रशासन की सराहना की एवम बंदियों के कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की सलाह जेल अधीक्षक डॉ दीपक कुमार को दी। निरीक्षण के क्रम मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार तान्या पटेल, न्यायिक पदाधिकारी डॉ नंदिनी कुमारी, उपाधीक्षक सरोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जल जीवन हरियाली महोत्सव की शुरुआत वेद मंत्रोच्चार के साथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के चौधरी मुहल्ला स्थित स्वर्गीय विनेश्वर साहू के हाता में जल जीवन हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय महोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि जेपी सेनानी औरंगाबाद के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, महा परिवर्तन आंदोलन औरंगाबाद के महासचिव संतोष कुमार सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, प्रसिद्ध लोक गायक रामश्लोक विश्वकर्मा, शिव शिष्य राजेश कुमार एवं अन्य लोगों के द्वारा किया गया। जल जीवन हरियाली महोत्सव के संयोजक वृक्ष मित्र राजेश कुमार शौंडिक के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान परिवेश में जिस प्रकार से पर्यावरण झंझाबात के दौर में चल रहा है ऐसी स्थिति में राजेश कुमार शौंडिक द्वारा सैकड़ों पेंड लगाकर पर्यावरण के बचाव में एक भागीरथी प्रयास किया गया है। इसी के निमित्त आज दो दिवसीय जल जीवन हरियाली महोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम अपने पर्यावरण को सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर प्राकृतिक असंतुलन को संतुलित करने का प्रयास करें। उद्घाटन सत्र के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रामश्लोक विश्वकर्मा के द्वारा बेहतरीन प्रस्तुत की गई। मोहित सिंह के म्यूजिकल टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प हार देकर स्वागत किया गया। यह महोत्सव औरंगाबाद जिले में पहला महोत्सव है जो पर्यावरण के विषय पर आयोजित किया गया है औरंगाबाद जिला महोत्सव जिला है जहां दर्जनों महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

## विद्यार्थियों को निरंतर सीखने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एस.एस. कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित कर छात्रों को विदाई दी गई। स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित सत्र 2023-25 के छात्र-छात्राओं के लिए एक भावपूर्ण एवं गरिमामय फेयरवेल समारोह का सफल आयोजन सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा के सार्थक समापन का प्रतीक था, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रेरणा, उत्साह और नई ऊर्जा का संचार भी करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण दीपक ने कहा कि ऐसे आयोजन महाविद्यालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं तथा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सौहार्द, नेतृत्व क्षमता और समूह कार्य जैसी गुणों का विकास करते हैं। इस दौरान हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. भागवत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के शिक्षण–प्रशिक्षण की वास्तविक सफलता तभी सिद्ध होती है, जब विद्यार्थी यहां प्राप्त ज्ञान, संस्कार और मूल्यों को अपने आचरण में उतारकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनते हैं। इस अवसर पर स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान सत्र 2023-25 की छात्रा सुरभि कुमारी को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं इको क्लब के स्वयंसेवक निधि कुमारी एवं सुजीत राज को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके असाधारण समर्पण, नवोन्मेषी पहल और अनुकरणीय नेतृत्व क्षमता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजलि कुमारी ने किया। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन प्रदान करने वालों में वनस्पति विज्ञान विभाग के सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार द्विवेदी, नीरज कुमार, अमृता कुमारी, प्रेम कुमार सहित अन्य गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर जहानाबाद के आंबेडकर चौक, श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर बाबा साहब के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। माल्यार्पण के पश्चात दो मिनट का मौन रखकर डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डीएम अलंकृता पांडेय ने कहा कि "डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी हमारे समाज को सही दिशा देने का काम करते हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समानता और सौहार्द को मजबूत करना चाहिए।" कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को लेकर भी संदेश दिया गया। स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिन्हें शिक्षकों और अधिकारियों द्वारा डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जहानाबाद के उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव, एससी-एसटी संघ के सदस्य अरविंद चौधरी एवं रामजीवन पासवान विशेष रूप से मौजूद रहे।

## ओबरा-कोराईपुर गांव के बीच पुनपुन नदी पर नहीं बना पुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा विधानसभा क्षेत्र के कोराईपुर और ओबरा के बीच बहने वाली पुनपुन नदी पर पुल निर्माण की मांग वर्षो से ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। बता दें कि यह पुल ओबरा कन्या उच्च विद्यालय के समीप प्रस्तावित है। पुल के निर्माण से कैथी, अमिलौना, गुलजार, आशा बिगहा, मेहंदा सहित गांवों के ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को बढ़ी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में इन गांवों के छात्र-छात्राओं को ओबरा कन्या उच्च विद्यालय और बालक उच्च विद्यालय में पढ़ाई के लिए नदी पार करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण छात्रों और ग्रामीणों को ओबरा आने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान उन्हें नदी पार करने के बजाय लगभग पांच किमी लंबा रास्ता तय कर खरांटी होकर ओबरा पहुंचना पड़ता है। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है बल्कि विद्यालय और बाजार आने-जाने में जोखिम भी बढ़ जाता है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान करने में विफल साबित हो रहे हैं।

## बेटियों को बनाना होगा सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** गोह थाना के महिला हेल्प डेस्क के तत्वावधान में सारवती प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय गोह में छात्राओं हेतु महिला जागरूकता एवं सुरक्षा विषयक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर सतर्कता, डिजिटल शोषण से बचाव, उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाएं तथा उच्च शिक्षा हेतु प्रेरणा प्रदान करना था। कार्यशाला में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता, दैनिक जीवन में सुरक्षा व्यवहार, सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता, आपातकालीन स्थिति में तुरंत किए जाने वाले कदम, बिहार पुलिस द्वारा महिलाओं हेतु चलाए जा रहे सुरक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

**कार्यशाला में 24×7 उपलब्ध प्रमुख हेल्पलाइन नंबर**

महिला हेल्पलाइन : 181

बाल सुरक्षा हेल्पलाइन : 1098

आपातकालीन सहायता : 112

साइबर क्राइम रिपोर्टिंग : www.cybercrime.gov.in

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पांडे सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। महिला हेल्प डेस्क, गोह थाना का संकल्प है कि थाना क्षेत्र की सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जिलास्तरीय युवा उत्सव में कलाकारों का संगम

## 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी कन्कौल में तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालय एवं संस्थाओं के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अपर समाहर्ता सह लोक शिकायत निवारण अधिकारी शकील आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी नेहा कुमारी, जिला खेल अधिकारी बिट्टू कुमार और जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम सहनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम सहनी ने सभी



आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र, मोमेंटो और पौधा देकर स्वागत किया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के दिशा-निर्देश पर आयोजित इस तीन दिवसीय उत्सव का समापन सोमवार को किया जायेगा। तथा सभी सफल प्रतिभागियों के बीच पारितोषिक का वितरण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की शुरूआत ईशा और उनकी टीम के द्वारा गणेश वंदना और स्वागत गीत से हुई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता शकील अहमद ने युवाओं को ऐसे सांस्कृतिक व रचनात्मक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला एवं संस्कृति मनुष्य के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार है। जो समाज और व्यक्ति दोनों को सुसंस्.त बनाने में अपनी बड़ी भूमिका निभाती है। उहोंने प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं भी प्रेषित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने प्रतिभागियों के उत्साह और सृजनशीलता की सराहना करते हुए उन्हें जिला से राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का परिचय देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्राइवेट स्कूल की तरह अपडेट होंगे सरकारी स्कूली बच्चे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र में सरकारी स्कुल के बच्चे भी प्राइवेट स्कूल के बच्चों की तरह स्कूल बैग में कॉपी, किताब रखकर स्कूल जाएंगे। इसको लेकर प्रखंड के सरकारी स्कूलों के वर्ग 1 से 12 तक के बच्चों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए उनके बीच शैक्षणिक किटों का वितरण किया जा रहा है। इसके लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक किटों का बीआरसी द्वारा स्कूलों में वितरण किया गया है। अब स्कूलों को मिले शैक्षणिक किटों का बच्चों के बीच वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटरमाला में गुरुवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रभा कुमारी के द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के बीच शैक्षणिक किटों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच बैग, कॉपी एवं अन्य सामग्री का विवरण किया जा रहा है। इससे गरीब तबके के बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलेगी। इसके पहले बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है और अब बैग, कॉपी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा दी गई शैक्षणिक किटों को उपलब्ध कराया गया। इसके पश्चात ही प्राप्त शैक्षणिक किटों का अपने स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक राहुल कुमार, सर्वोत्तम कुमार, अनुराग कुमार, महेश कुमार, प्रेमजीत कुमार आदि सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# बच्चों को दी गई बीमारियों से बचाव की जानकारी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को प्रखंड के प्राइमरी, मिडिल व हाई स्कूलों में बच्चों को निमोनिया, सर्दी खांसी, जुकाम, आंख- त्वचा में होने वाले संक्रमण एवं चेचक से खतरे व बचाव के उपाय की जानकारियां दी गयी। फोकल शिक्षक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते मौसम के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। इन दिनों सर्दी, खांसी, जुकाम बढ़ रहें हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए नींबू और इलायची का मिश्रण बनाकर आधा चम्मच शहद मिलाकर दो बार सेवन करने से खांसी जुकाम से काफी राहत मिलता है। गर्म पानी का सेवन से गले मे जमा कफ खुल जाता है। साथ ही सर्दी के मौसम में रोज हल्दी वाली दूध पीने से भी जुकाम को फायदेमंद साबित होता है। बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए सावधानी और परहेज की सलाह दी।निमोनिया से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है।वहीं चेचक के संक्रमण से बचाव के लिए साफ-सफाई पर ध्यान देने व संक्रमण होने पर समुचित इलाज कराने सहित कई सुझाव व उपाय बताए गए। मौके पर मौजूद थे।

# हंटर 2 से सोशल मीडिया क्वीन बनी एक्ट्रेस नम्रता दुबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** फैशन और मॉडलिंग जगत में अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित कर दीवाना बनाने वाली ब्यूटी क्वीन नम्रता दुबे इन दिनों सोशल मीडिया क्वीन बन चुकी हैं। हर कोई यह जानना चाहता है कि ये बेहतरीन अदाकारा खूबसूरती की मिसाल अखिर कौन है। जी हां हाल के दिनों में थ्रिल और एक्शन से भरपूर वेब सीरीज हंटर 2 में एक बेहद ही रोमांटिक व सेंसेशनल सीन देने वाली नम्रता रातों रात सोशल मीडिया ट्रेंडिंग में आ गयी और युवाओं के दिलों पर राज करने लगी। हंटर 2 जहां सुनील शेट्टी के



एक्शन को लेकर चर्चा में रही वहीं इस फिल्म में नम्रता दुबे पर फिल्माया गया एक बेहद ही रोमांटिक कार सीन काफी चर्चाओं में है। इस एक वीडियो क्लीप ने नम्रता के लाखों फैंस बना डाले और उन सबको दीवाना भी बना दिया। बॉलीवुड की नामचीन अभिनेत्रियों की तरह आजकल नम्रता की अदाकारी भी चर्चा में है। हंटर 2 के आकर्षक दृश्यों, संवाद व अभिनय के साथ-साथ नम्रता की भी चर्चाएं हो रही हैं। नम्रता मॉडलिंग की दुनिया का सफर तय कर बॉलीवुड तक पहुंची हैं। वह बताती हैं कि उनके करियर में कई उतार चढ़ाव आए है और मिसेज इंडिया के प्लेटफार्म पर उन्होंने टाइटल और सबटाइटल जीता। अब एक्टिंग की दुनिया में रोमांच पैदा कर रही हैं। हंटर - 2 में उनकी एक दमदार एंट्री ने सभी को रोमांचित कर दिया है।

# लोक कला प्रतियोगिता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वीरपुर।** प्रखंड के जगदर पंचायत अंतर्गत फजिलपुर गांव स्थित मधुसूदन गौशाला के प्रांगण में भाजपा के महिला जिला उपाध्यक्ष ऋचा सिंह के नेतृत्व में बिहार लोक कला प्रतियोगिता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बिल्कुल निःशुल्क था साथ ही इस प्रतियोगिता में लगने वाली सामग्री भी प्रतिभागियों को मुहैया कराया गया। एवं प्रथम स्थान पाने वाले को दो हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पंद्रह सौ रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एक हजार रुपए और सांत्वना पुरस्कार के रूप में पांच सौ रुपए नगद दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की लोक कला हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो हमारी पहचान और आत्मा का प्रतिबिंब के साथ ही हमारी धरोहर है। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विभा कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली नंदनी कुमारी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सोनम यादव, एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले में खुशी कुमारी और सोनाक्षी कुमारी को भाजपा के महिला प्रकोष्ठ के राज्य प्रवक्ता कुमकुम भारद्वाज, आत्म निर्भर भारत के बिहार प्रभारी संगीता कुमारी के हाथों नगद पुरस्कार की राशि देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी हौसला आफजाई की। मौके पर भाजपा के महिला जिला अध्यक्ष डा. रेखा कुमारी, डा. पूजन सिंह, उर्मिला कुमारी, पंचायत अध्यक्ष रंजीत कुमार समेत कई प्रतिभागी उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सीआरसी पालीडीह के प्रांगण में शनिवार को संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन संकुल के संचालक अवधेश कुमार व मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। विज्ञान प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय पालीडीह की छात्रा सोनम कुमारी ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय अतरूआ की छात्रा चांदनी कुमारी ने द्वितीय स्थान व मध्य विद्यालय पालीडीह की छात्रा आरोही कुमारी, छात्र अनुराग कुमार व विशाल वसु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही क्विज प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय पालीडीह की छात्रा सोनम कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन गोपाल कुमार के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक टीम में संजीव कुमार, पवनेश कुमार व मनोज कुमार शामिल थे। उक्त अवसर पर विभिन्न विद्यालय के शिक्षक सुधीर कुमार पाठक, नगीना शर्मा, नीरज कुमार, ब्रजेश कुमार, बिल्किस बानो, रेणु कुमारी, सुमन, तेजस्वी, धनंजय, मंजेश अविनाश, मो फारूक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# डब्ल्यूपीयू निर्माण पूर्ण नहीं कराने वाले पंचायत सचिव पर होगी कार्रवाई : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** विद्या भवन सभागार में उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह ने शनिवार को पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान जिले के विभिन्न पंचायतों में डब्ल्यूपीयू निर्माण कार्य लंबित पाया गया। उन्होनें सभी लंबित डब्ल्यूपीयू कार्य को 15 दिसम्बर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। यदि वे निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नही करते है तो कारवाई की जाएगी। इसके साथ ही जीपीआईसी के पास लंबित राशि



ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शत-प्रतिशत उपलब्ध कराने के लिए निदेशित किया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों के मानदेय को भी इस माह में भुगतान करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र की मांग की गयी है। साथ ही साथ सभी पंचायतों में डब्ल्यूपीयू फंक्सनल कराने के लिए ई-रिक्शा, पैडल रिक्शा का संचालन सतत रूप से कराने के लिए निदेश दिया है। इस बैठक में जो पंचायत सचिव अनुपस्थित है उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। समीक्षा बैठक में जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, जिला परियोजना पदाधिकारी के साथ भारी संख्या में पंचायत सचिव मौजूद थे।

# बीडीओ ने अग्नि पीड़ित का लिया जायजा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बीडीओ राहुल रंजन ने शनिवार को डफरपुर पंचायत के अब्बुपुर गांव में अग्नि पीड़ित परिवारों से मिला। सनद रहे कि शुक्रवार की शाम अब्बुपुर में भयंकर अगलगी हो गयी थी तथा एक घर सहित तीन भूसकार जल गये थे। इसमें लाखों की क्षति हुई थी। बीडीओ राहुल रंजन ने आग लगने के कारणों के साथ हुई क्षति से भी अवगत हुए। उन्होंने अग्नि पीड़ित परिवारों को सरकारी अनुदान प्रावधान के अनुसार दिलाने का आश्वासन दिया।

# जिला न्यायालय पहुंचे हाईकोर्ट के निरीक्षी जज

**(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)**

**बेगूसराय।** हाईकोर्ट के जस्टिस एवं निरीक्षी जज शशि भूषण प्रसाद सिंह शनिवार को जिला न्यायालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। साथ ही चल रहे न्यायिक कार्यों की समीक्षा की। न्यायिक व्यवस्था को और सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से जज ने कोर्ट परिसर की विभिन्न इकाइयों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के बाद जस्टिस ने जिला न्यायालय परिसर में निर्मित तीन महत्वपूर्ण भवनों का लोकार्पण किया। इन भवनों के शुरू हो जाने से न्यायिक कार्यों में सुगमता एवं सुविधा बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला जज, अन्य न्यायिक पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।जस्टिस शशि भूषण प्रसाद सिंह ने कहा कि नए भवनों के निर्माण से न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी और आम जनता को बेहतर न्यायिक सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

## तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**भगवानपुर।** भगवानपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सुमित कुमार ने विभिन्न मामलों में वांछित तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा किए गए इन अभियानों में शराब निषेध उल्लंघन से लेकर अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज मामलों के अभियुक्त शामिल हैं। पहले मामले में थाना कांड संख्या 310/25 के तहत नामजद अभियुक्त गेहूनी बदिया निवासी स्वर्गीय विजय पासवान के पुत्र मुकेश पासवान को गिरफ्तार किया गया। वही दूसरी तरफ थाना कांड संख्या 192/25 के अभियुक्त बासुटोल कबिया निवासी बुद्धू महतो के पुत्र गुड्डू कुमार एवं इसी कांड के अभियुक्त बासूटोलकविया निवासी महेंद्र महतो के पुत्र राम पुकार महतो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सभी अभियुक्तों को कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजा जा रहा है।

# एजुकेशन फेयर का आयोजन




**(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)**

**पटना।** भारत के प्रमुख मैनेजमेंट कॉलेज, आईआईएम के एलुमनी रह चुके और आईआईएम वाला के संस्थापक डॉ. सुनील के द्वारा आयोजित इस ख्रउइ फ़ेयर में देश के तमाम शीर्ष मैनेजमेंट कॉलेज और यूनिवर्सिटी शामिल हुए।

कैट प्रतियोगिता के लिए चर्चित कोचिंग इंस्टिट्यूट आईआईएम वाला द्वारा पटना में इस एजुकेशन फ़ेयर में 24 कॉलेज और यूनिवर्सिटीज़ ने शिरकत की। बिहार के प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. सुनील कुमार सिंह के द्वारा संचालित आईआईएम वाला और जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में एजुकेशन फ़ेयर आयोजित किया गया। कैट, आईपीमैट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आईआईएम वाला भारत के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में शुमार है। आईआईएम वाला कोचिंग इंस्टीट्यूट बिहार और झारखंड के छात्रों की पहली पसंद बन चुका है। डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आईआईएम वाला एजुकेशन फ़ेयर को आयोजित करने में छात्रों का विशेष सहयोग मिला, खासकर छात्राओं का इस आयोजन में उत्साह और सहयोग सराहनीय रहा। डॉ. सुनील ने बताया कि ऐसे आयोजनों में छात्रों के शामिल होने से उनका मैनेजेरियल स्किल काफी बढ़ जाता है। भारत के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज आईआईएम काशीपुर से प्रबंधन की पढ़ाई कर चुके डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे एजुकेशन फ़ेयर कराने का उद्देश्य छात्रों को अपने शहर में रहकर देश के नामी संस्थानों से रूबरू कराना और संपूर्ण जानकारी प्रदान करना है। शिक्षा और खेल में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. सुनील कुमार सिंह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित हैं। वे पिछले 25 वर्षों से कॉमर्स विषयों में अग्रणी कोचिंग जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के निदेशक भी हैं।डॉ. सुनील के द्वारा आयोजित एजुकेशन फ़ेयर में आईटीएम बिज़नेस स्कूल नवी मुंबई, जिम्स ग्रेटर नोएडा, एक्यूरेट ग्रेटर नोएडा, जीएल बजाज ग्रेटर नोएडा, आईएसबी एंड एम पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ यूनिवर्सिटी पुणे, संदीप यूनिवर्सिटी नासिक/मधुबनी, एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत, जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी गुड़गांव, एमिटी यूनिवर्सिटी पटना, मानव रचना फरीदाबाद हरियाणा, हरिशंकर सिंघानिया स्कूल ऑफ बिजनेस जयपुर, एनआईईटी ग्रेटर नोएडा, ग्राफिक एरा देहरादून, दून बिज़नेस स्कूल, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, देहरादून, आईआईएलएम ग्रेटर नोएडा, विश्वा विश्वानी हैदराबाद, श्री श्री यूनिवर्सिटी कटक, आरआईटी रुड़की, आईएसएम पटना, एलायंस यूनिवर्सिटी बैंगलोर, आईज़ी बैंगलोर जैसे प्रसिद्ध कॉलेज शामिल हुए। आईआईएम वाला एजुकेशन फ़ेयर को सफलतापूर्वक आयोजित करने वाले छात्रों में सोनम, अदिति, आर्ची सिंह, प्रतिभा, राशि, अहाना, खुशी, पुनः, सरगम, मौली, अपूर्व, प्रिंसी, आर्यन शामिल हैं।

# समरसता दिवस के रूप में मनाई गई बाबा साहब की पुण्यतिथि

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तेघड़ा नगर इकाई के द्वारा भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय समरसता दिवस मनाया गया। जिसमें दक्षिण मधुरापुर-1 कहर टोली में जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष सुजीत सर ने बाबा साहब याद करते हुए उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर कार्यक्रम को आयोजित किए नगर मंत्री शशि कुमार ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय समरसता दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों और विचारों को याद किया और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिज्ञा ली। इस जांच शिविर में कई छात्र, बच्चे एवं ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई मौके पर डक्टर प्रियंका कुमारी, सीएचओ और दो सहायक आशाबहु, एसएफएस सह संयोजक रोहित कुमार, मनीष, मुकेश, रिशु एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी में बायोमास को-फायरिंग पर क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन

**(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के बिजली परियोजना में आज केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय तापीय विद्युत संयंत्रों में बायोमास उपयोग को बढ़ावा देने हेतु संचालित राष्ट्रीय सामर्थ मिशन के सहयोग से ख्बायोमास को-फायरिंग विषय पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कहलगांव परियोजना के नगर परिसर स्थित अंग भवन में आयोजित समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला का उद्देश्य एनटीपीसी के ताप विद्युत संयंत्रों में बायोमास के सह-फायरिंग को प्रोत्साहित करना, फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना तथा पराली जलाने की समस्या को कम करते हुए स्वच्छ एवं हरित ऊर्ज़ा उत्पादन को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बायोमास को-फायरिंग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि तथा सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक व्यावहारिक और प्रभावी माध्यम है।



इस प्रकार की कार्यशालाएं किसानों, उद्योगों एवं प्रशासन के बीच सशक्त समन्वय स्थापित करती हैं तथा पराली जलाने जैसी गंभीर समस्या के स्थायी समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस मौके पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सामर्थ मिशन के निदेशक रवि प्रकाश अग्रवाल और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के उप निदेशक जितेश श्रीवास ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए देशभर के ताप विद्युत संयंत्रों में बायोमास को-फायरिंग की वर्तमान स्थिति, भावी कार्ययोजनाओं एवं इससे जुड़े तकनीकी मानकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री अग्रवाल ने कहा कि बायोमास को-फायरिंग न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सहायक है, बल्कि यह भारत के ऊर्ज़ा संक्रमण के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी अहम भूमिका निभा रही है। एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र -वन के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक विजय गोयल भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। इधर कहलगांव परियोजन के प्रमुख रविन्द्र पटेल ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनटीपीसी देश की बढ़ती ऊर्ज़ा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के लिए भी निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बायोमास को-फायरिंग जैसे प्रयास भारत को स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर ऊर्ज़ा की दिशा में आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होंगे। दिन भर चले कार्यशाला के दौरान बायोमास को-फायरिंग से जुड़े तकनीकी, पर्यावरणीय एवं आर्थिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने जानकारी दी कि बायोमास आधारित ईंधन के उपयोग से जहां कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है, वहीं किसानों को फसल अवशेषों का उचित मूल्य प्राप्त होता है तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन परियोजना के अधिकारी दिनकर शर्मा एवं अपराजिता राय ने किया। समारोह में जिला कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद, परियोजना के महाप्रबंधक सर्वश्री मनोरंजन परिदा, श्रीनाथ मारिसेठ्ठी, एजीएम एचआर मनोरंजन सारंगी, भास्कर गुप्ता सहित भागलपुर और गोड्डा जिलों के बड़ी संख्या में किसान एवं उद्यमी मौजूद थे। कुल मिलाकर, यह कार्यशाला बायोमास आधारित स्वच्छ ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी मंच सिद्ध हुई है।

# सख्ती : दो अधिकारियों पर कार्रवाई, एक का वेतन रूका

## डीएम की कड़ी कार्रवाई, तीन अधिकारी कर्मी घिरे शिकंजे में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों में पाई गई अनियमितताओं, लापरवाही और अवैध गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बागमती प्रमंडल, रुन्नीसैदपुर के निम्न वर्गीय लिपिक जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा के विरुद्ध गंभीर लापरवाही, आदेश उल्लंघन और भू-स्वामियों से अवैध राशि मांगने की शिकायतें प्रमाणित होने के बाद उनके निलंबन और विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को सूचित किया गया कि अर्जित भूमि के मुआवजा भुगतान के दौरान भू-स्वामियों से अवैध राशि मांगी जा रही है। इसके अतिरिक्त, पूर्व में भी कार्यपालक अभियंता बागमती प्रमंडल रून्नीसैदपुर द्वारा भी कुशवाहा के विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर अधीक्षण अभियंता बाढ़ नियंत्रण अंचल, सीतामढ़ी को भेजा गया था। शिवहर से सीतामढ़ी स्थानांतरण के बाद भी श्री कुशवाहा ने पुनर्वास से जुड़े महत्वपूर्ण अभिलेख उच्च अधिकारियों द्वारा कई बार स्मारित कराने के बावजूद नहीं सौंपे। यह न केवल उच्च अधिकारी के आदेश का उल्लंघन है बल्कि सरकारी सेवक आचार नियमावली के विपरीत आचरण माना गया। अधीक्षण अभियंता बाढ़ नियंत्रण अंचल सीतामढ़ी ने भी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग को उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की है। इन सभी बिंदुओं को गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग को लिपिक के निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है। इसी क्रम में नगर परिषद साहेबगंज के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी रंधीर लाल के विरुद्ध भी कड़े कदम उठाए गए हैं। जेम पोर्टल के माध्यम से स्ट्रीट लाइट, रिफ्यूज कंपैक्टर, हाई मास्ट लाइट टावर एवं सीसीटीवी कैमरों की खरीद में घोर अनियमितता एवं सरकारी राशि के गबन करने की शिकायत जिलाधिकारी को मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी और जिला भविष्य निधि पदाधिकारी की त्रिसदस्यीय कमेटी गठित कर जांच कराई। उपलब्ध अभिलेख और साक्ष्यों के आधार पर जांच टीम ने रंधीर लाल को वित्तीय अनियमितताओं का दोषी पाया। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा भेजी है।

**जिला नियोजन पदाधिकारी से स्पष्टीकरण, वेतन स्थगित**

जिला नियोजन पदाधिकारी मुजफ्फरपुर श्रीमती श्वेता वशिष्ठ के विरुद्ध भी कार्यालय संचालन में लापरवाही और अनुशासनहीनता की शिकायतें मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। अपर समाहर्ता राजस्व द्वारा 2 दिसंबर को पूर्वाह्न 10:40 बजे कार्यालय निरीक्षण के दौरान वे कार्यालय से अनुपस्थित पाई गईं। इससे पहले 21 नवंबर को भी एक महत्वपूर्ण पारिवाद मामले की सुनवाई के समय वे अनुपस्थित थीं, जिस पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। बार-बार मनमानी अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है तथा पूछा है कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध निलंबन एवं अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की जाए। जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने स्पष्ट कहा है कि सभी अधिकारी एवं कर्मी सरकारी दिशा-निर्देश और मानकों के अनुरूप पूर्ण जवाबदेही से कार्य करें। लापरवाही, अनुशासनहीनता और स्वेच्छा चारिता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल व कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पुलिस-पब्लिक रिलेशनशिप पर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में पुलिस-पब्लिक रिलेशनशिप विषय पर एक दिवसीय विस्तृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला विद्यालय प्रशासन एवं रिसियप थाना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के अन्य सदस्यों में पुलिस के प्रति विश्वास, सहयोग और सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजय कुमार द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। इसके पश्चात सभा के प्रारंभ में संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजय कुमार ने कहा कि पुलिस एवं जनता के बीच सुचारू संचार और पारस्परिक विश्वास किसी भी समाज की सुरक्षा एवं प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजय कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी पुलिस आपके द्वार के अंतर्गत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों को बताया कि आधुनिक समाज में पुलिस केवल कानून लागू करने वाला तंत्र ही नहीं है बल्कि नागरिकों की सुरक्षा, मार्गदर्शन एवं सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ भी है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस जन सहयोग से अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनती है। स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों ने विद्यालय में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। समापन सत्र में प्रभारी प्रधानाध्यापक निरंजय कुमार ने पुलिस विभाग का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार, एएसआई मुकेश कुमार, महिला पुलिस सुमन कुमारी पुलिस बल सुनील कुमार, रामाकांत कुमार, विद्यालय प्रशासन से शिवम कुमार, संजय कुमार मेहता, संतोष कुमार, हरिप्रपन शर्मा, बिक्रम कुमार, अजीत कुमार गौतम, रवि रंजन कुमार, कमल किशोर, धर्मेंद्र कुमार, जय नारायण सिंह, अरुण कुमार राय सहित मौजूद रहे।

# सीआईएसएफ जवान की पत्नी को लगी गोली

**बेगूसराय (नबिटा संवाददाता)।** रिफायनरी टाउनशिप इलाके में शुक्रवार देर रात सीआईएसएफ जवान टीके मिश्रा की 40 वर्षीय पत्नी रेखा देवी को संदिग्ध परिस्थिति में गोली लग गई। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, गोली उनके दाएँ हाथ में लगी है। घटना नगर थाना क्षेत्र के रिफायनरी टाउनशिप की है।इसे लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। शुरुआती बयान में पीड़िता के पति टीके मिश्रा ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहे थे, तभी अचानक छत की ओर से एक बदमाश ने गोली चला दी। जो उनकी पत्नी को जा लगी।पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की सच्चाई जल्द सामने लाई जाएगी। जांच तेजी से चल रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# परिवहन विभाग की जांच से हड़कंप

## 107 वाहनों से 11 लाख 85 हजार की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। शनिवार को मसौढ़ी में अपर जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक भाग निकले। इस दौरान बस स्टैंड में अफरा तफरी का माहौल रहा। कई टेंपो चालक अपनी गाड़ी लेकर भागते दिखे। जांच के दौरान 107 वाहनों से कागजात नहीं होने के कारण 11 लाख 85 हजार फाइन वसूला गया। जबकि तीन वाहनों के पास परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और फिटनेस से संबंधित पेपर नहीं पाए गए। जिसके बाद ऐडीटीओ ने उन्हें सीज कर मसौढ़ी थाना को सौंप दिया। इस संबंध में अपर जिला परिवहन पदाधिकारी पिंकू कुमार ने बताया कि सड़कों पर बिना उचित कागजात लिए चलने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके तहत मसौढ़ी में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एमवी एक्ट का उल्लंघन कर सड़क पर वाहन चलाने वालों पर आवश्यक कागजात में त्रुटि पाए जाने पर ऑनलाइन चालान काटा गया। जांच अभियान के दौरान मसौढी कर्पूरी चौक स्टैंड एवं पूर्वी बस स्टैंड में परमिट और लाइसेंस की जांच के लिए बसों का निरीक्षण किया, जिसमें कई बसों के वैध दस्तावेज़ (परमिट, बीमा, फिटनेस, पीयूसी) नहीं मिले और बकाया टैक्स भी पाया गया, जिसके बाद कुछ बसों को जब्त किया गया और चालान काटे गए, जिससे परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई परिवहन व्यवस्था में सुधार, यात्रियों की सुरक्षा और राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है, जिसमें मसौढी जैसे शहरों में ओवरलोड/अनधिकृत रूट पर चलने वाले वाहनों पर भी सख्ती की जा रही दस्तावेज़ न होने या टैक्स बकाया होने पर बसें जब्त की गईं और भारी जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण यानी पीयूसी न होने पर भी कार्रवाई की गई और चालान काटे गए।

# मसौढ़ी में बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके विचारों पर चलने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर विचार मंच दाउदपुर की ओर से बाबा साहेब डा0भीमराव अम्बेडकर की 69वीं महा परिनिर्वाण दिवस ज्ञान कुटीर के बच्चो के बीच भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढते हुए कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया जिसकी मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी देवी, सीआरपीएफ, सब इंस्पेक्टर विजय राम और वार्ड सदस्या निलम देवी समाजसेवी नवल भारती पिन्टु कुमार आदी शामिल रहे। संयोजक-धर्मेन्द्र कुमार रंगकर्मी ने कहा की डॉ. आंबेडकर के जीवन दर्शन, सामाजिक न्याय की उनकी परिकल्पना और भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने एक ऐसा संविधान दिया जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित है। महापरिनिर्वाण दिवस केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं है। यह बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराने का अवसर है। उनकी शिक्षाएं, सामाजिक समरसता, आर्थिक सशक्तिकरण और वैज्ञानिक सोच आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। मौके पर सुजीत कुमार, राज कुमार, सिकन्दर कुमार, रागिनी भारती, मनीष कुमार, राजेश भारती, नीतिश कुमार आदी शामिल रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आर्थिक तरक्की और ...

मध्यम उद्यम केंद्र स्थापित करना शामिल है। इसके साथ ही स्थानीय उत्पादों के निर्यात एवं बाजार की सुविधा उपलब्ध कराना प्रमुख है। राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत कुल 44,073 उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि दी गयी है। इससे लोग अपना खुद का उद्योग/कारोबार कर रहे हैं और बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। बिहार को पूर्वी भारत का नया टेक हब बनाने के उद्देश्य से डिफेंस कारिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, मेगा टेक सिटी एवं फिनटेक सिटी की स्थापना हेतु कार्य योजना के निर्माण तथा उसके कार्यान्वयन के सतत अनुश्रवण के लिए शीर्ष समिति का गठन किया गया है। साथ ही बिहार को एक 'वैश्विक-ठंबा एवं 'ग्लोबल वर्क प्लेस के रूप में विकसित एवं स्थापित करने हेतु कार्य योजना बनाकर उसके कार्यान्वयन के लिए सतत अनुश्रवण करने के लिए एक शीर्ष समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा प्रतिभाशाली युवाओं एवं उद्यमियों को राज्य अंतर्गत स्टार्टअप एवं अन्य न्यू एज इकोनॉमी प्रक्षेत्र के रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को विस्तारित करने हेतु कार्य योजना बनाकर उसके कार्यान्वयन एवं सतत अनुश्रवण की व्यवस्था की गई है। गयाजी के डोभी में लगभग 1,700 एकड़ में फैले इंटीग्रेटेट मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर की स्थापना प्रक्रिया को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है और जल्द ही उसका शुभारंभ भी कर दिया जाएगा। राज्य के 29 जिलों के 14,036 एकड़ भूमि पर फैले इंटीग्रेटेट मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर माडल की तर्ज पर 31 नए अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे जिसमें 10 सेक्टर-विशेष पार्क जैसे कि टेक्सटाइल पार्क, फार्मा पार्क आदि शामिल होंगे। राज्य में तीव्र औद्योगिक विकास पर कुल 26,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बिहार में अब उद्योगों की स्थापना के लिये सभी गुणवत्तापूर्ण आधारभूत संरचनायें उपलब्ध हैं, जैसे अच्छे सड़क मार्ग, रेलवे एवं हवाई मार्ग से अच्छी सम्पर्कता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति। राज्य में कानून का राज स्थापित है एवं विधि व्यवस्था की स्थिति काफी बेहतर है। साथ ही हमलोग यह भी सुनिश्चित करेंगे कि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए किसी मजबूरी में राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के कार्यों से संबंधित एक वीडियो फिल्म प्रस्तुत की गयी। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, उद्योग विभाग के निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता एवं उद्योग विभाग (तकनीकी विकास) के निदेशक शेखर आनंद उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण के बाद घर लौटने पर दो आर्मी जवानों का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी के सोनकुकरा गांव में शनिवार को बैंड बाजे के साथ आर्मी के दो जवानों का गर्म जोशी के साथ सबसे पहले महिलाओं ने उसे आरती उतारी उसके बाद फूल माला से स्वागत किया, दरअसल मसौढ़ी के दो नौजवान युवकों का चयन अग्निवीर के तहत आर्मी मे हुआ है। जिसमें मसूड़े के दाउदपुर मोहल्ले के विनोद मालाकार का पुत्र रोहित कुमार जो जम्मू कश्मीर में ज्वाइन किया है। वही भलुआ गांव के सचिन कुमार पिता यदुनंदन दास का भी जम्मू में ज्वाइन किया है जो प्रशिक्षण के बाद मसौढ़ी लौटा है और सोनकुकरा अपने चाची के घर आशीर्वाद लेने पहुंचा था, जंहा पूरे गांव के लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ ढोल, नगाड़े, फूल-माला पहनाकर और तिलक लगाकर उसका स्वागत किया। गांव के लोगों में इतनी खुशी थी कि हर ओर लोग नाच गान कर रहे थे। इस मौके पर गांव के श्रवण मालाकार ने बताया कि जिसे देश की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसलिये आज पूरा गांव जश्न मना रहा है, और यह महसूस कर रहा है कि देश सेवा हेतु हमारा गांव भी बॉर्डर पर तैनात है। मौके पर चंदन मालाकार, मंटू मालाकार, रानी देवी, पायल देवी आदि ने कहा की हम लोगों के लिए गौरव की बात है कि हमारे परिवार से देश सेवा के लिए हमारे दो बेटे तैयार हुए हैं। जो देश की सीमा पर भारत भूमि की रक्षा करेगा मुझे अपने बेटों पर नाज है।

# मधुमक्खी काटने से एक की मौत, डेढ़ दर्जन घायल

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी के बिरंचि मोड से ठीक पहले एक निजी अस्पताल के पास शनिवार की दोपहर उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया जब पेड़ में लगे हुए मधुमक्खी का एक बड़ा सा छता नीचे गिर पड़ा, नीचे गिरते ही मधुमक्खी के छते से निकले हुए सैकड़ो मधुमक्खियां इधर-उधर रास्ते में लोगों को काटने लगे, जिसे देख थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया। मधुमक्खियों के झुंड के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जिसे आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और कहा पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान रजनीश कुमार पिता योगेश्वर सिंह रामपुर बताया जाता है वहीं करीब इस घटना में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए हैं स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक रजनीश मसौढ़ी बाजार से घर लौट रहा था उसी वक्त उसके ऊपर मधुमक्खी का छत्ता गिर पड़ा और भारी संख्या में मधुमक्खियां का डंक से उसकी मौत हो गई। वही एक युवक सौरभ कुमार पिता राजकुमार प्रसाद रामपुर को भी गंभीर रूप में जख्मी होने के कारण अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शराब का सेवन व बेचने में 15 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के लिए उत्पाद विभाग ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। इसी के मद्देनजर शराब सेवन में पांच एवं बिक्री मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस दौरान 706.30 लीटर देसी एवं 1.44 लीटर विदेशी शराब के साथ ही 10100 किलो जावा महुआ एवं एक बाइक को जब्त है। इसके अतिरिक्त जम्होर थाना क्षेत्र के शंकरपुर चेक पोस्ट से दो लोगों को 18.30 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं ओबरा थाना अन्तर्गत लबदना सोन दियारा में ड्रोन के माध्यम से छापेमारी के क्रम में भारी मात्रा में अवैध चुलाई शराब और जावा महुआ जब्त करते हुए उसे विनष्ट किया करने के साथ कई शराब भठियों को ध्वस्त किया है। यह जानकारी उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद ने दी।

# पुनपुन एसएमडी कॉलेज में इंटर्नशिप रजिस्ट्रेशन फी को लेकर हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पुनपुन स्थित एसएमडी कॉलेज में शनिवार की दोपहर उस वक्त जमकर छात्र-छात्राओं ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया जब कॉलेज प्रशासन के द्वारा सेमेस्टर 5 के इंटर्नशिप में 500 शुल्क की मांग की जिसको लेकर छात्र-छात्राओं ने इसका विरोध जताया दरअसल ये सभी छात्र स्नातक सेशन 2025-27 के सेमेस्टर 5 के विद्यार्थी हैं। विरोध कर रहे छात्र-छात्राओं में शिवम कुमार, साहिल कुमार, मनीष कुमार, रॉकी कुमार, पूजा कुमारी, रानी कुमारी, रूपम कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रिया कुमारी आदि ने कहा कि जिस चीज के लिए पैसा लिया जा रहा है उसका हमें रसीद भी दें लेकिन कॉलेज प्रशासन के द्वारा नहीं दिया जा रहा था, इसके अलावा हम सभी छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया है गाली गलौज तक की गई है जिसको लेकर छात्रों ने घंटो हो हंगामा और बवाल मचाया। हंगामा की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंची जहां छात्र-छात्राओं द्वारा लिखित शिकायत देने की बात कही जहां सभी छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर युक्त शिकायत पुलिस को सौंपी है। वह इस पूरे मामले में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मधुरेंद्र के मोबाइल पर संपर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हो पाई।

# संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन

**पटना (नबिटा संवाददाता)।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पाटलिपुत्र एवं राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पटना के संयुक्त तत्त्वावधान में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अंतर्गत डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयंती पर आयोजित संस्कृत साधक सम्मान समारोह की पूर्व संध्या पर एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के महासचिव एवं अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ. मिथिलेश झा, सुश्री सुझाता घोष, उग्र नारायण झा, डॉ. लीना चौहान, डॉ. सुशील कुमार, पिन्टू कुमार, सुधांशु रंजन, विमलेश पांडेय, रामनाथ पांडेय, डॉ. संजय कुमार, उत्तम कुमार, श्रद्धा कुमारी, शशिकांत तिवारी आदि अनेक सदस्य उपस्थित रहे। आज राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, काजीपुर पटना में डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र जी की स्मृति में संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया।

# औरंगाबाद में भाजपा की चुनावी विजय के नायकों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद भाजपा जिला कार्यालय परिसर में शनिवार को कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह भव्य और विशाल समारोह हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली प्रचंड विजय के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा सहित औरंगाबाद विधानसभा के प्रमुख भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य उद्देश्य उन कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान समर्पण, परिश्रम और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय और पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के योगदान को भाजपा की वास्तविक शक्ति बताते हुए सराहना की। औरंगाबाद के नवनिर्वाचित विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत को कार्यकर्ताओं की अटूट निष्ठा का परिणाम बताते हुए उन्हें देवतुल्य बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और सम्मान स्वरूप अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान संबोधन में नेताओं ने कहा कि भाजपा की विचारधारा में कार्यकर्ता सिर्फ सदस्य नहीं बल्कि संगठन की आत्मा हैं, और यही भावना पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और अतिथियों के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

# मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी करेंगें विकास : अरुण मांझी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा से नव निर्वाचित विधायक अरुण मांझी का धनरूआ के खडीहा के बाल्मीकि नगर में शनिवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जहां भव्य रूप से पूरे गांव के लोगों ने बैंड बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया और अभिनंदन किया। इस मौके पर संबोधन करते हुए नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी ने कहा कि हम विधायक बनकर राज करने नहीं बल्कि आपका भाई और बेटा बनकर सेवा करने आए हैं और हमारा वादा है कि मसौढ़ी विधानसभा का चौमुखी विकास करेंगे। जिन्होंने वोट दिया है नही दिया है उन सब को लिए हम काम करेंगे। वर्ष 2010 में भी हम मसौढी विधानसभा से विधायक रहे हैं और काफी काम किए हैं इस बार भी आप सबों ने हमें मौका दिया है हम निराश नहीं करेंगे जी जान लगाकर इस क्षेत्र की सेवा करेंगें इस मौके पर कई गण्यमान्य भी शामिल रहे हैं।

# तहजीब व अदब सिखाने वाली भाषा है उर्दू : डीएम

## उर्दू भाषी विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन नगर भवन औरंगाबाद में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात पूर्व जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली ने उर्दू भाषा एवं विभाग के कार्यक्रमों पर संक्षेप में प्रकाश डाला कहा कि उर्दू लश्करियों के जां से निकली शीरीं जबान है। उर्दू तहजीब-ए-गंग व जमन की तर्जुमान है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि उर्दू भाषा मुल्क की हर दिल अजीज और तहजीब व अदब सिखाने वाली जुबान है। उन्होंने उर्दू भाषी अवाम से अपील की कि उर्दू भाषा का प्रचार-प्रसार करें, पंचायत से लेकर जिला स्तर के दफ्तरों में उर्दू में भी आवेदन दें और दैनिक उर्दू समाचार पत्र व



मैगजीन का क्रय कर आर्थिक मदद करें। संबोधनोपरांत उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें मैट्रिक, इंटर व स्नातक एवं समकक्ष स्तर के प्रतिभगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मूल्यांकर्ता के रूप में डॉ मो. जुबैर आलम, डॉ मो. राशिद, एवं सैयद मो. दायम, उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में औरंगाबाद जिला के ख्याति प्राप्त शायर जनाब अयाज आलम सिद्दीक (निजामत), दानिश मामून व अन्य शामिल हुए। अंत में मो. गजाली द्वारा विभागीय निदेशानुसार वाद विवाद प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग समूह से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राशि एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। आज आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में मैट्रिक में तूबा फातमा, इंटर में मुबश्शिर सिद्दीकी एवं स्नातक में महताब आलम, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित व सम्मानित किया गया।

## हत्या सहित अन्य मामलों में 48 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 48 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 22 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में तीन, एसटी-एसी एक्ट में एक, शराब कांड में 15 एवं अन्य शीर्ष कांड में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 165.90 लीटर देसी शराब, 2820 रूपये नकद, तीन मोबाइल, चार बाइक, एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 860 वाहनों की जांच की गई जिसमें 57500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# अवैध निर्माण के खिलाफ फेसर बाजार बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप में फ़ेसर बाजार को स्थानीय दुकानदारों ने शनिवार से अनिश्चित कालीन के लिए बंद कर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी को हटाने की मांग की है। इससे माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थानाध्यक्ष और सीओ मिलकर सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को संरक्षण दे रहे हैं। उनका कहना है कि यह जमीन अस्पताल निर्माण के लिए चिह्नित है। पहले भी इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अवैध निर्माण नहीं रोका गया जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता गया। इसी नाराजगी का असर बुधवार को देखने को मिला था जब लोगों ने फ़ेसर-पचरुखिया पथ को जाम कर प्रदर्शन किया था। हालांकि कुछ देर बाद जाम हटा लिया गया था लेकिन उसके बाद पुलिस ने कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी। इससे लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। इसी आक्रोश के बीच शनिवार को ग्रामीणों ने बाजार बंद करा दिया। मुखिया प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना में खुलेआम पैसे की मांग की जाती है। वर्षा कुमारी के पदभार संभालने के बाद थाना परिसर में भ्रष्टाचार बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि फ़ेसर ठाकुरबाड़ी मोड़ पर सड़क जाम मामले में पुलिस ने 20 लोगों को नामजद और कई अज्ञात लोगों को अभियुक्त बनाया गया है जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है उनमें फ़ेसर निवासी रवि गुप्ता, जयशंकर कुमार गुप्ता, निराला यादव, राकेश कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, पंकज कुमार उर्फ लुटन यादव, भोला यादव, रामनरेश यादव, सतेन्द्र यादव, संजय प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, मृत्युंजय यादव, रामजी यादव, विवेक कुमार, रंजन गुप्ता, सुमित कुमार, अमित कुमार, निधि यादव, गोलू साव, दीपक कुमार सहित अन्य शामिल है। इस संबध में अंचलाधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर उन्होंने फेसर जाकर वस्तु स्तिथि का जायजा लिया। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इस दौरान दुकानदारों से दुकान खोलने की आग्रह किया। इधर सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि दुकानदार अपनी दुकानों को बंद और खुला रखने के लिए स्वतंत्र हैं। जहां तक थानाध्यक्ष पर आरोप का सवाल है तो दुकानदारों व स्थानीय लोगों को वरीय अधिकारी से मामले में शिकायत करना चाहिए।

# प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान : त्रिविक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रक्तदान करना महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है। इससे किसी जरूरतमंद को जीवनदान दिया जा सकता है। प्रत्येक वैसे योग्य स्वस्थ महिला व पुरुष को नियमित रक्तदान करना चाहिए जो इसके लिए उपयुक्त हैं। उक्त बातें स्थानीय विधायक एवं भाजपा के प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह ने एचडीएफसी बैंक की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से रक्तदान करते हैं। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक की ओर से पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह को सम्मानित किया गया। मौके पर गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, भाजपा के कई कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

## मासिक जांच परीक्षा में 40 छात्रों ने लिया भाग

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में एसएससी एवं बीपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए मासिक जांच परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना, उनकी प्रतिभाओं को निखारना तथा उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना था। प्रतियोगिता परीक्षा में सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, गणितीय क्षमता, भाषा कौशल एवं करंट अफ़ेयर्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। प्रश्नपत्र विशेषज्ञ शिक्षकों की देखरेख में तैयार किए गए थे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। प्राक परिक्षा प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक मोहम्मद मसउद आलम ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए डॉ भीम राव अंबेडकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर समाहरणालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने डॉ आंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित की गयी। डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि बाबासाहब ने जीवनभर ऐसे समाज की स्थापना की बात की जहां सभी के साथ समानता का व्यवहार हो। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण)



जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा), सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, वरीय कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी माल्यार्पण कर बाबा साहब के योगदान का स्मरण किया गया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के घोरहत मोड़ के पास शनिवार को देर शाम अज्ञात वाहन से कुचलकर 40 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के पासवान मोहल्ला निवासी परशुराम पासवान के पुत्र प्रमोद पासवान के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशितों ने सड़क जाम कर मुआवजा तथा आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना पर पहुंचे बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन, थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने आक्रोशितों को समझा बुझाकर शांत कराया और सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले मुआवजे का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# फार्मेसी का कोर्स कर रहे छात्रों को मिले स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ : विकास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के निर्वाचित सदस्य विकास कुमार सिंह ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पटना के नोडल पदाधिकारी को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि डी फार्मा से पास होने के उपरान्त स्टूडेंट 3 वर्ष का बैचलर इन फार्मेसी का कोर्स करते हैं। आपके द्वारा बारहवीं साइंस से पास आउट स्टूडेंटस को बी फार्मा करने पर स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ मिलता है जबकि बारहवीं साइंस से पास होने के उपरांत 2 साल के डी फार्मा कोर्स पास कर डायरेक्ट बी फार्म के सेकेंड ईयर में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट को अभी तक स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ नहीं मिलता है जिसके कारण आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं और ग्रेजुएट भी नहीं हो पा रहे हैं। बी



फार्मा का कोर्स करने के उपरांत बहुत विकल्प नौकरी और रोजगार का खुलता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट जो आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं और अपना भविष्य उज्वल करना चाहते हैं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ कर लाभ दिया जाए। वहीं डी फार्मा करने वाले सभी छात्रों को भी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का सुविधा प्रदान किया जाए जिससे गरीब परिवार को कम खर्च में रोजगार मिलने में आसानी हो।


सन्देश





संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

हम प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाते हैं। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन दिलाते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी, बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" (एकीकृत निधि) में योगदान देकर, उन वीर सैनिकों जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें। इच्छुक संस्थान/व्यक्ति "AMALGAMATED FUND FOR WELFARE OF EX-SERVICEMEN" payable at Ranchi पर अपना दान दे सकते हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखण्ड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सभी की गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

जय हिन्द!



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरता पूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या नि:शक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमसब का नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है, जिससे वीरांगनाओं, विधवाओं, नि:शक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस निधि में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं झारखण्ड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, नि:शक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" में उदारतापूर्वक दान दें। इच्छुक संस्थान/व्यक्ति "AMALGAMATED FUND FOR WELFARE OF EX-SERVICEMEN" payable at Ranchi पर अपना दान दे सकते हैं।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल ऊंचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

जोहार!

PR 367757 (Home) 25-26

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार